*
ओड़िशा संस्करण

09 दिसंबर, 2023
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, द्वादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 49

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही



बढ़ती कीमतों के चलते केंद्र सरकार ने प्याज के निर्यात पर लगाया प्रतिबंध




## आइटी रेड : जनता से जो लूटा, उसकी पाई-पाई लौटानी होगी : मोदी

# धीरज साहू=300 करोड़+गिनती जारी

- नोटो की गिनती में दो दिन और लगेंगे
- नकदी 300 करोड़ से अधिक पहुंचने की उम्मीद
- 157 बैग में नोट भर भेजे गये बैंक
- एक बैग में चार करोड़ रुपये

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/भुवनेश्वर।** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के 10 ठिकानों पर बुधवार से जारी छापेमारी में आयकर विभाग ने अब तक 300 करोड़ से अधिक नकदी जब्त की है। जब्त नोटों की संख्या इतनी ज्यादा है कि उन्हें गिनने के लिए मंगवायी गयी मशीनें भी खराब हो गयीं। सूत्रों के मुताबिक नोट आलमीरा, बैग आदि में भरे हुए थे। अब तक 157 बैग बैंक भेजे गये गये हैं। एक बैग में लगभग 4 करोड़ रुपये हैं। नोटों की गिनती शुक्रवार को भी जारी रही। नोटों को गिनने में अभी दो दिन का और समय लगेगा। इसके बाद आधिकारिक रूप से जब्त नकदी की जानकारी मिलेगी। ये छापे झारखंड, ओड़िशा और पश्चिम बंगाल में मारे गये हैं। इस छापे को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा है कि जनता से जो लूटा, उसकी पाई-पाई लौटानी होगी।


**अब तक की सबसे बड़ी रेड साबित हो सकती है :** सीबीआइ, इडी, आयकर विभाग सहित कई जांच एजेंसियां राज्य में मिल कर काम कर रही हैं। अब तक मिली जानकारी के अनुसार धीरज साहू के यहां कई बड़ी अलमारियां मिली हैं, जिनमें 300 करोड़ से ज्यादा की नकदी मिली है। इनकी गिनती अब भी जारी है। नकदी का सही आंकड़ा गिनती के बाद ही सार्वजनिक किया जायेगा। हैदराबाद के डीजी इनवेस्टिगेशन संजय बहादुर खुद ओड़िशा पहुंचे हैं। ओड़िशा के कई बड़े अधिकारी कैंप कर रहे हैं।

**500, 200 और 100 के हैं बंडल :** विभागीय अधिकारियों के अनुसार, इस राशि के देश में कानूनी तरीके से जब्त सबसे बड़ी नकदी होने का अनुमान लगाया जा रहा है। 500, 200 और 100 रुपये के नोटों की गड्डियां नौ अलमारियों में भरी थीं। इनकम टैक्स की झारखंड-ओड़िशा-बंगाल में अब तक की यह सबसे बड़ी छापेमारी है। बलदेव साहू एंड ग्रुप ऑफ कंपनीज पश्चिमी ओड़िशा की सबसे बड़ी देसी शराब निर्माता और विक्रेता कंपनियों में से एक है। आयकर विभाग की 40 सदस्यीय टीम ने बुधवार की सुबह 6.30 बजे से ओड़िशा के बौध, बोलांगीर, रायगढ़ा और संबलपुर के अलावा झारखंड के रांची-लोहरदगा और कोलकाता में एकसाथ छापेमारी शुरू की थी। कार्रवाई अभी जारी है।

**साहू ग्रुप में सांसद के परिजन भी शामिल :** बलदेव साहू एंड ग्रुप ऑफ कंपनीज में धीरज साहू के अलावा उनके परिवार के राजकिशोर साहू, स्वराज साहू और परिवार के अन्य सदस्य भी शामिल हैं। धीरज साहू तीसरी बार राज्यसभा सांसद बने हैं। उन्होंने झारखंड की चतरा सीट से दो बार किस्मत आजमायी, लेकिन सफल नहीं रहे। ओड़िशा का कारोबार उनके भाई संजय साहू और दीपक साहू संभालते हैं। छापेमारी के दौरान रांची, लोहरदगा आवास पर परिवार का कोई सदस्य आयकर अफसरों को नहीं मिला।

**40 सालों से कारोबार कर रहा साहू परिवार :** धीरज साहू के रिश्तेदारों के नाम पर ओड़िशा में शराब का बड़ा कारोबार है। बलदेव साहू एंड ग्रुप ऑफ कंपनीज मूल रूप से झारखंड के लोहरदगा की है। इस कंपनी ने 40 साल पहले ओड़िशा में देसी शराब बनानी शुरू की थी। कंपनी की बौद्ध डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड (बीडीपीएल) की साझेदारी फर्म है। इसी कंपनी की बलदेव साहू इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड (फ्लाई ऐश ब्रिक्स), क्वालिटी बॉटलर्स प्राइवेट लिमिटेड और किशोर प्रसाद विजय प्रसाद बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड (आइएमएफएल ब्रांडों की बिक्री और विपणन) भी है।







### कंपनी के अकाउंट फ्रीज, इडी की एंट्री संभव

इस छापेमारी के बाद आयकर विभाग ने कंपनी के कई खातों को फ्रीज कर दिया है। इन खातों से फिलहाल लेन-देन नहीं हो पायेगा। आयकर विभाग के अनुसार आय का स्त्रोत और इतनी बड़ी संख्या में नकद जमा करने से संबंधित जानकारी कंपनी संचालकों से मांगी जायेगी। सूत्रों के अनुसार बड़ी रकम को देखते हुए प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की जांच में एंट्री हो सकती है। हालांकि, अभी आयकर विभाग की ओर से इस मामले में आधिकारिक जानकारी नहीं दी गयी है।

### पाई-पाई लौटानी पड़ेगी, यह मोदी की गारंटी है: नरेंद्र मोदी



नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। झारखंड में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर आयकर छापे को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर टिप्पणी की है। उन्होंने लिखा कि 'देशवासी इन नोटों के ढेर को देखे और फिर इनके नेताओं की ईमानदारी के भाषणों को सुने। जनता से जो लूटा है, उसकी पाई-पाई लौटानी पड़ेगी, यह मोदी की गारंटी है।'

## न्यूज रील्स

### लालदुहोमा ने मिजोरम के सीएम पद की शपथ ली

आइजोल। मिजोरम में विधानसभा चुनाव जीतने के बाद जोरम पीपुल्स मूवमेंट के नेता लालदुहोमा राज्य के नये मुख्यमंत्री बन गये हैं। लालदुहोमा ने शुक्रवार को आइजोल के राजभवन में राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति से सीएम पद की शपथ ली। इसके अलावा दो अन्यसपदंगा और वनलालहलाना ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली।

### सबसे बड़ा आइफोन असेंबलिंग प्लांट लगायेगा टाटा ग्रुप

नयी दिल्ली। टाटा ग्रुप भारत का सबसे बड़ा आइफोन असेंबली प्लांट लगाने की योजना बना रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, टाटा ग्रुप तमिलनाडु के होसुर में ये फैक्ट्री लगाना चाहता है। होसुर, बेंगलुरु से महज 40 किलोमीटर की दूरी पर है। इससे 50 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। इसे 12 से 18 महीने में चालू करने का लक्ष्य है। हालांकि, एपल की ओर से कोई बयान सामने नहीं आया है।

### जूनियर महमूद का मुंबई में निधन

मुंबई। जूनियर महमूद के नाम से मशहूर बॉलीवुड एक्टर नईम सैय्यद का मुंबई में निधन हो गया। वह पेट के कैंसर से पीड़ित थे और पिछले कुछ दिनों से उनकी तबीयत ठीक नहीं थी। महमूद के निधन की पुष्टि उनके एक फैमिली फ्रेंड ने की। जूनियर महमूद ने कटी पतंग, मेरा नाम जोकर, परवरिश और दो और दो पांच सहित कई हिट फिल्मों में काम किया। अंतिम यात्रा में जॉनी लीवर, आदित्य पंचोली, राकेश बेदी, रजा मुराद, सुदेश भोसले समेत कई अभिनेता शमिल हुए।

### मोदी को डराया या धमकाया नहीं जा सकता: पुतिन

रूस। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी खुद रूस और भारत के रिश्तों की गारंटी हैं। उन्हें राष्ट्रीय हितों के विपरीत फैसले लेने के लिए डराया, धमकाया या मजबूर नहीं किया जा सकता।

## गोड्डा में 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' आयोजित

# झारखंड की जड़ मजबूत कर रही है सरकार : हेमंत सोरेन

- 441.06 करोड़ रुपये की 217 योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास
- 181303 लाभुकों के बीच 396 करोड़ रुपये की बांटी परिसंपत्ति



आजाद सिपाही संवाददाता

**गोड्डा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार जो योजनाएं बना रही है, वे आपके माध्यम से तैयार होती हैं। 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम के माध्यम से प्राप्त हुए आवेदनों के आकलन के बाद ही योजनाएं तैयार की जाती है। झारखंड की आत्मा गांव में बसती है। जब तक गांव मजबूत नहीं होगा, तब तक राज्य मजबूत नहीं होगा। झारखंड की जड़ कैसे मजबूत हो, इस पर हमारी सरकार गंभीरता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को गोड्डा में 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम में बोल रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से राज्य सरकार गांव-गांव, पंचायत-पंचायत पहुंच कर लोगों को उनका हक-अधिकार देने का कार्य कर रही है। पिछले दो साल में लाखों आवेदन हमें शिविर के माध्यम से प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए चरणबद्ध तरीके से सूची तैयार की गयी। उसका परिणाम यह हुआ कि राज्य में सर्वजन पेंशन योजना लागू की। सर्वजन पेंशन योजना लागू करने वाला झारखंड देश का पहला राज्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने इन सभी जरूरतमंद वर्ग को दलालों के चक्कर में फंसने को मजबूर कर दिया था। अब सामाजिक सुरक्षा के दायरे में आने वाले पात्र लोगों को पेंशन के लिए विभिन्न कार्यालयों का चक्कर नहीं काटना पड़ेगा। इसी तरह केंद्र ने गरीबों को घर नहीं दिया। हमारी सरकार ने अपने दम पर आठ लाख गरीब परिवारों को आवास देने का लक्ष्य तय किया है। इस निमित्त अबुआ आवास योजना लागू की गयी है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी सरकार द्वारा जनहित में शुरू की गयी योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने युवाओं के रोजगार, सरकारी और निजी क्षेत्र में नौकरी, स्वरोजगार के लिए राशि, बच्चों की शिक्षा, स्कॉलशिप, ग्रामीण क्षेत्र में सड़क निर्माण, खेल को बढ़ावा और खिलाड़ियों को सम्मान, राज्य के ग्रामीणों के लिए मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हम लोग जो कहते हैं, उसे करके दिखाते हैं।


मुख्यमंत्री ने कहा कि गोड्डा जिला अंतर्गत करीब 800 किमी सड़क का निर्माण हो रहा है। मुझे सूचना मिली कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता से समझौता किया जा रहा है। जिला प्रशासन इस पर नजर रखे। खराब कार्य करनेवाले संवेदकों को ब्लैकलिस्टेड करे।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 441.06 करोड़ रुपये की 217 योजना की सौगात गोड्डा वासियों को दी। विभिन्न योजनाओं के 181303 लाभुकों को सशक्त और स्वावलंबी बनाने के लिए उनके बीच लगभग 300 करोड़ 96 लाख रुपये की परिसंपत्ति बांटी। कार्यक्रम में मंत्री आलमगीर आलम और सत्यानंद भोक्ता, सांसद विजय हांसदा, विधायक प्रदीप यादव और दीपिका पांडेय सिंह आदि मौजूद थे।

## महुआ मोइत्रा की लोकसभा सदस्यता खत्म

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** कैश-फॉर-क्वेरी मामले में घिरीं टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की संसद सदस्यता खत्म हो गयी है। एथिक्स कमेटी की रिपोर्ट के बाद उनके निष्कासन का प्रस्ताव पेश हुआ। इसके बाद वोटिंग हुई। हालांकि महुआ मोइत्रा को निष्कासित करने के लिए सदन में वोटिंग शुरू होते ही विपक्ष ने बॉयकॉट कर दिया। वोटिंग के बाद लोकसभा स्पीकर ने महुआ मोइत्रा के खिलाफ निष्कासन प्रस्ताव पास कर दिया। इसके बाद लोकसभा को 11 दिसंबर तक के लिए स्थगित कर दिया गया। लोकसभा से निष्कासन के बाद महुआ ने कहा कि लोकसभा की एथिक्स कमेटी ने मुझे झुकाने के लिए बनायी गयी अपनी रिपोर्ट में हर नियम तोड़ दिये। इससे पहले भी चर्चा के दौरान लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने महुआ मोइत्रा को सदन में बोलने की इजाजत नहीं दी थी। उन्होंने कहा था कि उन्हें पैनल मीटिंग में बोलने का मौका मिला था। गौरतलब है कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने महुआ मोइत्रा पर कैश फॉर क्वेरी आरोप लगाते हुए, लोकसभा से जांच की मांग की थी। इसके बाद 8 दिसंबर को एथिक्स कमेटी ने जांच रिपोर्ट लोकसभा में पेश की थी।




# भाजपा ने राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में पर्यवेक्षक नियुक्त किये

- तीनों राज्यों के मुख्यमंत्री का जल्द होगा चयन

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/जयपुर/रायपुर।** भाजपा ने तीन राज्यों राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में जबरदस्त जीत हासिल की है। भाजपा बहुमत में है और अब सरकार बनाने की कवायद तेज हो गयी है। भाजपा ने तीनों राज्यों में मुख्यमंत्री चयन के लिए पर्यवेक्षक नियुक्ति कर दिये हैं।





**राजस्थान:** भाजपा ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सरोज पांडे और विनोद तावडे को राजस्थान के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। ये पर्यवेक्षक राजस्थान को लेकर विधायकों से रायशुमारी कर सकते हैं। माना जा रहा है कि 10 या 11 दिसंबर को विधायक दल की बैठक हो सकती है। वहीं, 15 दिसंबर तक राजस्थान के नये मुख्यमंत्री की शपथ हो सकती है, क्योंकि 16 दिसंबर से मलमास है।

**मध्यप्रदेश:** पार्टी ने मुख्यमंत्री चयन के लिए विधायकों से रायशुमारी करने के लिए शुक्रवार को मध्यप्रदेश के लिए तीन ऑब्जर्वर नियुक्त कर दिये हैं। इनमें हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ के लक्ष्मण और पार्टी की राष्ट्रीय सचिव आशा लकड़ा शामिल हैं। पार्टी नये ओबीसी चेहरे पर विचार कर रही है। पार्टी ने 11 दिसंबर को विधायक दल की बैठक बुलायी है।

**छत्तीसगढ़:** छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री के नाम को लेकर भाजपा में मंथन का दौर जारी है। भाजपा ने इसके लिए तीन पर्यवेक्षकों को नियुक्ति किया है। इनमें केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सवार्नंद सोनोवाल और पार्टी महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम शामिल हैं। ये शनिवार को रायपुर पहुंचेंगे। इसके बाद प्रदेश प्रभारी ओम माथुर और नितिन नबीन के साथ विधायकों से रायशुमारी करेंगे। विधायक दल की बैठक में सीएम के नाम का ऐलान होगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 58,400 रु./10 ग्राम
चांदी 75,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 09 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in


# बहुमत के बाद भी तीन राज्यों के सीएम के नाम पर सस्पेंस क्यों!

## ■ क्या भारी भरकम चेहरों को लेकर हो रही परेशानी या कुछ और

## ■ छत्तीसगढ़, मप्र और राजस्थान में सामने आ रहे कई दावेदार

आजाद सिपाही विशेष

हिंदी पट्टी के तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत हासिल करने के बाद संभवतः ऐसा पहली बार हो रहा है, जब भाजपा को इन राज्यों में मुख्यमंत्री का नाम तय करने में इतना मंथन करना पड़ रहा है। पहले भी राज्यों में मुख्यमंत्री का नाम तय करने में पार्टी ने समय लिया है, लेकिन इस बार एक के बाद एक मीटिंग, प्रदेश नेताओं को बार-बार तलब करना और मीडिया के सामने चुप्पी समेत कई ऐसी चीजें देखने को मिल रही हैं, जो पहले नहीं देखी गयीं। भाजपा के पुराने और समर्पित कार्यकर्ताओं के लिए ही नहीं, बल्कि राजनीतिक विश्लेषकों के लिए भी यह अप्रत्याशित है। भाजपा को कैडर आधारित एक अनुशासित पार्टी माना जाता है और यहां निजी महत्वाकांक्षा और बगावत के लिए कोई जगह नहीं होती है, लेकिन इन तीन राज्यों में भी वसुंधरा राजे सरीखे कुछ नेताओं ने साबित कर दिया है कि उनके लिए सिद्धांतों-मूल्यों का कोई महत्व नहीं है। दरअसल भाजपा के भीतर की यह परिस्थिति इसलिए पैदा हुई है, क्योंकि पार्टी में दूसरी पंक्ति का नेतृत्व विकसित ही नहीं हुआ है। एक नेता के नाम और चेहरे पर चुनाव लड़ना और जीतना पार्टी का मूल मंत्र बन गया है, जिसका नतीजा यह हुआ है कि राज्यों में कोई एक चेहरा सामने नहीं आ सका। इसके कारण एक पद के कई दावेदार हो गये हैं। भाजपा जैसी बड़ी पार्टी के लिए के लिए यह स्थिति भविष्य के लिए चिंतनीय है। ऐसा नहीं है कि सीएम के नाम पर देर से फैसला लेना गलत है, इसे ठोक-बजा कर निर्णय लेना भी कहा जा सकता है, लेकिए चिंता इसलिए भी सामने आ रही है कि राजस्थान में वसुंधरा राजे सिंधिया सरीखे कुछ नेताओं की गतिविधियां भाजपा के लिए मुफीद नहीं हैं। केंद्रीय नेतृत्व को पार्टीहित में कड़े कदम उठाने ही पड़ेंगे। इन तीन राज्यों में सीएम चुनने में क्यों हो रही देरी और इसे दूर करने के लिए भाजपा का शीर्ष नेतृत्व क्या कर रहा है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह**।


राकेश सिंह

हिंदी पट्टी के तीन राज्यों छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान में भाजपा को पूर्ण बहुमत मिला है। चुनाव परिणाम की घोषणा (3 दिसंबर) के पांच दिन बीत चुके हैं। फिर भी पार्टी अभी तक इन राज्यों में मुख्यमंत्री के नाम का एलान नहीं कर सकी है। लेकिन सच यही है कि अब तक राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में नये सीएम के मुद्दे पर पार्टी किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। यदि पहुंची भी है, तो अब तक किसी नाम का ऐलान नहीं कर सकी है। ऐसा पहली बार है, जब भाजपा को मुख्यमंत्री का नाम तय करने में इतनी माथापच्ची करनी पड़ रही है। पहले भी राज्यों में मुख्यमंत्री का नाम तय करने में पार्टी ने समय लिया है, लेकिन इस बार एक के बाद एक मीटिंग, प्रदेश नेताओं को बार-बार तलब करना और मीडिया के सामने चुप्पी समेत कई ऐसी चीजें देखने को मिल रही हैं, जो पहले कभी नहीं देखी गयीं। पार्टी ने काफी मशक्कत के बाद इन तीन राज्यों के लिए तीन-तीन नेताओं को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विनोद तावड़े और सरोज पांडे को राजस्थान के लिए पर्यवेक्षक बनाया है। मध्यप्रदेश के लिए हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर, के लक्ष्मण और आशा लकड़ा को पर्यवेक्षक के तौर पर भेजा गया। छत्तीसगढ़ में अर्जुन मुंडा और सवार्नंद सोनोवाल और दुष्यंत कुमार गौतम को पर्यवेक्षक के तौर पर भेजा गया है। ऐसी संभावना है कि इन केंद्रीय पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में तीनों राज्यों के नये सीएम का चुनाव एक-दो दिनों में हो जायेगा।

### बिना मुख्यमंत्री चेहरा घोषित किये चुनाव में उतरी थी भाजपा

तीनों राज्यों में भाजपा ने मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित किये बिना ही चुनाव में भागीदारी की थी। उस समय कहा गया था कि मुख्यमंत्री के नाम पर फैसला चुनाव जीतने के बाद लिया जायेगा। छत्तीसगढ़ और राजस्थान में जहां भाजपा ने सत्ता में वापसी की है, वहीं मध्यप्रदेश में पार्टी ने अपनी सत्ता भारी बहुमत के साथ बरकरार रखी है। इसके चलते पार्टी के पास मुख्यमंत्री पद के लिए जरूरत से ज्यादा दावेदार खड़े हो गये हैं। यही पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के लिए मुश्किल की बात बन गयी है। हालांकि पिछले कुछ राज्य विधानसभा चुनावों का उदाहरण लिया जाये, तो भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने मजबूत दावेदारों के बजाय चौंकाने वाले नामों को चुनने को ज्यादा तरजीह दी है, लेकिन इस बार लोकसभा चुनाव करीब होने के चलते शायद पार्टी नेतृत्व किसी नये प्रयोग से बचना चाह रहा है और फूंक-फूंक कर कदम उठा रहा है।




### अब तक क्यों नहीं बन पाये तीन राज्यों के सीएम

हर राज्य की राजनीतिक परिस्थिति अलग-अलग है, लेकिन इन तीनों राज्यों में एक बड़ी समानता यह है कि पार्टी पुराने चेहरों को दरकिनार कर नयी लीडरशिप लाना चाह रही है। राजस्थान में वसुंधरा राजे, मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान और छत्तीसगढ़ में डॉ रमन सिंह मुख्यमंत्री रह चुके हैं। तीनों ही स्थापित चेहरे हैं। इन्हें हटाने में भी जोखिम हो सकते हैं। लिहाजा ,पार्टी हर पहलू पर विचार कर रही है। राजस्थान में वसुंधरा राजे दो बार मुख्यमंत्री रह चुकी हैं। उनके कई समर्थक विधायकों ने भी चुनाव जीता है। पार्टी को उन्हें किनारे करने में दिक्कत हो रही है। वसुंधरा पहले भी आलाकमान से बगावत कर चुकी हैं। राजनाथ सिंह के पार्टी अध्यक्ष रहते हुए वसुंधरा ने बड़ी संख्या में विधायकों के साथ इस्तीफा देने की बात भी कही थी, लेकिन डैमेज कंट्रोल किया गया। इस बार भी उनकी गतिविधियां सामने आयी हैं, जब उन्होंने अपने समर्थक विधायकों को रात्रिभोज में आमंत्रित कर दिया। खबर तो यहां तक आयी कि कुछ विधायकों को रिसोर्ट में जबरदस्ती रोक कर रखा गया था। बात आलाकमान तक पहुंची। सफाई देने वसुंधरा राजे को दिल्ली जाना पड़ा। ऐसे में पार्टी वह स्थिति फिर से पैदा नहीं करना चाह रही। ऐसे में 2024 के लिए पार्टी रिस्क नहीं लेना चाह रही। इसी तरह मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान साल 2005 से मुख्यमंत्री हैं। बीच में दो-ढाई साल के लिए कांग्रेस की सरकार बनी। इसके अलावा वही सीएम रहे। मध्यप्रदेश में भाजपा के पास ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रहलाद पटेल, नरेंद्र सिंह तोमर और कैलाश विजयवर्गीय समेत कई चेहरे हैं। लेकिन शिवराज की 'मामा' वाली छवि का कोई दूसरा नेता नहीं है, जो सीधे जनता से कनेक्ट करे। सिंधिया के अलावा इन सबकी उम्र भी करीब-करीब शिवराज जितनी ही है, इसलिए पार्टी के पास युवा नेतृत्व की कमी है। मप्र में भाजपा के कई बड़े नेता हैं, इसलिए गुट भी ज्यादा हैं। शिवराज सभी गुटों को साथ लेकर चलनेवाले नेता हैं। ऐसे में किसी दूसरे नेता पर बाजी खेलने से पहले भाजपा इतना मंथन कर रही है। छत्तीसगढ़ में डॉ रमन सिंह भले ही सबकी पसंद नहीं हों, लेकिन उनकी राजनीतिक पैठ बहुत मजबूत है। कई विधायक और नेता उनके समर्थक हैं। यदि यहां किसी नये चेहरे को सत्ता सौंपी जाती है, तो रमन सिंह को एडजस्ट करना बेहद जरूरी है। वह पहले से सीएम रहे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार साय, विधानसभा में नेता विपक्ष रहे धर्मलाल कौशिक और पूर्व आइएएस अफसर ओपी चौधरी से भी तगड़ी चुनौती मिल रही है। रमन सिंह के अलावा बाकी तीनों दावेदार ओबीसी श्रेणी से आते हैं।

### मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान ने छोड़ दी है दौड़

मध्यप्रदेश में चौथी बार मुख्यमंत्री बनने के दावेदार शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को उस समय सभी को हैरान कर दिया, जब उन्होंने खुद को अगला मुख्यमंत्री बनने की होड़ से बाहर बताया। शिवराज सिंह पार्टी के छोटे से कार्यकर्ता के घर भोजन करने पहुंचे थे। हालांकि उनके मुख्यमंत्री पद का दावेदार नहीं होने के बयान पर पार्टी हाइकमान ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। मध्यप्रदेश में शिवराज को ही सबसे ज्यादा मजबूत दावेदार माना जा रहा था, क्योंकि पार्टी कार्यकर्ताओं से लेकर राजनीतिक विश्लेषकों तक ने भारी बहुमत के लिए शिवराज सिंह चौहान की कल्याणकारी योजनाओं को ही मैच विनर माना था। ऐसे में मध्यप्रदेश में नेता चयन में भाजपा को बहुत ही सावधानी बरतनी होगी।

### भाजपा के सामने संतुलन साधने की चुनौती

इन तीन राज्यों में मुख्यमंत्री चुनना भाजपा के लिए बहुत आसान नहीं है। पार्टी नहीं चाहती है कि आम चुनावों से ठीक पहले बगावत या असंतोष की आग भड़के। इसलिए वह सर्वसम्मति से इस मसले को हल करना चाहती है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि भाजपा संतुलन साधने की इस चुनौती से कैसे पार पाती है। पार्टी नेतृत्व जानता है कि इन राज्यों की स्थिति का गलत संदेश जा रहा है, लेकिन वह जल्दबाजी में कोई फैसला नहीं करना चाहता। पार्टी दबाव में कोई फैसला भी करना नहीं चाहती, क्योंकि फिर भाजपा में भी एक नयी बीमारी सामने आ जायेगी। जाहिर है, एक-दो दिन के अंदर सीएम के नाम पर फैसला हो जायेगा, लेकिन पार्टी को ऐसे महत्वाकांक्षी नेताओं के बारे में सोचना होगा, जो पार्टीहित में नहीं, स्वहित में काम कर रहे हैं।

---

पार्टी-उम्मीदवार की खर्च सीमा तय करने वाली याचिका खारिज

## संसद को निर्देश नहीं दे सकते : सुप्रीम कोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** चुनाव में राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के खर्चे की सीमा तय करने की मांग की याचिका सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी है। चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ की बेंच ने शुक्रवार को कहा कि ये विधायी नीति का मामला है। हम संसद को नहीं बोल सकते कि इस पर कानून बनायें। ऐसी याचिकाओं पर हम सुनवाई नहीं कर सकते हैं। याचिका के साथ सुप्रीम कोर्ट ने हाइकोर्ट को निर्देश दिये कि चुनाव से जुड़ी याचिकाओं पर 6 महीने के



अंदर फैसला करें। ये ऐसे मुद्दे नहीं है जिस पर हम कोई आदेश दें। गौरतलब है कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 कानून भारत में लोकसभा, राज्यसभा, सभी राज्यों की विधानसभा और राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति के चुनाव के नियम बताता हैं। इसमें सभी उम्मीदवारों को चुनाव से जुड़े नियमों के बारे में बताया गया है। हरियाणा के याचिकाकर्ता ने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के सेक्शन 81 का उल्लेख किया। उन्होंने याचिका के जरिए कहा कि नामांकन दाखिल करने से पहले उम्मीदवार के फोटो बैनर, पर्चे आदि की सीमा भी तय होनी चाहिए। साथ ही नामांकन दाखिल करते समय की रैली में होने वाले खर्चे का भी उल्लेख होना चाहिए।

---

सांसद संजय सेठ के सवाल पर मंत्री का लोस में जवाब

## झारखंड की पंचायतों के विकास के लिए केंद्र ने दिये 7123 करोड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड की पंचायतों के विकास के लिए विगत छह वर्ष में केंद्र सरकार ने 14वें और 15वें वित्त आयोग के तहत झारखंड को 7123 करोड़ की राशि जारी की है। यह जानकारी केंद्रीय पंचायती राज राज्यमंत्री कपिल पाटिल ने लोकसभा में दी। सांसद संजय सेठ ने पूछा था कि पंचायती राज



मंत्रालय के द्वारा विगत पांच वर्षों में देशभर की पंचायत के विकास के लिए कितनी राशि दी गयी है। पंचायती राज प्रणाली के अंतर्गत पंचायत के विकास के लिए और क्या प्रावधान है। इसी सवाल पर मंत्री ने बताया कि पंचायती राज मंत्रालय निर्वाचित प्रतिनिधियों और पदाधिकारी के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण और ग्राम पंचायत भवन, कंप्यूटर जैसी आधारभूत सहायता के माध्यम से पंचायती राज संस्थाओं को मजबूती प्रदान करता है। भारत सरकार इ-पंचायत पर मिशन मोड परियोजना को लागू कर रही है। मंत्री ने बताया कि 2018-19 से 2023-24 तक 14वें और 15वें वित्त आयोग के तहत पंचायत के विकास के लिए विभिन्न राज्यों को बड़े पैमाने पर राशि जारी की गयी है, जिसमें झारखंड को सात हजार करोड रुपये से अधिक की राशि जारी हुई है।

---

राजनीतिक हलचल : भाजपा के नेताओं से चल रही है बातचीत

## पाकुड़ के पुलिस अधिकारी चुनाव लड़ने की तैयारी में

कार्तिक कुमार

**पाकुड़ (आजाद सिपाही)।** एक पुलिस अधिकारी के लोकसभा चुनाव में लड़ने की चर्चा है। हालांकि अधिकारी अब तक किसी पार्टी के मंच पर नहीं दिखे हैं। लेकिन चर्चा है कि उन्होंने राजमहल लोकसभा सीट से बीजेपी से चुनाव लड़ने का मन बना लिया हैं। पाकुड़ जिले में लंबे दिनों से अपनी सेवा उन्होंने दी है और इसी भरोसे जनता का विश्वास

**राजमहल लोकसभा सीट से बीजेपी के टिकट पर लड़ सकते हैं चुनाव**

लेकर चुनाव में उतरने का मन बना रहे हैं। पुलिस अधिकारी मूल रूप से गिरिडीह के रहने वाले हैं, उन्होंने जेपीएससी थर्ड बैच के अधिकारी हैं। हालांकि अब तक उन्होंने खुल कर कुछ नहीं कहा है, लेकिन चर्चा है कि बीजेपी के टॉप लेवल के लीडर से लगातार उनकी बातचीत चल रही है। अब तो यह भी सुनने को मिल रहा है कि वह बहुत जल्द त्यागपत्र देने की तैयारी में लगे हैं। उनके कुछ करीबियों की बात मानें, तो कहा जा रहा है कि साहब चुनाव लड़ने का पूरा मूड बना लिये हैं। अब आने वाले वक्त में ही इस बात का खुलासा हो पायेगा कि साहब क्या सच में चुनाव लड़नेवाले हैं। साहब बीजेपी के राज्य के बड़े नेता के करीबी भी बताये जाते हैं। कुछ शुभचिंतक भी दबी जुबां में कहने लगे हैं कि चुनाव लड़ने का तो मन बना रहे हैं, देखिये आगे क्या होता है। साहब ने अपने कार्यकाल में पाकुड़ में काफी लोकप्रियता हासिल की है। समाज के सभी वर्गों के बीच इनकी अच्छी पहचान और काम के बदौलत लोगों से सीधा संवाद स्थापित कर विश्वास हासिल किया है। सभी जाति और समुदाय के बीच एक मददगार अधिकारी के रूप में अपनी पहचान बनायी है।

---

जनहित याचिका : हाइकोर्ट ने देवघर एम्स से जुड़े मामले में सुनवाई की

## राज्य सरकार को दी 10 दिनों की मोहलत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में देवघर एम्स में बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। याचिका में उठाये गये बिंदुओं पर ऊर्जा विभाग, पेयजल स्वच्छता विभाग का ही जवाब आ सका, जिस पर चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार को सभी विभागों को जवाब दाखिल करने के लिए 10 दिनों का समय दिया। सांसद निशिकांत ने मुख्य सचिव के जवाब पर अपना शपथ पत्र दाखिल किया था। इसमें सांसद की ओर से देवघर एम्स में सुविधा को लेकर कई प्वाइंट उठाये गये थे। कहा गया था कि मुख्य सचिव ने देवघर एम्स के पावर सब स्टेशन के लिए 64 करोड़ की लागत आने की बात कही है, जिसके लिए कैबिनेट की मंजूरी जरूरी है, लेकिन सरकार इसमें दिलचस्पी नहीं दिखा रही है। साथ ही देवीपुर मल्टी विलेज स्कीम के तहत पंचायतों को मात्र दो-तीन दिन ही पानी मिलता है। ऐसे में देवघर एम्स के लिए पुनासी डैम से जोड़ कर पानी की व्यवस्था की जाये। सीएस ने जवाब में बताया था कि देवघर एम्स में फायर फाइटिंग के लिए एक अग्निशमन वाहन उपलब्ध करा दिया गया है, जिसके जवाब में याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि यह अग्निशमन वाहन मात्र चार-पांच तल्ला में आग बुझाने में सक्षम है, जबकि देवघर एम्स 24 मंजिला है, ऐसे में इस अग्निशमन वाहन से काम नहीं होगा।

**जमीन अधिग्रहण का समय निर्धारित हो**

**सांसद का कहना है कि देवघर एम्स को 237 एकड़ जमीन आवंटित की गयी थी, लेकिन अब तक मात्र 217 एकड़ जमीन ही मिली है। शेष 20 एकड़ जमीन दिलाने के लिए राज्य सरकार को समय सीमा निर्धारित करनी चाहिए।**

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW


**वेदर**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 24.0 °c | 15.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.04 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.18 बजे |


# आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 09 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in




## पंकज मिश्रा फिर रिम्स के पेइंग वार्ड में भर्ती



**रांची।** मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को रिम्स के पेइंग वार्ड में भर्ती कराया गया है। उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार होटवार से रिम्स लाया गया, जहां सेंट्रल इमरजेंसी एंड ट्रॉमा सेंटर में इलाज के बाद रिम्स के पेइंग वार्ड के कमरा संख्या 14 में शिफ्ट किया गया। इससे पूर्व 29 जुलाई 2022 को भी पेट दर्द होने पर उन्हें रिम्स में भर्ती कराया गया था।

### आदिवासी छात्र ने लंदन से डिस्टिंक्शन के साथ प्राप्त की डिग्री, कहा

# जोहार हेमंत सर, सीएम बोले-शाबाश

**मुख्यमंत्री और मंत्री चंपई सोरेन ने दी बधाई**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड के वंचित और शोषित समाज के मेहनती और होनहार आदिवासी, पिछड़े और अल्पसंख्यक बच्चों की प्रतिभा दुनिया के सामने लाने का जो सपना मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने देखा था, आज वह हकीकत में बदल रहा है। झारखंड के युवा अब शिक्षा के क्षेत्र में विदेशों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। ऐसी ही प्रतिभा का प्रदर्शन पूर्वी सिंहभूम के पोटका प्रखंड स्थित भाटिन गांव निवासी अजय हेंबोम ने दिखायी है। अजय ने लंदन के यूनिवर्सिटी में डिस्टिंक्शन के साथ डिग्री प्राप्त की। अजय कहा कहना है कि भले ही डिग्री के लिए पढ़ाई की, लेकिन इसका श्रेय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और मंत्री चंपई सोरेन को जाता है, जिन्होंने हम जैसे युवाओं को वैश्विक मंच पर छा जाने का अवसर छात्रवृत्ति योजना के जरिये दिया। इसके लिए अजय ने सीएम हेमंत सोरेन को जोहार भी किया।

### मुख्यमंत्री ने बढ़ाया हौसला



मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर अजय से कहा कि गरीब और वंचित समाज के युवाओं को शिक्षा के अवसर मिलते हैं, तो सिर्फ वह ही नहीं, उनका घर, गांव और समाज भी आगे बढ़ता है। आप सदैव अपनी मेहनत और लगन से सफलता की बुलंदियों को छूते रहें। मुख्यमंत्री ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की और शाबाशी दी। इधर, मंत्री ने भी बधाई दी।

### 50 युवा विदेश में प्राप्त कर रहे उच्च शिक्षा

जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के तहत अब तक 50 युवक-युवती ब्रिटेन के विभिन्न यूनिवर्सिटी में उच्च शिक्षा प्राप्त कर चुके हैं, या कर रहे हैं। इन सभी को राज्य सरकार शत-प्रतिशत छात्रवृत्ति प्रदान कर रही है।


भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक-753006 (ओडिशा), भारत
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK-753006 (ODISHA), INDIA

विज्ञापन संख्या / Advertisement No. 37/FA/2023-24

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में "आर्सेनिक विशिष्टता अध्ययन और आर्सेनिक संदूसण को कम करने के लिए प्रबंधन प्रथाओं के विकसा के माध्यम से कम आर्सेनिक मात्रा वाले चावल के किस्मों की पहचान" (ईएपी-351) परियोजना के लिए एक (01) फिल्ड असिस्टेंट के चयन के लिए प्रत्यक्ष साक्षात्कार दिनांक 18.12.2023 को आयोजित किया जाएगा। आवश्यक योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशी आदि तथा अन्य शर्तों के बारे में जानकारी भाकृअनुप-एनआरआरआई की वेबसाइट https://icar-nrri.in पर उपलब्ध हैं।

Walk-in-Interview will be held on 18.12.2023 for selection of one (01) Field Assistant (FA) under the scheme "Identification of rice cultivars with low arsenic concentration in gain through arsenic speciation study and developing management practices to mitigate arsenic contamination" (EAP-351) at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack. The details regarding essential qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in NRRI website : https://icar-nrri.in.

प्रधान अन्वेषक / PRINCIPAL INVESTIGATOR


## मूलवासी सदानों की विचार गोष्ठी कल



**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय समिति ने 2024 के लोकसभा, विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाने और आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है। इसी के तहत मूलवासी सदान मोर्चा ने एक विचार गोष्ठी रांची में दस दिसंबर को आयोजित की है। मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने राज्य में दौरा और कार्यक्रम जारी रखा है। सदानी झंडा घर-घर में लगाने का काम भी ग्रामीण क्षेत्रों में जोड़ों से चल रहा है। राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि झारखंड के चुनाव में मूलवासी सदान की क्या रणनीति होगी, इस पर बुद्धिजीवी और युवा अपने विचार 10 दिसंबर को रखेंगे।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in


### झारखंड से लेकर छत्तीसगढ़ तक जुड़े हैं रुपये बरामदगी के तार

# प्राथमिकी दर्ज कर धीरज साहू को गिरफ्तार किया जाये : बाबूलाल

**लूट का पैसा पाई-पाई निकलवाने की मोदी की गारंटी**

**झारखंड का लूटा हुआ पैसा, जनता को लौटाना होगा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस के सांसद धीरज साहू के विभिन्न ठिकानों पर आइटी की छापेमारी में बरामद नकदी पर हमला बोला। शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में श्री मरांडी ने कहा कि कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के विभिन्न ठिकानों से आइटी की छापेमारी में बरामद लगभग 300 करोड़ नकद राशि कांग्रेस के शीर्ष नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हैं। उन्होंने कहा कि इसके तार छत्तीसगढ़-झारखंड से जुड़े हैं। ये पैसा गरीबों की गाढ़ी कमाई का, शराब घोटाले का है, जिसके संकलनकर्ता भी झारखंड के हैं। ये पैसे चुनाव परिणामों को प्रभावित करने के लिए रखे गये थे, ऐसी संभावना है। उन्होंने कहा कि मुझे आशंका है कि झारखंड में छापे के बाद ओड़िशा, बंगाल, बिहार की तरफ एंबुलेंस में ढोकर पैसे ले जाने की बात चर्चा में आयी थी। इतने बड़े रकम की बरामदगी के बाद आज भी यह चर्चा हो रही है। उन्होंने कहा कि इसके पूर्व भी झारखंड में हुई इडी की कार्रवाई में करोड़ों रुपये बरामद हुए हैं। भ्रष्टाचार का आलम यह है कि लूट के पैसे से सोना खरीद कर जमीन में गाड़कर छुपाया गया। जांच जैसे-जैसे तेज होगी, ये सब धीरे-धीरे सामने आयेगा। उन्होंने कहा कि गरीबों को लूटकर पैसा जमा करने वालों से पाई-पाई निकलवाने की मोदी की गारंटी है। झारखंड का लूटा हुआ पैसा, जनता को लौटाना होगा। उन्होंने कहा कि सांसद धीरज साहू पर अविलंब एफआइआर दर्ज कर गिरफ्तार किया जाये और कड़ाई से पूछताछ हो।

### कल सभी जिलों में धरना-प्रदर्शन

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सभी जिलों में सांसद धीरज साहू की गिरफ्तारी की मांग सहित झारखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आगामी 10 दिसंबर को धरना-प्रदर्शन किया जायेगा। मौके पर प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव मौजूद थे।

### भ्रष्टाचार मुक्त भारत के लिए पीएम संकल्पित

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री भ्रष्टाचार मुक्त भारत के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश भाजपा जनता के पैसे की हो रही लूट को बर्दाश्त नहीं करेगी। पार्टी सदन से सड़क तक इस मुद्दे को उठाते हुए लगातार संघर्ष करेगी।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

- **मेष** — परिवार में शुभ मांगलिक कार्य में सफलता मिलेगी.आत्मीय-स्वजन का सहयोग मिलेगा।
- **वृष** — समाज में मान-सम्मान रहेगा, किसी प्रभावशाली व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा।
- **मिथुन** — बुद्धि-चतुरता से रोजगार-व्यापार की स्थिति में सुधार होगा, वस्त्र-आभूषण की प्राप्ति होगी।
- **कर्क** — धार्मिक-सामाजिक क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा, महत्वाकांक्षा पूरी होगी।
- **सिंह** — क्रोध-जोश-उतावलेपन में वृद्धि होगी, वाहन की सवारी सावधानी से करें।
- **कन्या** — नौकरी में स्थानातंरण-पदोन्नति होने की संभावना, महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा।
- **तुला** — विद्यार्थियों को परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी. परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **वृश्चिक** — स्वजन-मित्रों के पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी, व्यवसाय की स्थिति में सुधार।
- **धनु** — इच्छित कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी, विरोधियों पर विजय।
- **मकर** — आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, रोग-ऋण-शत्रुबाधा का शमन, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण बनेगा।
- **कुंभ** — भूले-बिसरे प्रसंग पुनर्जीवित होंगे, बौद्धिक चतुराई से अनेक समस्याओं का समाधान निकलेगा
- **मीन** — आयु-आरोग्य की रक्षा होगी, बकाये रकम की प्राप्ति, श्रेष्ठजनों के सहयोग से उन्नति होगी।


**पूर्व तट रेलवे**

फाइल नं.DRM/Engg/KUR/23-24/E-Tender/111, दिनांक : 06.12.2023

(1) निविदा सं.eTender-SouthKUR-352-2023, दिनांक : 01.12.2023

विवरण : खोरधा रोड मण्डल के खोरधा रोड-वालुगांव सेक्शन के बीच विभिन्न पैच में कि.मी.466.00 से कि.मी.515.00 तक 17.00 कि.मी. लम्बाई के लिए TSR(P) का निष्पादन।

कार्य की अनुमानित लागत : 329.44 लाख, EMD (रुपये में) : 3,14,700/-।

(2) निविदा सं.eTender-EastKUR-361-2023, दिनांक : 01.12.2023

विवरण : खोरधा रोड मण्डल के सहायक मण्डल अभियन्ता (कटक-I) के अधिकार क्षेत्र के अधीन विभिन्न पैच में 6.98 कि.मी.लम्बाई के लिए थ्रू स्लीपर नवीकरण का निष्पादन।

कार्य की अनुमानित लागत : 181.39 लाख, EMD (रुपये में) : 2,40,700/-।

(3) निविदा सं.e-tender-hq-kur-362-2023, दिनांक : 01.12.2023

विवरण : वरिष्ठ मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/खोरधा रोड के अधिकार क्षेत्र के अधीन खोरधा रोड में खोरधा रोड रेलवे स्टेशन पहुंच पथ से रेतंग कॉलोनी तक कनेक्टिंग सड़क की मरम्मत।

कार्य की अनुमानित लागत : 116.03 लाख, EMD (रुपये में) : 2,08,000/-।

पूरा होने की अवधि: 10 महीने (क्रम सं.1 हेतु), 08 महीने (क्रम सं.2 हेतु) एवं 06 महीने (क्रम सं.3 हेतु)।

निविदा बंद होने की तिथि व समय: दिनांक 22.12.2023 को 1500 बजे (सभी निविदा हेतु)।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा खुलने से कम से कम 10(दस) दिन पहले वेबसाइट का पुनःअवलोकन करें।

मण्डल रेल प्रबंधक(इंजीनियरिंग), खोरधा रोड

PR-865/O/23-24


# कांग्रेसी सांसद के ठिकानों से मिले करोड़ों रुपये पर जवाब दें मुख्यमंत्री : संजय सेठ

**केंद्र पर पैसे नहीं देने का आरोप लगाना और जनता की भावनाओं से खेलना बंद करें**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** सांसद संजय सेठ ने कहा कि कांग्रेसी नेताओं के पास नोट छापने की मशीन है। बावजूद इसके मुख्यमंत्री हमेशा रोते हैं कि केंद्र पैसा नहीं देता है।

केंद्र सरकार पर झूठे आरोप लगाते हैं। मुख्यमंत्री को कांग्रेस सांसद धीरज साहू के यहां मिले 200 करोड़ पर झारखंड की जनता को जवाब देना चाहिए। सांसद श्री सेठ ने कहा कि मुख्यमंत्री का आरोप रहता है कि केंद्र सरकार विकास के लिए पैसे नहीं देती है, तो ध्यान में रखिये कि केंद्र सरकार भ्रष्टाचार करने के लिए पैसा नहीं देगी। झारखंड कांग्रेस को भी इस पर जवाब देना चाहिए कि आखिर यह पैसा किस उद्देश्य से रखा गया था। कहीं यह पैसा झारखंड में भ्रष्टाचार का पैसा तो नहीं है। कहा कि इडी को भी इस मामले की जांच करनी चाहिए। इतनी बड़ी राशि सिर्फ व्यावसायिक दृष्टिकोण से नहीं रखी जा सकती है। सांसद ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने देश को गारंटी दी है कि एक भी भ्रष्टाचारी नहीं बचेगा। झारखंड की जनता भी सच जान चुकी है। मुख्यमंत्री से मांग है कि इस मामले में जनता को जवाब दें।

### राज्य सरकार ने लूट की खुली छूट दे रखी है

# कांग्रेस ने साथी दलों के साथ सिर्फ लूटने का काम किया : देवशरण

**कहा- धन राशि इस प्रदेश के विकास पर खर्च होनी चाहिए थी, उसे तिजोरी में बंद कर लिया है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** आजसू के डॉ देवशरण भगत ने कहा कि धीरज साहू के ठिकाने से इतनी बड़ी मात्रा में कैश मिलना, इस बात की पुष्टि करता है कि कांग्रेस ने अपने साथी दलों के साथ मिलकर हमेशा झारखंड को सिर्फ लूटने और ठगने का काम किया है। जनता को अपने झूठे वादों से दिग्भ्रमित कर ये लोग आज सत्ता में बैठ गये हैं। धन राशि जिसे जनता और इस प्रदेश के विकास पर खर्च होना चाहिए था, उसे इन्होंने अपने यहां तिजोरी में बंद कर लिया है। यह पैसा जनता का है, जनता के हक का है। आज इस सरकार की कुशासन व्यवस्था से राज्य के हर वर्ग और समुदाय के लोग परेशान हैं। सरकार ने भ्रष्टाचार को शिष्टाचार बना कर लूट की खुली छूट दे रखी है।

# डीएफओ ने भेजी रिपोर्ट फिर खुद किया खारिज

**सरकार ने दिये जांच के आदेश, विधानसभा में लोबिन हेंब्रम ने उठाया था सवाल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** वन विभाग के डीएफओ कैसे विधानसभा और सरकार को गलत जानकारी देकर भ्रमित करते हैं, इसका एक उदाहरण सामने आया है। हजारीबाग डीएफओ सबा आलम अंसारी ने पहले विधानसभा को गलत जानकारी देते हुए रिपोर्ट भेजी। जब सरकार तक यह जानकारी पहुंची, तो डीएफओ ने अपनी ही रिपोर्ट को खारिज कर दिया। इस संबंध में पीसीसीएफ ने एक माह के अंदर पूरे मामले को लेकर रिपोर्ट मांगी है। दरअसल, विधायक लोबिन हेंब्रम द्वारा विधानसभा में हजारीबाग में एनटीपीसी द्वारा सड़क मार्ग से कोयला ट्रांसपोर्टेशन से संबंधित सवाल पूछा गया था। उसका जवाब तैयार करने की जिम्मेवारी हजारीबाग डीएफओ को सौंपी गयी थी। डीएफओ ने एनटीपीसी से जानकारी लेने के बाद रिपोर्ट तैयार की। रिपोर्ट विधानसभा और वन विभाग मुख्यालय भेज दी गयी। जिस रिपोर्ट को डीएफओ ने तैयार किया था, खुद ही उस रिपोर्ट पर सवाल खड़े कर दिये। जब वन मुख्यालय में इसकी जानकारी पहुंची, तब सरकार के अवर सचिव मितरंजु कुमार द्वारा पीसीसीएफ को जांच के आदेश दिये गये। पत्र में सबा आलम अंसारी के क्षेत्राधिकार से भिन्न किसी वरीय पदाधिकारी से मामले की जांच कराने को कहा गया है।

### हाइकोर्ट ने 1984 के दंगा पीड़ितों को मुआवजा मामले में मांगी रिपोर्ट, पूछा

# किस जिले में पीड़ितों को कितना मिला मुआवजा

**आदेश के बाद भी स्टेटस रिपोर्ट दाखिल नहीं, नाराजगी जतायी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** हाइकोर्ट में वर्ष 1984 के सिख दंगा में झारखंड में प्रभावित लोगों को मुआवजा और केस की मॉनिटरिंग को लेकर दायर सतनाम सिंह गंभीर की जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में मुआवजा भुगतान को लेकर कोर्ट के 15 सितंबर के आदेश के आलोक में राज्य सरकार की ओर से स्टेटस रिपोर्ट दाखिल नहीं किये जाने पर कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जतायी। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को तीन दिन में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर बताने को कहा है कि सिख दंगा पीड़ितों को किन-किन जिलों में कितना मुआवजा भुगतान किया गया है। कोर्ट ने सरकार से यह भी पूछा है की बोकारो में मुआवजा भुगतान के लिए एक करोड़ 20 लाख की अतिरिक्त राशि कंटीजेंसी फंड से उपलब्ध कराये जाने पर क्या हुआ। कैबिनेट ने भी इस पर स्वीकृति भी दे दी है। इसके बाद भी बोकारो में मुआवजा भुगतान के लिए राशि आवंटित क्यों नहीं की गयी। इसके अलावा मुआवजा को लेकर रिटायर्ड जस्टिस डीपी सिंह की अध्यक्षता में वन मैन कमिशन की रिपोर्ट की कॉपी भी कोर्ट में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था, लेकिन सरकार द्वारा इसे प्रस्तुत नहीं किया जा सका। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 12 दिसंबर की तिथि निर्धारित की है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय और हस्तक्षेपकर्ता की ओर से फैसल अल्लाम ने पैरवी की।

### कार्यक्रम : नेहरू युवा केंद्र संगठन का राज्यस्तरीय युवा उत्सव

# हर क्षेत्र में तरक्की से ही आत्मनिर्भर बनेगा देशः राज्यपाल

**युवाओं को भी निरंतर प्रयास करते हुए प्रगति के पथ पर अग्रसर होना होगा**

**सभी प्रयास करें, तो रांची विश्वविद्यालय एक विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय बन सकता है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में नेहरू युवा केंद्र संगठन की ओर से आयोजित राज्यस्तरीय युवा उत्सव-2023 कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि यह संगठन युवाओं को आगे बढ़ने और समाज की सेवा करने के लिए प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समाज के सर्वांगीण विकास के लिए अगले 25 वर्षों के लिए पांच संकल्प लेने का आह्वान किया है। भारत को विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में ये संकल्प लोगों को सदैव प्रेरित करते रहेंगे। इस दिशा में युवाओं का उत्तरदायित्व काफी बढ़ जाता है। इस प्रकार के कार्यक्रम से युवाओं में देशभक्ति की भावना और प्रबल होती है।

राज्यपाल ने कहा कि हमारा देश आत्मनिर्भर तभी होगा, जब हर क्षेत्रों में तरक्की होगी। इसके लिए लक्ष्य निर्धारित करते हुए युवाओं को सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया करानी होंगी। युवाओं को भी निरंतर प्रयास करते हुए प्रगति के पथ पर अग्रसर होना होगा। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि अपनी विरासत पर गर्व करते हुए चरित्र निर्माण के साथ-साथ समाज को आगे ले जाने में युवाओं को अहम भूमिका निभानी होगी। सभी प्रयास करें, तो रांची विश्वविद्यालय एक विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय बन सकता है।

## अंडर 14 क्रिकेट खिलाड़ियों का ओपन ट्रायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जाने वाले इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए जिला टीम के गठन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसके लिए अंडर 14 के खिलाड़ियों का ओपन ट्रायल 11 दिसंबर दिन सोमवार को सुबह 10 बजे से सी एच हाई स्कूल मैदान में रखा गया है। ट्रायल के समय खिलाड़ी अपने साथ (20-21, 21-22, 22-23, 23-24) का मार्कशीट, स्कूल बोनाफाइड सर्टिफिकेट, आधार कार्ड, डिजिटल बर्थ सर्टिफिकेट, माता-पिता का आधार कार्ड, माता-पिता का वोटर आइकार्ड, खिलाड़ी का आधार हिस्ट्री को अपडेट करके पेपर और दो फोटो लाना आवश्यक है। उक्त प्रपत्र के बिना खिलाड़ी को ट्रायल के योग्य नहीं माना जायेगा। ज्ञात हो कि अंडर 14 टूर्नामेंट दिसंबर में ही खेला जाना है। उक्त आशय की जानकारी सचिव दिनेश सिंह और उपाध्यक्ष अनिल सिंह ने दी।

## चोरी की ट्रैक्टर के साथ पांच गिरफ्तार

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** चोरी गया एक ट्रैक्टर को पुलिस ने सूचना मिलने के महज कुछ घंटे में बरामद करते हुए पांच आरोपी को गिरफ्तार किया है। इनमें चार नबालिग युवक बताये जा रहे हैं। इस बाबत कोडरमा पुलिस द्वारा जारी बयान में कहा गया की रात्रि में चंदवारा थाना अंतर्गत बाराडीह गांव के विकास पंड़ित पे महेन्द्र पंड़ित के घर के सामने लगा सोनालिका ट्रेक्टर संख्या जेच 12के 5073 को 5 अज्ञात चोरों द्वारा ठेलकर ले जाने के क्रम में विकास पंड़ित का नींद खुल गया। अपराधियों द्वारा ट्रैक्टर चोरी कर ले जाने की सूचना पुलिस को विकास पंड़ित के द्वारा टेलिफोन के माध्यम से दिया गया। पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए भोण्डो मोड़ से रात्रि में ही एक अपराधी को चोरी किये गये ट्रैक्टर के साथ गिरफ्तार किया गया तथा उसके स्वीकारोक्ति ब्यान पर छापामारी करते हुए घटना में शामिल अन्य चार विधि विरूद्ध किशोर को निरूद्ध किया गया है। इस संदर्भ में विकास पंड़ित के लिखित आवेदन पत्र के आधार पर चंदवारा थाना कांड संख्या-115/23 दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। वहीं प्रकाश कुमार, उम्र- 19 वर्ष, पिता- अमृत साव, ग्राम- रोहनिया टांड, तिलैया व चार अन्य किशोर को गिरफ्तार किया गया जिसके पास से चोरी हुआ ट्रैक्टर जब्त किया गया। साथ ही घटना में प्रयुक्त स्पलेन्डर बाईक, 2 रेंच, 2 लॉक खोलने की चाभी बरामद किया गया। छापेमारी दल में थाना प्रभारी नितिश कुमार, चंद्रदेव सिंह, धर्मेन्द्र गगराई, चंदवारा थाना गस्ती दल के जवान, चालक और तिलैया पैंथर जवान की भूमिका अहम थी।

## 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कोडरमा जिला के सतगावां प्रखंड के समलडीह, डोमचांच प्रखंड के बगरीडीह, कोडरमा प्रखंड के पथलडीहा और जयनगर प्रखंड के डंडाडीह पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम में लगाये गये शिविर में काफी संख्या में आमजनों ने भाग लिया और अपनी अपनी समस्या से पदाधिकारियों को अवगत कराया। आमजनों नें शिविर में लगाये गये स्टॉल में कृषि, समाज कल्याण, दाखिल खारिज, पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, जाति, आय, आवासीय प्रमाणपत्र निर्गत करने को लेकर आवेदन दिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने शिविर में आये आमजनों को सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आपलोगों को योजना का लाभ लेने से संबंधित किसी प्रकार की समस्या होती है, तो उसके लिए आवेदन दें। आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए योजना का लाभ दिया जायेगा। शिविर में कई मामलों पर ऑन द स्पॉट निस्पादन किया गया। शिविर में आये वृद्ध महिलाओं को पेंशन योजना का लाभ दिया गया। ग्रामीणों के बीच जॉब कार्ड, कंबल और धोती साड़ी का वितरण किया गया।

## डीएवी स्पोर्ट्स क्लटर लेबल में डीएवी कोडरमा ओवर ऑल चैंपियन



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** डीएवी स्पोर्ट्स क्लस्टर लेबल टूर्नामेंट्स का आयोजन हुआ जिसमें पीवीएसएस झुमरीतिलैया, कोडरमा का चैंपियनशीप पर कब्जा रहा। इस चैंपियनशीप टूर्नामेंट में डीएवी जोन एफ के सभी विद्यालय ने भाग लिया जिसके अंतर्गत क्रिकेट, फुटवॉल, वॉलीवॉल, चेस, बैडमिंटन, रोलर स्केटिंग, चेस, खो-खो, ताइक्वांडो, योगा, जुडो कराटे, एथलेटिक्स जैसे विभिन्न खेलों का आयोजन हुआ। डीएवी कोडरमा ने कुल 104 गोल्ड, 72 सिल्वर और 22 कांस्य पदक, 11 ट्रॉफी लाकर पूरे क्लस्टर लेबल पर ऑवर ऑल चैंपियन बना। साथ ही छह बच्चों को बेस्ट प्लेयर का अवार्ड मिला। इस सफलता के लिए झारखंड जोन एफ के सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी निसिकांत कर ने डीएवी कोडरमा के प्रतिभागियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सभी को बधाई दी और उनकी प्रतिभा की सराहना की। डीएवी मैनेजिंग कमिटी के मैनेजर मनोज कुमार सिन्हा ने भी सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि हमारे खेल प्रतिभागियों और एथलीटों ने अद्भुत प्रदर्शन व प्रशंसाओं का स्वर्णिम पृष्ठ लिखा। ओवरऑल चैंपियनशीप ट्रॉफी हासिल करना हमारे स्कूल की खेल कौशल का प्रमाण है।

## कर्मचारियों के बीच बांटे मोजा और इयर कैप



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** द रामेश्वर वैली स्कूल में शुक्रवार को बढ़ते ठंड को देखते हुए गैर शैक्षणिक कर्मचारियों के बीच मौजे और ऊनी ईयर कैप का वितरण किया गया। निदेशक प्रवीण मोदी ने सभी कर्मचारियों को ठंड से बचने की सलाह दी और खुद को ठंड से बचा कर रखने को कहा। लाभुक में ईश्वर सिन्हा, धीरज रवानी, मुन्ना पासवान, उमा, सुरेंद्र सिंह, कृष्णा कुमार, सुनील यादव, महेश साहू, ललिता देवी, अंजू देवी, बसंती देवी, मीना देवी, श्यामलाल महतो, मनोज कुमार आदि शामिल थे।

# सड़क दुर्घटना में चालक और एक बच्ची की मौत

**सभी 14 घायल बच्चे छड़वा डैम स्थित संत एगस्टिन स्कूल के बताये जा रहे हैं**



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिले के कटकमसांडी थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे स्लाइडिंग के पास सारथी बस (हजारीबाग से चतरा चलने वाली) ने स्कूल वैन को ठोक दिया। जिससे बस में सवार 14 बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं एक बच्ची और चालक की मौत हो गयी। सभी बच्चे छड़वा डैम स्थित संत एगस्टिन स्कूल के बताये जा रहे हैं। घटना की जानकारी पुलिस, स्कूल प्रबंधन और अभिभावकों को दी गयी, अभिभावक अस्पताल पहुंचे गये हैं। लेकिन 2 घंटे बीत जाने के बाद भी स्कूल प्रबंधन ना तो घटनास्थल पहुंची और ना ही अस्पताल।

**स्थानीय लोगों ने बच्चों को अस्पताल में कराया भर्ती:** स्थानीय लोगों ने ही सभी बच्चों को अलग-अलग गाड़ी से कटकमसांडी अस्पताल ले गये, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने सभी को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। कुछ बच्चों को उनके अभिभावकों ने बेहतर इलाज के लिए दूसरे अस्पताल में भर्ती कराया हैं। वहीं कुछ बच्चों का इलाज शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ही चल रहा है।

**रेलवे स्लाइडिंग के पास हाइवा खड़ा रहने के कारण होता है हादसा :** प्रत्यक्षदर्शी रोशन कुमार पांडे में बताया कि रेलवे स्लाइडिंग के पास भारी संख्या में हाइवा खड़ी रहती है। जिस कारण दूसरी ओर से आ रही गाड़ी को लोग देख भी नहीं पाते हैं। स्कूल वैन बच्चों को लेकर हजारीबाग आ रही थी। मोड के पास स्कूल वैन की हजारीबाग की ओर से आ रही बस से टकरा गयी टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कूल वैन के परखच्चे उड़ गये, आसपास के लोगों ने मदद के लिए बच्चों को गोद में उठाकर अपनी गाड़ी से अस्पताल पहुंचाया वहां से स्थानीय और अस्पताल प्रबंधन की मदद से घायल बच्चों मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया।

### सीएम हेमंत सोरेन ने जताया दुख

कटकमसांडी में सड़क हादसे में वैन के ड्राइवर तथा बच्ची के निधन की दुःखद खबर से मन आहत है। परमात्मा दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे। हादसे में घायल सभी बच्चों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।

# चुड़िहार विकास मंच का आयोजन

**शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर काम करने की जरूरतः मो तौहीद**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** झुमरीतिलैया स्थित भादोडीह में चुड़िहार विकास मंच का आयोजन किया गया। मंच के द्वारा यह तय किया गया कि समाज को सामाजिक और आर्थिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना है साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर काम करने की जरूरत है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड ग्रुप संचालक मो तौहीद और अन्य जिला सीडब्लूटी के पर प्रभारी ग्रुप संचालक मो तौहीद, रामगढ़ से मो शकील अहमद, बोकारो से मो अनवर हुसैन व गोल्डन, मो फिरोज आलम, मो सगीर, मो निशाद, इटखोरी से मो मुनीर आलम और अन्य लोग शामिल हुये। इस दौरान सेक्रेटरी मो इम्तियाज आलम रजवी, खजांची मो इम्तियाज (गुड्डू), मिडिया प्रभारी मो ग्यास सिद्दीकी, सलाउद्दीन, मजहरूल इस्लाम। वहीं मौके पर मो मुमताज सिद्दीकी, मो सलाउद्दीन, रिजवी, मो मुस्तक, मो मुस्ताक, मो परवेज, मो इरशाद, मो वकील सिद्दीकी, मो रइस सिद्दिकी को मेंबर बनाया गया।

## सड़क दुर्घटना में व्यक्ति घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत तिलोकरी में बीती रात सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान तिलोकरी निवासी विवेक कुमार सिन्हा (उम्र 35 वर्ष पिता लक्ष्मीकांत सिन्हा) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार विवेक कुमार अपनी बाइक से बरमसिया की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसके बाद पुलिस के द्वारा घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया जहां इलाज चल रहा है।

## हाथियों का झुंड पहुंचा पपलो, जमकर मचाया उत्पात

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पपलो पंचायत स्थित पपलो गांव में बुधवार 35 हाथियों का झुंड पहुंचकर जमकर उत्पात मचाया। हाथियों का झुंड इसके पूर्व गिरिडीह के बिरनी प्रखण्ड स्थित ग्राम चानो में तीन चार दिनों से उत्पात मचा रहा था। झुंड ने गुरुवार की रात्रि ग्राम पपलो पहुंच कर खेतों में लगे धान की फसल तथा खलिहानों में रखे धान को खाया व पैरों तले रौंद कर बर्बाद कर दिया। गुरुवार की रात्रि 35 हाथियों के दल ने पपलो निवासी उपेंद्र यादव का 7 कट्ठा में लगे धान की फसल व खलिहान में रखे 10 क्विंटल धान को चट कर गया। वहीं पपलो निवासी नारायण यादव, भुवनेश्वर प्रसाद यादव, रामचंद्र यादव, बाबूलाल यादव, विनोद यादव, राम लखन यादव, भुनेश्वर यादव का काटकर खलिहान में रखा धान, अनिल यादव, विशेश्वर यादव का खलिहान में रखा एक ट्रैक्टर धान, मुकेश कुमार यादव, शांति देवी, गोपेश्वर यादव, रामदेव कुमार, वीरेंद्र यादव, अर्जुन यादव, मुंशी यादव, दशरथ यादव का धान को खाया व पैरों तले रौंद कर बर्बाद कर दिया।

# धरमपुर में 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**टाटीझरिया।** धरमपुर पंचायत भवन में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम शुक्रवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत प्रमुख संतोष मंडल, जिला कल्याण पदाधिकारी सह वरीय पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो, बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज, 20सूत्री अध्यक्ष रवि सिंह, मुखिया कांति देवी, सांसद प्रतिनिधि मिथलेश पाठक, कैलाश सिंह, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद यादव, पंसस राजेश यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में मनरेगा, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, अबूआ आवास योजना, वृद्धापेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन विभाग, राजस्व विभाग समेत अन्य विभागों द्वारा स्टॉल लगाये गये थे।

**इनके बीच वितरित किया गया परिसंपत्तियांः** बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन कालेश्वर प्रजापति और संतोष प्रजापति को, जेएसएलपीएस द्वारा पूजा महिला मंडल, बालगोपाल महिला मंडल, लक्ष्मी महिला मंडल, सोनी महिला मंडल के बीच 12 लाख रुपये का चेक, लाल किशोर प्रजापति को केसीसी का स्वीकृति पत्र, उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय के संजना कुमारी, रानी कुमारी, काजल कुमारी, पम्मी कुमारी को साइकिल के लिए चेक दिया गया. सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना -- गुड्डी कुमारी, तब्बसुम खातून, प्रीति कुमारी, पम्मी कुमारी, सोनाली कुमारी को लाभ दिया गया. इस मौके पर धोती साड़ी योजना अंतर्गत कुछ लाभुकों के बीच धोती साड़ी वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुधीर राय ने किया।

# जनसुनवाई में प्रदूषण और विस्थापन को लेकर हुआ विरोध
# मंच पर विधायक और पूर्व विधायक के समर्थक भिड़े

**केटीपीपी की क्षमता 1000 मेगावाट से बढ़कर 2600 मेगावाट होगी**

बिनोद





**जयनगर/ कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जयनगर प्रखंड के बांझेडीह स्थित कोडरमा ताप विद्युत केंद्र बांझेडीह में शुक्रवार को झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद द्वारा आयोजित जनसुनवाई में दो पक्षों में झड़प हुई बल्कि धक्का मुक्की भी हुई। इस दौरान जहां कई लोगों ने पावर प्लांट की क्षमता बढ़ाने का विरोध किया, वहीं कुछ लोगों ने इसका समर्थन किया और कहा कि प्रदूषण को दूर करते हुए नये इकाई को लगाया जाये। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएलओ कोडरमा गौरांग महतो और संचालन मुख्यालय डीवीसी के विनोद राय ने किया। महाप्रबंधक सह परियोजना प्रधान दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि जमशेदपुर से बड़ा औद्योगिक क्षेत्र कोडरमा बनेगा। अभी 1000 मेगावाट से बढ़ाकर 2600 मेगावाट की नयी इकाइ लगायी जायेगी। इस दौरान जिला परिषद सदस्य महादेव राम ने कहा कि जिनकी जमीन जायेगी, उसे डीवीसी नौकरी देने पर विगत जनसुनवाई में निर्णय लिया गया था। लेकिन नौकरी नहीं देकर कुछ लोगों को पेंशन दिया जा रहा है। प्रदूषण बोर्ड से कहना चाहता हूं कि यहां के नाली प्रदूषित कैसे हुआ जवाब देना चाहिए। डहुआटोला, करियांवा, सिंगारडीह, गांधीनगर आदि गांव के आंगन में डस्ट जम जाता है इसका जवाब देना चाहिए। इस जनसुनवाई का हम विरोध करते हैं। कार्यक्रम में झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड हजारीबाग के जितेंद्र प्रसाद सिंह, झारखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मुख्यालय रांची के परामर्श कार्यकारी कुमार मणि भूषण, मुख्यालय डीवीसी कोलकाता के निदेशक काजल बनर्जी, इआइए कोलकाता वेंकटेश, निदेशक भूमि संरक्षण व परियोजना प्रधान संजय कुमार, डीजीएम हरिश्चंद्र सिंह, वरीय महाप्रबंधक अरुण मित्रा, महाप्रबंधक मानस मंडल, महा प्रबंधक अभय श्रीवास्तव, महा प्रबंधक संजय कुमार सिंह, एच आर नरेश शाह, प्रभु महतो, सुधीर कुमार, सतर्कता विभाग नवीन कुमार, विजय राणा सहित कई डीवीसी कर्मी मौजूद थे।

जनसुनवाई कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जिला परिषद उपाध्यक्ष निर्मला देवी, भाजपा नेता सुरेश यादव, मीणा साव, विस्थापित युवा नेता उमेश यादव, अरुण यादव, मुखिया संजय साव, पंचायत समिति सदस्य सुरेंद्र राणा, जेएमएम जिला सचिव छोटू यादव, वीरेंद्र यादव, राजेंद्र सिंह, मनोज सिंह, अवित सिंह, महेश यादव, महेश सिंह, उमेश यादव, बलराम राणा, मुन्ना यादव, शिवकुमार यादव सहित सैकड़ों के संख्या में लोग मौजूद थे।

## दो साइबर अपराधी को पुलिस ने भेजा जेल

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने दो साइबर अपराधियों को पकड़ कर न्यायिक हिरासत हजारीबाग भेजा। इस बाबत थाना प्रभारी गौतम कुमार ने कहा कि पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को गुप्त सूचना मिली कि गुंजरा मोड़ जीटी रोड पर दो लड़कों के द्वारा अपने मोबाइल व्हाट्सएप्प के जरिए एस्कार्ट सर्विस वेवसाइट के माध्यम से कई लोगों को अलग-अलग नंबरों से संपर्क कर, महिलाओं की आपत्तिजनक तस्वीरें भेजकर, सर्विस दिलाने के नाम पर ठगी करते हैं। जिसके पश्चात हमने छापामारी कर किमनीया गांव निवासी महाबीर प्रसाद पिता रामेश्वर महतो और सलैया गांव निवासी मुन्ना कुमार पिता स्व किशुन महतो को पकड़ा, पकड़े गये दोनों लड़कों के मोबाइल जांच करने पर लड़कियों की आपत्तिजनक तस्वीरें, कई वेबसाइट जिसमें लोगों को लड़कियों की तस्वीरें भेज कर पैसे की मांग की गयी। दोनों लड़कों पर आइटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत हजारीबाग भेजा गया। इसका केस नम्बर 226/23 है। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने कहा कि बरकट्ठा थाना क्षेत्र में साइबर अपराधियों के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है, कोई भी साइबर अपराधी नहीं बचेगा।

## गोंदलपुरा में 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' शिविर का आयोजन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** गोंदलपुरा पंचायत में आपकी-योजना-आपकी सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन बड़कागांव मुखिया संघ सचिव बासुदेव यादव के अध्यक्षता की गयी, वही कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल, सीओ बालेश्वर राम सहित मुखिया सह मुखिया संघ सचिव बासुदेव यादव के अलावा अन्य अतिथियों के द्वारा किया गया। इस दौरान मुखिया के द्वारा अतिथियों को बुके देकर व माला पहनाकर स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर फार्म भरने के लिए पहुंचे। जिसमें कुल 893 मामले आये, 159 मामलों को निष्पादन किया गया। शेष 734 मामलों को संबंधित विभाग को भेजा गया। वही विकलांग सर्टिफिकेट, जॉब कार्ड, राशन कार्ड, अबुवा आवास, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, जेएसएलपीएस के फूलो झानो आशीर्वाद योजना का आवेदन आया। मौके पर कृषि पदाधिकारी रवि रंजन, भास्कर राज, बीपीओ अरुण पासवान, हीरो महतो, जेई जयप्रकाश चौधरी, आशीष पासवान, दीपक कुमार, आनंद कुमार, रविंद्र कुमार, प्रकाश कुमार, शशी कुमार, विवेक कुमार के अलावा सैकडों ग्रमीणों उपस्थित थे।

## मुखिया ने आंगनबाड़ी केंद्र में बांटे स्वेटर



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बड़ासिंगा हरिजन टोला आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के बीच स्वेटर वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुखिया ललिता देवी और पंचायत समिति सदस्य विनीता कुमारी के द्वारा बच्चों को स्वेटर वितरण किया गया। मौके पर मुखिया ललिता देवी ने कहा कि ठंड को देखते हुए सरकार के द्वारा बच्चों के लिए स्वेटर उपलब्ध कराया गया है ताकि बच्चे ठंड से बचें और नियमित रूप से अपने केंद्र पर पहुंचे सके। मौके पर समाजसेवी धीरेंद्र कुमार पांडे, समाजसेवी संजय कुमार साव, सेविका शीलावती कुमारी, गणेश नायक, राजकुमार मोदी, दिनेश रविदास, नंदू राणा, भोला रविदास, राजू साव, डोली देवी, अनार देवी, गुड़िया देवी समेत कई लोग मौजूद थे।

## नवादा में 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नवादा में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख जैबुन निशा, बीडीओ अखिलेश कुमार, सीओ रामबालक कुमार, पनन पदाधिकारी आलोक कुमार, बीपीओ ममता सिंह, मुखिया कनिजा खातून, निजाम अंसारी, कांग्रेस अध्यक्ष अब्बास अंसारी, पसस इबरार अंसारी, विशेश्वर स्वर्णकार, रामजन्म राय आदि उपस्थित थे। शिविर में कुल 1326 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 907 निष्पादन किया गया। अबुवा आवास 368, जाति आय 30, मापी लगान/रशीद तथा ऑनलाइन रिकार्ड में सुधार करने 34, मनरेगा जॉब कार्ड 55, सावित्री बाई फुले 25, धोती साड़ी लुंगी 160, कंबल वितरण 130, आधार कार्ड में संसोधन 7, बिजली बिल में संसोधन 2, सायकिल के लिए नकद हस्तांतरण चेक वितरण 53, बिरसा कूप सिंचाई योजना 5, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना 1, शिक्षा विभाग पोशाक वितरण 5 किया गया।

## एचडीएफसी बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** एचडीएफसी बैंक तिलैया शाखा और रक्तवीर सेवा संघ एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में बैंक परिसर में रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि रेडक्रॉस सोसाइटी के डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन आरके दीपक, सचिव सुरेश पिलानिया, अरविंद सेठ, ब्रांच मैनेजर विनीत श्रीवास्तव, यूनिट हेड प्रशांत सिन्हा आदि ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर यूनिट हेड प्रशांत सिन्हा ने कहा कि एचडीएफसी बैंक झुमरीतिलैया शाखा द्वारा बैंक परिसर में 16 वर्षों से और रक्तवीर सेवा संघ का चौथा रक्त शिविर संयुक्त रूप से आयोजन किया गया। एचडीएफसी बैंक देश की समस्त शाखाओं में इस तरह का कैंप आयोजित किया जा रहा है। शिविर में कुल 25 लोगों ने रक्तदान किया। मौके पर बैंक स्टॉफ तूलिका बनर्जी, बादल सेठ, अमित कुमार, विवेक रंजन, विकास गुप्ता, राजन कुमार, मुकेश कुमार, बादल सेठ, मोहित कुमार, मोहित कुमार, रमेश कुमार, बालेश्वर मौजूद थे। रक्तदान शिविर में 25 लोगों ने रक्तदान किया। मौके पर विकास कुमार सिंह, राम वर्णवाल, ठाकुर सुनील, मनीष कुमार, विनीत मोदी, शिवम सिंह और अमित अंबष्ठ को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। शिविर को सफल बनाने में बैंक कर्मियों के अलावा रेडक्रॉस सोसाइटी, रक्तवीर सेवा संघ के संस्थापक राम वर्णवाल, सदर हॉस्पिटल के कर्मी मो जफर और सूरज कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## अयोध्या से आये कलश और पवित्र अक्षत का कराया गया नगर भ्रमण



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** विश्व हिन्दु परिषद के तत्वावधान में शुक्रवार को भुरकुंडा में अयोध्या से आये कलश और पवित्र अक्षत का नगर भ्रमण कराया गया। भुरकुंडा बिरसा चौक स्थित मां दुर्गा मंडप में पुरे विधिविधान से कलश की पूजा अर्चना की गयी। पूजा अर्चना के बाद पवित्र कलश का नगर भ्रमण कराया गया। नगर भ्रमण बिरसा चौक से गाजे बाजे के साथ निकलकर भुरकुंडा बाजार, हनुमान मंदिर होते हुए थाना चौक काली मंदिर पहुंचा। इस दौरान हरे रामा हरे कृष्णा आदि भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। नगर भ्रमण में इस्कॉन रांची से आई भजन मंडली और स्थानीय लोगों नाचते झुमते आकर्षण का केंद्र बने रहें। नगर भ्रमण में भुरकुंडा मुखिया अजय पासवान, राजेश सिन्हा, योगेश दांगी, विश्वरंजन सिन्हा, विनय सिंह, राकेश सिन्हा, जेपी पांडेय, अन्नु सहित दर्जनों महिलायें शामिल थीं।

## दत्तो पंचायत कमेटी का हुआ गठन




**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक शुक्रवार को दत्तो में हुई। इसमें मुख्य रूप से पार्टी के जिला संयुक्त सचिव उदय मालाकार उपस्थित थें। बैठक में पार्टी की मजबुती, जन समस्याओं का समाधान सहित अन्य मुद्दों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। साथ ही सर्वसम्मति से झामुमो दत्तो पंचायत कमेटी का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष शंकर मुंडा, उपाध्यक्ष श्याम सिंह मोहाली, उपाध्यक्ष गणेश मोहाली, सचिव गोविंद राम, सह सचिव प्यारेलाल मोहाली, पप्पू माली, संगठन सचिव जितेंद्र पासवान व मोची मुंडा, कोषाध्यक्ष मोना देवी, सह कोषाअध्यक्ष शांति देवी चुनी गयी। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में रजनीश कुमार, कार्तिक मुंडा, संतोष, श्याम कुमार वंश, राजकुमार, रमेश, छोटू, सोम, संजय, श्याम, महेश, रामजी आदि शामिल हैं।

## भारी बारिश से हुई फसल नुकसान का मुआवजा किसानों को मिले : करण



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी रामगढ़ जिला के सोशल मीडिया प्रभारी करण कुमार महतो ने कहा है कि लगातार दो दिनों के बारिश से पूरे झारखंड सहित रामगढ़ में काफी नुकसान हुआ है खासकर किसानों का सभी तरह का सब्जी नष्ट हो गया किसानों का धान खेत पर ही रह गया बहुत सारे किसान अपना धान काट कर लाने ही वाले थे लेकिन अचानक दो दिनों के वर्षा होने से किसान का धानबीड़ा (धान) खेत पर ही रह गया। इससे काफी नुकसान हुआ है। मैं कृषि मंत्री और जिला प्रशासन से मांग करता हूं कि किसानों को उचित मुआवजा दिया जाये और रोजगार के तहत कम अवधि में उपज होने वाले फसल नि:शुल्क उपलब्ध किया जाये ताकि किसानों को कुछ हद तक फायदा पहुंचाया जाये, अगले वर्ष काफी कम उपज हुआ था लेकिन इस वर्ष किसानों को काफी उम्मीद थी लेकिन दो तीन दिनों तक हूई मूसलाधार वर्षा ने किसानों के उम्मीद को पानी फेर दिया। किसान दिन-रात संघर्ष कठिन मेहनत करके खेतों में धान फसलों को ऊपजाते हैं परंतु प्रकृति की मार से किसानों की कमर टूट गई है।

## एचडीएफसी बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** एचडीएफसी बैंक परिसर में शुक्रवार को सदर अस्पताल ब्लड बैंक के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत शुभारंभ रोटेरियन सह समाजसेवी संतुभाई मानेक ने दीप जलाकर किया। रक्तदान शिविर को संबोधित करते हुए सदर अस्पताल के ब्लड बैंक प्रभारी डॉ रेणु कुमारी ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा पुण्य का काम है। हमसब स्वैच्छिक रक्तदान कर जरूरतमंदों की जान बचा सकते हैं। कोई भी स्वस्थ्य व्यक्ति प्रत्येक तीन माह के अंतराल में रक्तदान कर सकता है। संबोधन के बाद शिविर में 16 बैंककर्मियों व ग्राहकों ने रक्तदान किया। मौके पर संदीप दत्ता, रंजन प्रसाद, संपत चौरसिया, अश्विनी कुमार, पारूल जैन, नेहा कुमारी, अरूण कुमार, रवि झा सहित कई बैंककर्मी शामिल थे।

## पेट्रोल पंप मालिकों के साथ एसडीपीओ ने की बैठक




**चतरा (आजाद सिपाही)।** सड़क दुर्घटना में कमी लाने के उद्देश्य से चतरा पुलिस द्वारा सघन अभियान चलाया जा रहा है। सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार ने शहर और उसके आसपास के पेट्रोल पंप मालिकों के साथ बैठक किया और पंप मालिकों से बिना हेलमेट के किसी भी मोटरसाइकिल सवार को पंप में पेट्रोल ना देने का आग्रह किया तथा नो हेलमेट नो फ्यूल के स्लोगन के साथ पुलिस को अपेक्षित सहयोग करने की अपील किया। साथ ही सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने जिलेवासियों से भी अपील किया है की मोटर वाहन अधिनियम का पालन करते हुए और सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए हेलमेट का उपयोग आवश्यक रूप से करें। इसके अलावा पुलिस ने चतरा कॉलेज में सड़क दुर्घटना और महिलाओं के साथ हो रहे दुर्व्यवहार एवं अत्याचार के खिलाफ शक्ति एप का इस्तेमाल करने की जानकारी दिया एवं इससे होने वाले लाभ के बारे में भी विस्तार से बताया गया। पुलिस अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए जिला पुलिस सघन अभियान चला रही है और प्रत्येक दिन 1:00 बजे से 4:00 बजे तक विभिन्न चौक चौराहों पर हेलमेट की जांच की जायेगी तथा नियम का पालन नहीं करने वाले से आर्थिक दंड वसूला जायेगा।

# दूसरे दिन भी जारी रहा रूंगटा के ठिकानों में आयकर के सर्वे

**प्लांट में मालवाहक वाहनों के प्रवेश और निकासी पर है रोक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** रुंगटा के सभी ठिकानों पर जारी आयकर के सर्वे शुक्रवार को भी जारी रहा। आयकर की टीम रामगढ़ मेन रोड स्थित कार्यालय सह आवासीय परिसर, कुजू ओपी क्षेत्र के बूढ़ा खाप कर्मा स्थित आलोक स्टील, बरकाकाना ओपी क्षेत्र के हेहल स्थित मां छिन्नमस्तिका स्पंज आयरन प्लांट और रामगढ़ थाना क्षेत्र के अरगड्डा हेसला स्थित झारखंड इस्पात में सर्वे कर रही है। इस दौरान आवासीय कार्यालय के गेट में तैनात सीआरपीएफ के जवान तैनात दिख रहे है। इधर सूत्रों की माने तो अबतक टीम ने हर पहलुओं को ध्यान में रख जांच को जारी रखा है। रामगढ़ स्थित कार्यालय सह आवासीय परिषर को छोड़ दें तो रूंगटा ग्रुप से सभी प्लांट अभी चालू है। इन प्लांटों में तीनों शिफ्ट में मजदूर काम के लिए पहुंच रहे हैं। जिन्हें सुरक्षा में तैनात सीआरपीएफ के जवान नहीं रोक रहे हैं। जिसके कारण इन प्लांट में उत्पादन जारी है।

**प्लांट में मालवाहक वाहनों के प्रवेश और निकासी पर लगी है रोक:** आयकर विभाग की छापेमारी रुंगटा ग्रुप के सभी ठिकानों में चल रही है। इससे कार्य प्रभावित तो नहीं हुआ है। लेकिन प्लांट के अंदर से तैयार माल और बाहर से कच्चे माल लदे ट्रक खड़े हैं। सूत्रों की माने तो शनिवार शाम तक कच्चा माल बाहर से अंदर नहीं पहुंचते हैं तो, प्लांट में उत्पादन प्रभावित हो सकता है।

## देसी कट्टा के साथ एक अपराधी गिरफ्तार

**चतरा(आजाद सिपाही)।** पुलिस ने शहर में एक बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में लगे एक हथियारबंद अपराधी को एक देशी कट्टा और 20 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस संबंध में सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार ने सदर थाना में आयोजित प्रेस कांन्फ्रेंस में बताया कि पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ हथियारबंद अपराधी अव्वल मोहल्ला के पास शादी समारोह में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने वाले हैं। इस संदर्भ में प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा सूचना को सत्यापित करते हुए त्वरित कार्रवाई की गयी और काली मंदिर के पास एक देशी कट्टा और 20 पीस जिंदा कारतूस के साथ एक अपराधी को रंगे हाथ धर दबोचा। उसके पास से एक मोबाइल भी बरामद किया गया। अपराधी जिले के वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के घंघरी गांव निवासी जोधी यादव का 20 वर्षीय पुत्र जटाधारी यादव उर्फ मोदी उर्फ रोहित है छापामारी दल में प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक वसीम रजा, सदर थाना प्रभारी मनोहर करमाली, अवर निरीक्षक निर्मल कुमार सिंह, सच्चिदानंद सिंह, विकास पासवान, थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## डीसी ने दीदियों को आत्मनिर्भर बनने के लिए किया प्रेरित

आजाद सिपाही संवाददाता




**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान चतरा सदर प्रखंड के देवरिया, सिमरिया प्रखंड के सबानो व टंडवा प्रखंड के कोयद पंचायत में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का निरीक्षण किया। उन्होने कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉल का निरीक्षण किया। इसके पश्चात कल्याण मंच से उन्होने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभांरभ किया। वहीं असहाय, गरीब व वृद्ध लोगों के बीच कम्बल का भी वितरण किया साथ ही कार्यक्रम में आये आमजनों को पौधा देकर उनको पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। वहीं जेएसएलपीएस के सखी दीदीयों के बीच चेक व लाभुकों के बीच योजनाओं की स्वीकृति पत्र का वितरण किया। उन्होने कल्याण मंच से सभी को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाया जा रहा है। सभी आम जनों से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में अपने अपने पंचायतों में होने वाले कार्यक्रम में पहुंच सरकार द्वारा संचालित महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ ले। साथ ही मौके पर उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा यह सुनिश्चित किया जाय कि सभी पात्र लाभुकों को योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ मिले। यह कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राम व सुदूरवर्ती क्षेत्र से जो लाभुक मुख्यालय नहीं पहुंच पाते है उन्हे लाभान्वित करने का है।

## झामुमो पोटंगा पंचायत कमेटी का हुआ गठन

**सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठावें ग्रामीण : सोनाराम**

आजाद सिपाही संवाददाता



**उरीमारी।** बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पोटंगा पंचायत के जोजो टोला नव प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में शुक्रवार को सूरज बेसरा की अध्यक्षता में बैठक झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक हुई। संचालन जीतन मुंडा ने किया। जिसमें मुख्य अतिथि झामुमो केंद्रीय सदस्य सह संयोजक मंडली हजारीबाग सोनाराम मांझी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष हजारीबाग संजय करमाली, विशिष्ट अतिथि बड़कागांव प्रखंड मुख्य संयोजक मंडली संजय सिंह, मोहन सोरेन, रेशमी टुडू, संतोष सिंह, मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से विचार- विमर्श कर झारखंड मुक्ति मोर्चा पोटंगा पंचायत कमिटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष रविन्द्र सोरेन, उपाध्यक्ष राजेंद्र गंझू, बिरसा हेंब्रोम, दिनेश मुंडा, सचिव बिनोद हेंब्रोम, संयुक्त सचिव अजय करमाली, अजय बेसरा, विजय सोरेन, संगठन सचिव सतनारायण बेदिया, कोषाध्यक्ष राजेंद्र सोरेन, सदस्य अजय मरांडी, बंशी मुर्मू, सुखराम बेसरा, राजू बेसरा, बिनोद बेदिया, दशरथ बेदिया, सनुलाल बेसरा, बाबू गंझू, पंकज हेंब्रम, बच्चू मांझी, पप्पू लाल मांझी, उषा देवी, अनिता हांसदा, अनिता देवी, तालो किस्कू, महावीर बेसरा, बरनाबस टुडू, प्रेम सोरेन, अर्जुन मुंडा, उदन सोरेन, गणेश उरांव बनायें गये। सभी को अतिथियों के द्वारा झामुमो पार्टी का पट्टा और माला पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि सोनाराम मांझी ने झारखंड सरकार हेमंत सोरेन के द्वारा किये गये विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। साथ ही सरकार द्वारा चलाए जा रहे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उपस्थित होकर ग्रामीणों को लाभ उठाने को कहा।

## कुंदा में एक दिवसीय शिविर का आयोजन

**कुंदा/चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में वन अधिकार अधिनियम के तहत प्रखंड स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन बीपीओ अजय कुमार सिन्हा और कुंदा मुखिया मनोज कुमार साहू द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर उदघाटन किया गया। इस कार्यक्रम में अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी ( वन अधिकारों की मान्यता) 2006, नियम 2008 एवम संशोधित नियमावली 2012 को लागू करने हेतू झारखंड सरकार द्वारा जारी निर्देश के आलोक में वन पट्टा देने के प्रावधान के तहत कुंदा प्रखंड से सभी गांव से आये हुए ग्रामीणों द्वारा वन भूमि की मांग किया गया। इस मौके पर बीपीओ अजय कुमार सिन्हा, कुंदा मुखिया मनोज कुमार साहू, बोधाडीह मुखिया पति बिनोद साव, रंजीत भोगता, और सभी ग्रामीण उपस्थित थे।

## 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन

# 2531 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन

आजाद सिपाही संवाददाता




**चतरा।** जिले के इटखोरी प्रखंड के शहरजाम पंचायत, सिमरिया प्रखंड के सबानो पंचायत, हंटरगंज प्रखंड के चकला पंचायत, चतरा प्रखंड के देवरिया पंचायत, प्रतापपुर प्रखंड के मोनिया पंचायत, टंडवा प्रखंड के कोयद पंचायत, नगर परिषद चतरा वार्ड संख्या 08 में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में फूलो झानों आशीर्वाद अभियान, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना, अबुआ आवास योजना, गुरूजी स्टूडेंस क्रेडिट कार्ड योजना, बिरसा सिंचाई कूप सर्वधन योजना समेत अन्य योजनाओं का लाभ लेने हेतु अलग अलग प्रखंड में लाभुक हजारो की संख्या में कार्यक्रम में पहुंच आवेदन कर योजनाओं से लाभांवित हो रहे है। वहीं कार्यक्रम में ऑन द स्पॉट समस्याओं से संबंधित मामले का निष्पादन किया जा रहा है। आज के शिविर में इटखोरी प्रखंड के शहरजाम पंचायत में 672 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 303 आवेदनों का निष्पादन, सिमरिया प्रखण्ड के सबानों पंचायत में 1186 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 323 आवेदनों का निष्पादन, हंटरगंज प्रखंड के चकला पंचायत में 1303 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 320 आवेदनों का निष्पादन, प्रतापपुर प्रखंड के मोनिया पंचायत में 981 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 695 आवेदनों का निष्पादन, चतरा प्रखण्ड के देवरिया पंचायत में 794 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 416 आवेदनों का निष्पादन, टंडवा प्रखंड के कोयद पंचायत में 1156 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 387 आवेदनों का निष्पादन, नगर परिषद चतरा वार्ड संख्या 08 में 87 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 87 ओवदनों का निष्पादन किया गया।

## सर्वोदय निकेतन में वार्षिक क्रीड़ा सप्ताह शुरू



**कुजू (आजाद सिपाही)।** डटमामोड़ कुजू स्थित सर्वोदय निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को पांच दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा सप्ताह शुभारंभ किया गया। क्रीड़ा सप्ताह का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि विद्यालय निदेशक नरसिंह कुमार ने किया। इससे पूर्व, विद्यालय के बच्चों ने मुख्य अतिथि को मार्च पास्ट की सलामी दी। जबकि विद्यालय प्राचार्य सूर्यनाथ यादव ने मशाल जलाकर कार्यक्रम का प्रारंभ होने की घोषणा की। उद्घाटन के पश्चात विद्यालय में अंतर्सदनीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी सदनों के छात्र-छात्राओं ने लंबी कूद, भाला फेंक, गोला फेंक खेलों में भाग लिया। वहीं, बाल वाटिका के छात्र-छात्राओं ने गोली-चम्मच और बिस्कुट दौड़ में भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक नरसिंह कुमार ने कहा कि छात्रों को शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेल अवसरों को भी प्रदान किया जाना आवश्यक है। इससे उनके व्यक्तित्व का समुचित विकास होता है। वहीं, विद्यालय प्राचार्य सूर्यनाथ यादव ने बताया कि आगामी दिनों में दौड़, खो-खो, कबड्डी, वालीबॉल आदि खेल अंतर्सदनीय स्तर पर होंगे। क्रीड़ा सप्ताह के आखिरी दिन सभी विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित और पुरस्कृत किया जायेगा। क्रीड़ा का आयोजन विद्यालय के खेल शिक्षक सूरज कुमार के देखरेख में जारी है। वही, स्कोरिंग का कार्य शिक्षक अनिल कुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक - शिक्षिकाएं व छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का विधायक ने किया उद्घाटन



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वारा के तहत सरकार प्रत्येक ग्रामीण के द्वार तक पहुंच रही है उक्त बातें शुक्रवार को पतरातू पंचायत सचिवालय परिसर में आयोजित महत्वाकांक्षी कार्यक्रम आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद ने कही। कार्यक्रम में विभिन्न तरह के पेंशन योजनाएं, अबुआ आवास, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, मनरेगा के तहत जॉब कार्ड, सावित्रीबाई फूलों योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना सहित कई योजनाओं के लिए लगभग 250 आवेदन दिये गये। वहीं किशोरी समृद्धि योजना के तहत किशोरियों को चेक से राशि दी गयी। साथ ही दर्जनों लाभुकों के बीच कंबल और वन विभाग द्वारा फलदार वृक्ष का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक अंबा प्रसाद ने फीता काट व दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में ग्रामीणों का उत्साह जैसा माहौल देखा गया। मौके पर मुखिया गिरजेश कुमार, पंचायत समिति सदस्य ज्योति गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, झामुमो के उदय अग्रवाल, राजेंद्र ठाकुर प्राचार्य रविंद्र रविदास, नईम अंसारी, संगीता कुमारी, परमानंद कुमार सहित सैकड़ों महिला पुरुष शामिल थे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** पीएम नरेन्द्र मोदी के सलाहकार तरुण कपूर कल टंडवा प्रखंड अंतर्गत गाड़ीलौंग पंचायत भवन परिसर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ करेंगे। पीएम एडवाइजर नॉर्थ कर्णपुरा सुपर थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट टंडवा और मगध कोल परियोजना का निरीक्षण और निर्देशन करेंगे साथ ही विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद वे हवाई मार्ग से दिल्ली रवाना हो जायेंगे। पीएम सलाहकार के द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ को देखते हुये जहां एक ओर प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा सुंदर व सफल आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाया जा रहा है, वहीं भाजपा के कार्यकर्ताओं में भी काफी उत्साह देखा जा रहा है। इसको लेकर चतरा सांसद और सिमरिया विधायक अपने निर्देशन व मार्गदर्शन से सभी कार्यकर्ताओं को सफल करने के लिए उत्साहित किया गया हैं।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** मानवाधिकार सहायता संघ और झारखंड स्वास्थ्य मिशन, रांची के संयुक्त तत्वावधान में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन आर्य बाल उच्च विद्यालय नया नगर बरकाकाना और सीसीएल उच्च विद्यालय नया नगर बरकाकाना में किया गया। शिविर का विधिवत उद्घाटन उपस्थित डॉक्टरों की टीम व विद्यालय प्रिंसिपल ने दीप प्रज्वलित कर शिविर की सुरुवात की। शिविर में उपस्थित डॉक्टरों की टीम ने पांच सौ बच्चों व अभिभावकों का नि:शुल्क ब्लड प्रेशर, शुगर, जेनरल रोग जांच, नेत्र जांच, स्पीच एंड हियरिंग जांच, शिशु रोग जांच किया गया। मौके पर झारखंड स्वास्थ्य मिशन के अध्यक्ष संतोष सोनी, जिला सचिव रवींद्र मुंडा, जनता हॉस्पिटल रामगढ़ के डॉ बी बी सिंह, गौतम पटेल, पुनम कुमारी, मोनिका कुमारी, इम्तियाज आलम, वेल क्योर हॉस्पिटल के डॉ वसीम अंसारी, रांची बुटी मोड़ स्थित भगवान महावीर आई हॉस्पिटल के जूही कुमारी, ममता कुमारी, दुबराज महतो, बिट्टू ऑप्टिकल के शाहनवाज नैयर और कल्पना हियरिंग एंड स्पीच क्लीनिक के अंकित कुमार, रामगढ़ टायर मोड स्थित स्टार किड्स डिजिटल चिल्ड्रेन हॉस्पिटल के डॉ गौतम कुमार, विभा कुमारी, मानवाधिकार सहायता संघ के जिला प्रवक्ता नरेश प्रजापति, आर्य बाल उच्च विद्यालय के प्रिंसिपल आशा सिंह, सतपाल बोहरा, अर्चना, कुंती, शक्ति, संगीता, सुभाष, रीना सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## मायाटुंगरी के पास शव मिलने से सनसनी

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रांची-पटना मुख्यमार्ग अंतर्गत फोरलेन स्थित मायाटुंगरी के पास शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना रामगढ़ पुलिस को दी गयी। सूचना पाकर रामगढ़ थाना के एएसआई उदय यादव सदलबल के साथ घटनास्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दी।

# राजनीति में नया कल्चर

मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान विधानसभाओं के लिए निर्वाचित बीजेपी के 12 सांसदों में से 10 ने बुधवार को संसद से इस्तीफा दे दिया। बाकी दो के बारे में भी माना जा रहा है कि जल्दी ही इस्तीफा भिजवा देंगे। ये सब नवनिर्वाचित विधायकों के रूप में अपनी भूमिका जल्दी ही शुरू करेंगे। देश की राजनीति में संभवतः यह पहला ही मौका है, जब इतनी बड़ी संख्या में किसी पार्टी के सांसदों ने राष्ट्रीय राजनीति से हट कर प्रदेश राजनीति में सक्रिय भूमिका चुनी हो। इसका पहला परिणाम तो यह हुआ है कि तीनों राज्यों में मुख्यमंत्री पद को लेकर चल रही अटकलबाजी और दिलचस्प हो गयी है। मध्य प्रदेश में मौजूदा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और छत्तीसगढ़ एवं राजस्थान में क्रमशः पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमण सिंह और वसुंधरा राजे सिंधिया पहले से इस पद के दावेदार बताये जा रहे हैं, लेकिन प्रेक्षकों का कहना है कि बीजेपी नेतृत्व तीनों राज्यों में नये चेहरे को कमान सौंपना चाहता है। इस रस्साकशी का नतीजा क्या निकलता है, यह जल्द स्पष्ट होगा, लेकिन इस्तीफों के बाद यह संभावना मजबूत हो गयी है कि पार्टी नेतृत्व इन नेताओं के अनुभव का लाभ उठाने की मंशा से इन्हीं में से किसी को मौका देना चाहेगा।

**मध्य प्रदेश में मौजूदा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और छत्तीसगढ़ एवं राजस्थान में क्रमशः पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमण सिंह और वसुंधरा राजे सिंधिया पहले से इस पद के दावेदार बताये जा रहे हैं, लेकिन प्रेक्षकों का कहना है कि बीजेपी नेतृत्व तीनों राज्यों में नये चेहरे को कमान सौंपना चाहता है।**

दूसरा नतीजा यह है कि पार्टी के अंदर और बाहर इस सवाल पर भी चर्चा शुरू हो गयी है कि इस्तीफों से खाली हुई जगहों को भरने का क्या इंतजाम होगा। चूंकि छह महीने के अंदर लोकसभा चुनाव होने हैं, इसलिए उपचुनावों की कोई संभावना नहीं है, लेकिन केंद्रीय मंत्रिमंडल में जो अहम पद खाली हुए हैं, उन्हें भरने की कोई पहल हो सकती है। स्वाभाविक ही पार्टी के अंदर इस बात को लेकर बेचैनी दिखने लगी है, ऐसी कोई पहल होगी या नहीं और होगी तो किन्हें मंत्रिमंडल में प्रवेश का मौका मिलेगा। तात्कालिक सवालों से अलग होकर इस प्रकरण को देखा जाये, तो साफ है कि मुख्यमंत्री या उपमुख्यमंत्री के रूप में भूमिका मिले या न मिले, सांसदी छोड़ कर राज्यों में विधायक की भूमिका में आये ये नेता प्रदेश राजनीति को अलग ढंग से समृद्ध करेंगे। अव्वल तो केंद्रीय मंत्री और सांसद के रूप में उनका अनुभव उन्हें अपेक्षाकृत छोटे कार्यक्षेत्र में चीजों को ज्यादा बारीकी से देखने का मौका देगा, जिसका लाभ बाकी विधायकों को ही नहीं, पार्टी और सरकार को भी मिल सकता है। दूसरी बात यह कि इनकी मिसाल से यह बात बार-बार रेखांकित होगी कि राजनीति सिर्फ अपनी निजी उपलब्धियों में इजाफा करने या अपना कद बढ़ाते रहने की जद्दोजहद का नाम नहीं है। पार्टी के प्रति समर्पण का यह रूप कम से कम बीजेपी में पॉलिटिक्स के नये कल्चर को मजबूती देगा, ऐसी उम्मीद निराधार नहीं कही जा सकती।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा की विजय, 2 राज्यों से कांग्रेस सरकारों का जाना तथा तेलंगाना में कांग्रेस की वापसी इन चुनाव परिणामों का साकार सच है। किंतु इस साकार सच के पीछे अनेक ऐसे सच हैं, जो भारत के वर्तमान एवं भविष्य की राजनीति, सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक दशा-दिशा के संकेत देते हैं। यह साफ है कि कांग्रेस अपने 2 राज्य सरकारों के कायम रखने के साथ मध्यप्रदेश में विजय को सुनिश्चित मानकर चल रही थी। ऐसा नहीं होता तो कांग्रेस मुख्यालय में सुबह-सुबह लड्डुओं के भंडार के साथ ढोल-नगाड़ों की गूंज तथा कार्यकर्ताओं के उल्लास और उमंग में कूदते नृत्य करते दृश्य सामने नहीं आते।**

# चुनाव परिणामों के संकेत और संदेश समझने की आवश्यकता

**अवधेश कुमार**

प्रत्येक चुनाव परिणाम अपने साथ अनेक संकेत और संदेश लाता है। विश्लेषक अपने-अपने दृष्टिकोण से उन संकेतों और संदेशों को प्रस्तुत करते हैं और यह हम पर निर्भर है कि हम उन्हें किस दृष्टिकोण से देखें। मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा की विजय, 2 राज्यों से कांग्रेस सरकारों का जाना तथा तेलंगाना में कांग्रेस की वापसी इन चुनाव परिणामों का साकार सच है। किंतु इस साकार सच के पीछे अनेक ऐसे सच हैं, जो भारत के वर्तमान एवं भविष्य की राजनीति, सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक दशा-दिशा के संकेत देते हैं। यह साफ है कि कांग्रेस अपने 2 राज्य सरकारों के कायम रखने के साथ मध्यप्रदेश में विजय को सुनिश्चित मानकर चल रही थी। ऐसा नहीं होता तो कांग्रेस मुख्यालय में सुबह-सुबह लड्डुओं के भंडार के साथ ढोल-नगाड़ों की गूंज तथा कार्यकर्ताओं के उल्लास और उमंग में कूदते नृत्य करते दृश्य सामने नहीं आते।

चुनाव परिणाम आने के पहले ही कांग्रेस नेताओं के बयान ऐसे आने लगे थे, मानो नरेंद्र मोदी और उनके नेतृत्व में भाजपा का दौर समाप्त हो चुका है और 2024 में इनका जाना निश्चित है। चुनाव परिणाम बताते हैं कि कांग्रेस जमीनी वास्तविकता से बिल्कुल दूर थी अन्यथा वह प्रतिक्रियाओं और प्रदर्शनों के लिए परिणामों की प्रतीक्षा करती। राजस्थान में जादूगर कहलाने वाले अशोक गहलोत के 25 में से 17 मंत्रियों को हार का सामना करना पड़ा। इसी तरह छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और 3 मंत्रियों को छोड़ कर उपमुख्यमंत्री एस सिंहदेव समेत 9 मंत्री चुनाव हार गये। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को बस्तर की चित्रकूट सीट से हार का सामना करना पड़ा।

**अभी तक किसी पार्टी ने परिणामों की समीक्षा और ईमानदारी से इन कारकों को स्वीकार कर परिवर्तन का संकेत नहीं दिया है।**



**मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा की विजय, 2 राज्यों से कांग्रेस सरकारों का जाना तथा तेलंगाना में कांग्रेस की वापसी इन चुनाव परिणामों का साकार सच है। किंतु इस साकार सच के पीछे अनेक ऐसे सच हैं, जो भारत के वर्तमान एवं भविष्य की राजनीति, सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक दशा-दिशा के संकेत देते हैं।**

तेलंगाना में मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव कामरेड्डी सीट से भाजपा उम्मीदवार वेंकटरमना रेड्डी से चुनाव हार गए। यहां कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रेवंत रेड्डी भी उम्मीदवार थे। यह अलग बात है कि के चंद्रशेखर राव और रेवंत दूसरी सीट से चुनाव जीते। मध्यप्रदेश में दो-तिहाई बहुमत प्राप्त करने वाली भाजपा की शिवराज सिंह सरकार के 12 मंत्री, एक केंद्रीय मंत्री और एक सांसद भी पराजित हो गये। राजस्थान में भी भाजपा के नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ और उपनेता सतीश पूनिया चुनाव हार गये। छत्तीसगढ़ में भाजपा ने केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह सहित चार सांसद लड़ाये। इनमें दुर्ग के सांसद विजय बघेल अपने संबंधों में चाचा और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से हार गये। रायगढ़ के सांसद गोमती साहू ने भी पत्थल गांव सीट से मात्र 255 मतों से जीत दर्ज की। इन सबके भी कुछ मायने हैं।

इसी तरह महिला मतदाताओं के आंकड़े भी काफी कुछ कहते हैं। उदाहरण के लिए मध्यप्रदेश में 1993 में महिला मतदाताओं में से सिर्फ 52 प्रतिशत महिलाओं ने मतदान किया था, जबकि 2023 में यह आंकड़ा 76 तक पहुंच गया है। 34 विधानसभा क्षेत्र में महिलाओं ने पुरुषों से ज्यादा मतदान किया और इनमें से अधिकांश सीटों पर भाजपा जीती। छत्तीसगढ़ की 90 में से 50 सीटों पर महिलाओं ने ज्यादा मतदान किया। इनमें करीब 29 सीटें ऐसी हैं, जिनमें महिलाओं ने निर्णायक भूमिका निभायी।

राजस्थान के कुल 75.45 प्रतिशत मतदान में महिलाओं की भागीदारी 74.72 प्रतिशत और पुरुषों की 74.53 प्रतिशत रही। यानी 0.19 प्रतिशत अधिक महिलाओं ने सरकार चुनने में भूमिका निभायी। इस चुनाव का एक और प्रमुख पहलू है, मुस्लिम वोटों का कांग्रेस की ओर रुझान। मध्यप्रदेश के आंकड़े बताते हैं कि मुसलमानों की निर्णायक सीटों पर कांग्रेस को जीत मिली है।

तेलंगाना में कांग्रेस की जीत का एक बड़ा कारण मुस्लिम मतदाताओं का बीआरएस से निकल कर कांग्रेस की ओर आना है। के चंद्रशेखर राव ने मुस्लिम मतदाताओं को खुश करने के लिए अनेक योजनाओं की घोषणाएं की। निष्कर्ष यह निकाला जा रहा है कि मुस्लिम बिरादरी क्षेत्रीय दलों को छोड़ कर राष्ट्रीय राजनीति में प्रभाव बढ़ाने के लिए कांग्रेस की ओर मुड़ रही है। चारों राज्यों में मुसलमान का वोट भाजपा को न के बराबर मिला है। निश्चय ही इस तरह के ध्रुवीकरण की प्रतिक्रिया में दूसरी ओर भी ध्रुवीकरण होता है।

कांग्रेस द्वारा जाति जनगणना को बड़ा मुद्दा बनाने के बावजूद कांग्रेस के खाते में अति पिछड़ा वर्ग, दलित और आदिवासियों का वोट काफी काम आया। आदिवासी सीटों पर भाजपा की सफलता के मायने बिल्कुल साफ हैं। साफ है कि इन तथ्यों को नकार कर आप परिणाम के सारे संदेश नहीं पढ़ सकते। जो पार्टी और नेता इन संकेतों और संदेशों की ईमानदार समीक्षा कर उसके अनुसार विचार, व्यवहार और रणनीति में आवश्यक बदलाव लाएंगे वे आगे सफल होंगे और जो नहीं लेंगे उनके लिए सफलता कठिन होगी। अभी तक किसी पार्टी ने परिणामों की समीक्षा और ईमानदारी से इन कारकों को स्वीकार कर परिवर्तन का संकेत नहीं दिया है। फ्रीबीज घोषणाओं में भी कांग्रेस भाजपा से बहुत आगे थी, जिनके लिए ये योजनाएं लाभकारी थीं, अगर वे भी उस रूप में कांग्रेस के साथ नहीं गये, तो इसके संकेत और संदेश भी समझने की आवश्यकता है।

## जमशेदपुर की खबरें

# मानगो में दो की गोली मारकर हत्या, एक गिरफ्तार

## तीन हथियार बरामद, अन्य की गिरफ्तारी के लिए तलाश जारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर के मानगो थाना अंतर्गत जवाहरनगर रोड नंबर 16 के पास शुक्रवार को अज्ञात अपराधियों ने दिन दहाड़े सज्जाद उर्फ टांगा को गोली मारकर हत्या कर दी। वहीं घटना के दौरान पेट्रोलिंग कर रही टाइगर मोबाइल के जवान 35 वर्षीय रामदेव महतो आरोपी को पकड़ने का प्रयास कर रहा था की अपराधियों ने उन्हें भी गोली मार दी। घटना के दौरान मौके पर मौजुत स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को लेकर टीएमएच पहुंचे। जहा डॉक्टरो ने सज्जाद उर्फ टांगा को मृत घोषित कर दिया। वही टाइगर मोबाइल के जवान का इलाज शुरू कर दी गयी। उधर घटना की सूचना मिलते ही एसएसपी, सिटी एसपी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी टीएमएच पहुच कर घयाल जवान का हाल जाना। इस अवसर पर एसएसपी किशोर कौशल ने बताया मानगो जवाहरनगर के पास अज्ञात अपराधियों द्वारा गोली चलायी गयी। जिसमें सज्जाद उर्फ टांगा को गोली लगने से मौत हो गयी। एक टाइगर मोबाइल जवान को भी गोली लगी है। जिसका इलाज टीएमएच में चल रही है। एसएसपी ने बताया तीन की संख्या में अपराधी के घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने दौड़ा कर भागने वाले एक अपराधी को हिरासत में ले लिया है। अपराधी के पास से तीन रिवाल्वर बरामद किया गया। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर अन्य की तलाश कर रही है। उधर बताया जा रहा है देर शाम टीएमएच में इलाज के दौरान टाइगर मोबाइल के जवान ने भी दम तोड़ दिया। जवान के मौत से पूरे पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। बताया जा रहा है टाइगर मोबाइल का जवान रामदेव महतो घटना के समय पेट्रोलिंग कर रहा था। इस बीच अपराधियों को पकड़ने के लिए उसका पीछा करने के दौरान उन्हें गोली मार दी। घटना के दौरान पुलिस को सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने तीन अपराधियों में एक को घटनास्थल से ही दौड़ाकर पकड़ लिया। अपराधी के पास से तीन रिवाल्वर भी बरामद किया गया। बताया जा रहा है सज्जाद उर्फ टांगा जमीन का कारोबार करता था। फिलहाल पुलिस आरोपी के निशानदेही पर छापेमारी कर रही है।





# कुणाल षाड़ंगी ने ग्रेटर जमशेदपुर बनाने की मांग की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** भाजपा झारखंड प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने दिल्ली में शुक्रवार को केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री,आवास व शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पूरी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने लौहनगरी जमशेदपुर के भविष्य की योजनाओं और झारखंड में उज्ज्वला योजना के सफल क्रियान्वयन के सदंर्भ में व्यापक चर्चा की। कुणाल षाड़ंगी ने जमशेदपुर शहर की बढ़ती आबादी, ट्रैफिक, अतिक्रमण व औद्योगिक विस्तारीकरण पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए केंद्र सरकार द्वारा एक नए जमशेदपुर बनाने की दिशा में पहल करने का आग्रह किया। कुणाल षाड़ंगी ने कहा भारत की वर्तमान जनसंख्या की लगभग 31% आबादी शहरों में बसती है। एक आकलन के अनुसार आगामी 10 वर्षों में शहरी क्षेत्रों में देश की आबादी का 40% निवास होगा। इसके लिए भौतिक, संस्थागत, सामाजिक और आर्थिक बुनियादी ढांचे के व्यापक विकास की आवश्यकता है। उन्होंने बताया जमशेदपुर में दो शहर बसते हैं। जिसमें दो तरह की व्यवस्थाएं चलती है। एक व्यवस्था कंपनी कमांड क्षेत्र के अधीन बस्तियों में हैं व एक गैर-कंपनी कमांड क्षेत्र की बस्तियों में है। दोनों क्षेत्र की व्यवस्थाओं व मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति में बहुत बड़ा अंतर है। कंपनी क्षेत्र की बस्तियों में सभी नागरिक सुविधाएं बहाल है तो दूसरी गैर कंपनी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति, पेयजल, सड़क व साफ-सफाई जैसी अन्य बुनियादी सुविधाओं का घोर आभाव देखने को मिलता है। कुणाल षाड़ंगी ने बताया जमशेदपुर में बढ़ते शहरीकरण व औद्योगिक विस्तारीकरण के साथ नए निर्माण कार्य जारी है तो क्यों ना एक सुरक्षित व बेहतर शहरी भविष्य के लिए अभी से कार्ययोजना बनायी जाये। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से कंपनी व गैर-कंपनी क्षेत्र के अंतर को बताते हुए कहा भविष्य को ध्यान में रखकर देश में नया भोपाल, नया रायपुर, नई दिल्ली जैसे अनेकों शहर विकसित हुए हैं। ऐसे में केन्द्र सरकार नए जमशेदपुर बनाने की दिशा में पहल करते हुए आवास बोर्ड के माध्यम से जमीन अधिग्रहण कर सभी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति कर एक नए शहर का निर्माण करें तो निश्चित रूप से यह ना केवल आम लोगों की जीवन की गुणवत्ता में सुधार लायेगा, बल्कि निवेश को आकर्षित करने, समग्र विकास एवं प्रगति की दृष्टि से भी यह महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। केंद्रीय मंत्री ने सुझावों पर जरूरी समीक्षा करने व उचित कार्रवाई करने का भरोसा दिया।



# विधायक ने परिसंपत्तियों का किया वितरण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटमदा।** जुगसाई विधानसभा स्थित पटमदा प्रखंड के कुमीर पंचायत भवन में 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' शिविर का आयोजन किया गया। शुक्रवार को शिविर में मुख्य अतिथि विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। विधायक ने द्वीप प्रज्वलित कर कायक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर विधायक ने शिविर में लगे सभी विभागीय स्टॉल का निरीक्षण किया। साथ ही ग्रामीणों से सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए अपील की। विधायक ने कहा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच है समाज के अंतिम पंक्ति पर बैठे लोगों तक विकास की रोशनी पहुंचे। इसलिए राज्य के सभी पंचायतों में शिविर का आयोजन कर ऑन द स्पॉट समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।

इस अवसर पर शिविर में सबसे अधिक भीड़ अबुआ आवास के स्टॉल में रही। मौके पर अधिकारियों ने ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए ऑन द स्पॉट कई समस्याओं का समाधान किया। इस अवसर पर शिविर में विधायक ने सोना सोबरन धोती-साड़ी, असहाय बुजुर्गों के बीच कंबल, पेंशन स्वीकृति पत्र, स्कूली बच्चों को साइकिल की राशि, महिला समूहों के बीच परिसंपतियो का वितरण किया। मौके पर प्रमुख बालिका सोरेन, उपप्रमुख श्रीदेवी माझी, विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, बीडीओ पियूषा शालीना डोना मिंज, सीओ चंद्रशेखर तिवारी, सीडीपीओ नीतू कुमारी, मुखिया दीपक कोड़ा, ग्राम प्रधान मृत्युंजय महतो, सुभाष कर्मकार, अश्विनी महतो, जामिनी प्रामाणिक, हरे कृष्ण महतो समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



# वैश्य मोर्चा केंद्रीय समिति की बैठक कल रामगढ़ में

**रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की नवगठित केंद्रीय समिति की पहली बैठक रामगढ़ के झंडा चौक स्थित होटल गुलमोहर रेसीडेंसी में रविवार को होगी। इसकी अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू करेंगे, जबकि इसमें विभिन्न जिलों के पदाधिकारी शामिल होंगे। बैठक में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण, वैश्य आयोग का गठन आदि मुद्दों को लेकर रणनीति बनेगी और कार्यक्रम को लेकर चर्चा की जायेगी। साथ ही भदानीनगर थाना प्रभारी द्वारा कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहू पर झूठा केस किये जाने की साजिश के खिलाफ 12 दिसंबर को प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन के संबंध में भी रणनीति बनायी जायेगी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी राहुल कुमार साहू ने दी।**

# लोन पर लिये दो ट्रक को बैंक ने जबरन उठाया

## हाइकोर्ट ने दिया एफआइआर दर्ज करने का आदेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** एक्सिस बैंक से फाइनेंस कराये गये दो ट्रक को जबरन उठाये जाने को लेकर भूली ओपी धनबाद में शिकायत के बावजूद प्राथमिकी नहीं होने मामले में दायर याचिका की सुनवाई हाइकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने एक्सिस बैंक, राज्य सरकार और प्रार्थी का पक्ष सुनने के बाद बैंक मोड़ थाना धनबाद को मामले में प्रार्थी द्वारा दर्ज शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया।

प्रोजेक्ट इक्विपमेंट एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रोपराइटर संजय कुमार की ओर से दायर याचिका में कहा गया था कि गैंगस्टर उपेंद्र सिंह की यूएस एजेंसी, जो एक्सिस बैंक का रिकवरी एजेंट था, उसके साथ मिलकर बैंक अधिकारियों ने 24 मार्च 2022 को जब्त कर लिया। जबकि वे फाइनेंस की राशि नियमित रूप से भुगतान कर रहे थे। इसके बाद भी रिकवरी एजेंट उपेंद्र सिंह समेत बैंक अधिकारियों ने ट्रक को जब्त कर लिया। साथ ही ड्राइवर के साथ मारपीट की। ट्रक छोड़ने के बदले नाजायज पैसे की भी मांग की गयी। इस संबंध में उन्होंने प्राथमिकी दर्ज करने भूली ओपी में आवेदन दिया, तो पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज नहीं की। प्रार्थी के अधिवक्ता शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि रिकवरी बैंक एजेंट उपेंद्र सिंह गैंगस्टर था, उसके खिलाफ 22 केस दर्ज थे। कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने आइसीआइसीआइ बैंक लिमिटेड बनाम प्रकाश कौर और अन्य के मामले में एक आदेश दिया है, जिसके तहत आपराधिक छवि वाले लोगों की सहायता से किसी की फाइनेंस कराये गये वाहन को जब्त कर लेना कानूनी रूप से सही नहीं है।



# प्रसिद्ध समाजसेवी कृत्यानंद श्रीवास्तव की विधवा पत्नी का पुनर्विवाह करवाया गया

ससुराल और मयके पक्ष के प्रयास से संपन्न हुई शादी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा में एक अनोखी शादी आज चर्चा का विषय बनी हुई है। यह शादी बिहार के गया जिला में विष्णु पद मंदिर में गत 7 दिसंबर गुरुवार को संपन्न हुई। जिसमे शहर के प्रसिद्ध समाजसेवी स्वः कृत्यानंद श्रीवास्तव की विधवा पत्नी निरुपमा श्रीवास्तव का पुनर्विवाह उनके ससुराल व मयके पक्ष के प्रयास से संपन्न हुआ है। कृत्यानंद श्रीवास्तव की कोरोना की वजह से वर्ष 2021 में मृत्यु हो गयी थी। वे अपने पीछे पत्नी, मां और भाइयों को छोड़ कर गए थे। सामाजिक कार्यों में सदैव अग्रणी रहने वाले कृत्यानंद के परिवारजन विधवा की पुनर्विवाह करवा कर समाज में एक मिसाल कायम की है। गढ़वा में इस विवाह की चर्चा हो रही है। इस संबंध में लोगों का कहना है कि यदि इसी तरह ससुराल और मायके वाले सूझबूझ से काम लें तो किसी की जिंदगी अधूरी नही रहेगी। विदित हो कि कृत्यानंद श्रीवास्तव विषम परिस्थितियों में भी लोगों की मदद के लिए शुरू से ही संघर्ष करते रहे। जिसे भी रक्त की जरूरत होती थी तो कृत्यानंद हाजिर हो जाते थे। जरूरतमंदों के लिए रक्त उपलब्ध कराना उनका एकमात्र मकसद था। जीवनभर वह इसी काम में लगे रहे। रक्तदान के क्षेत्र में किये गये अपने कार्यों को लेकर उनको अनेक बार पुरस्कार भी मिला। वह खुद किडनी रोग से पीड़ित थे। बावजूद कभी हिम्मत नहीं हारी। रक्तदान कर लोगों की मदद करते रहे। बीमारी कभी आड़े नहीं आयी। उन्होंने ब्लड डोनर नामक एक व्हाटसएप ग्रुप बनाया था। इस ग्रुप में किसी जरूरतमंद को रक्त की जरूरत की सूचना मिलती थी तो वह तुरंत सक्रिय हो जाते थे। वहीं जी जान से उसके लिए रक्त उपलब्ध कराते थे। दिल्ली, मुंबई, बंगलुरू, रांची समेत देश के विभिन्न शहरों में रक्त उपलब्ध कराने के लिए उनके पास मैसेज आते थे। वह उन शहरों में रहने वाले अपने मित्रों से संपर्क कर उनके लिए रक्त की व्यवस्था करते थे। उन्होंने कई लोगों को रक्त उपलब्ध कराकर नई जिदगी दी है। मगर दूसरों को जिदगी देने वाला कोरोना के कारण खुद मौत की नींद सो गया। गढ़वा सदर अस्पताल परिसर में बेहतर समाजसेवी होने के नाते बड़े सम्मान के साथ उनकी प्रतिमा स्थापित की गयी है। जिसका अनावरण शहर के बुद्धिजीवियों की उपस्थिति में की गयी थी।

## ट्रक और कार की टक्कर में दो महिला घायल

गढ़वा (आजाद सिपाही)। शाहपुर सड़क में बिरहा नाला के समीप कार और ट्रक के टक्कर में दो महिला घायल हो गयी। घायल दोनों महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उक्त घायल महिला पलामू जिले के बिश्रामपुर थाना क्षेत्र के पजरी कला गांव निवासी मुखलाल साव की पत्नी कुंती देवी और रघुनाथ साव की पत्नी सोनी देवी का नाम शामिल है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि ये लोग एक शादी समारोह से वापस अपने घर कार में सवार होकर जा रहे थे। इसी बीच बिरहा नाला के समिप खड़ी ट्रक में कार ने धक्का मार दिया, जिससे महिला घायल हो गयी। घायलो को 108 की सहायता से सदर अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया है।

# डॉ निशांत केरल में आइएमए प्रेसिडेंट अवार्ड से किये जायेंगे सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा के विख्यात सर्जन सह आईएमए गढ़वा के पूर्व सचिव डॉ कुमार निशांत सिंह को उनके उत्कृष्ट कार्यों और चिकित्सा के क्षेत्र में समर्पण के लिए केरला में आयोजित आईएमए के नेशनल कांफ्रेंस में उन्हें सम्मानित किया जायेगा। डॉ निशंतगमी 27 और 28 दिसंबर को केरल की राजधानी तिरुअनंतपुरम में उन्हे आईएमए प्रेसिडेंट अवार्ड से समानित किए जाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर चुना गया है। बताते चलें कि इसके पूर्व भी डॉ निशांत को राज्यस्तरीय आईएमए के कांफ्रेंस में बेस्ट प्रेजेंटेशन के लिए सम्मनित किया जा चुका है। आईएमए सेंट्रल काउंसिल के 84वें वार्षिक बैठक के दौरान 27 दिसंबर को उन्हें केरला के तिरुअनंतपुरम में आयोजित समारोह में सम्मनित किया जायेगा।

भाजयुमो ने मंडल सशक्तिकरण अभियान कार्यक्रम के विस्तारकों की सूची जारी की, कहा

# युवाओं को जोड़कर संगठन मजबूत करेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने मंडल सशक्तिकरण अभियान कार्यक्रम को लेकर विस्तारको की सूची जारी की है। उन्होंने कहा कि भाजयुमो विस्तारक मंडल में लगातार नौ दिनों तक मंडल सशक्तिकरण अभियान के दौरान युवाओं को जोड़कर संगठन मजबूत करेंगे। इस दौरान मंडल में अनेकों कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। युवा सम्मेलन, नवमतदाता सम्मेलन लाभुक सम्मेलन सहित अन्य कई कार्यक्रमो का आयोजन किया जायेगा। भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने मंडल सशक्तिकरण अभियान को लेकर मुख्य रूप से विस्तारको का घोषणा किया। जिसमें मुकेश चौबे को धुरकी, रुपेश अग्रवाल को सगमा, रत्नेश ठाकुर को श्री बंशीधर ग्रामीण, हैप्पी प्रताप शाही को श्री बंशीधर नगर मंडल, राजीव रंजन पासवान को भवनाथपुर, जयप्रकाश गुप्ता को खरौंधी, जीतेन्द्र दीक्षित को केतार, रामानुज सिंह को हरिहरपुर, कंचन रवि को विशुनपुरा, अनिमेष चौबे को रमना, अभिमन्यु गुप्ता को डंडई, डॉ लालमोहन को मेराल उत्तरी, लक्ष्मीकांत पांडेय को मेराल दक्षिणी, अरुण तिवारी को गढ़वा ग्रामीण, जयंत पांडेय को गढ़वा नगर मंडल, अविनाश पासवान को गढ़वा गोवावल मंडल, पन्ना सिंह खरवार को चिनियां, सुमेर चौधरी को डंडा, विकास तिवारी को रंका उत्तरी, रीतेश चौबे को रंका दक्षिणी, जीतेंद्र चौबे को रमकंडा, अनिमेष दुबे को भंडरीया, नवीन जायसवाल को बड़गड़, संजय जायसवाल को मझीआंव नगर मंडल, मझीआंव ग्रामीण शिवम भारद्वाज, रामाशीष को बरडीहा, संजय कमलापुरी को कांडी का विस्तारक बनाया गया है।

## पिकअप वैन पलटी, कई गायों ने दम तोड़ा

कांडी (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र अंतर्गत बनकट गांव में उली घाट पर गुरुवार की रात्रि में एक पिकप वैन अनियंत्रित होकर पलट गयी, पलटी पीकअप की गाड़ी संख्या सीजी-12 एस 2574 है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उक्त पिकप वैन पर गौ तस्करी के लिए गायों को ले जाया जा रहा था। उक्त पीकअप पर 09 गायें थीं। दुर्घटना के बाद चार गायें गंभीर रूप से घायल हो गयी, जिनमें मौके पर ही दो गायों की मौत हो गयी। जबकि दो गायें गंभीर स्थिति में तड़प रही थीं। वहीं 05 गायें सोन नदी के डिला में ग्रामीणों के द्वारा खुला छोड़ दिया गया। पशु तस्कर पिकप वैन के दुर्घटना की सूचना स्थानीय चौकीदार द्वारा कांडी थाना को दी गयी। सूचना पाकर शुक्रवार की सुबह कांडी थाना के एसआई अशोक कुमार अपने दल-बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। तब तक पशु तस्कर पिकप वैन को छोड़ फरार हो गए थे। वहीं पुलिस ने पिकप वैन को सड़क के किनारे उक्त पिकप को खड़ा करवा दिया है।

# एचडीएफसी बैंक ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया

बैंक कर्मियों ने 51 यूनिट रक्त दान किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** शहर के चिनिया रोड स्थित एचडीएफसी बैंक की ओर से शाखा परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। डीडीसी राजेश कुमार राय, शाखा प्रबंधक अमित कुमार शुक्ला एरिया हेड तुषार रंजन ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। शिविर में एचडीएफसी बैंक के कर्मियों ने 51 यूनिट रक्त दान किया। मौके पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है। एचडीएफसी बैंक में अपने कार्य को निर्वहन करते हुए सामाजिक क्षेत्र में रक्तदान शिविर का आयोजन कर बहुत बड़ा सामाजिक दायित्व का निर्वाहन किया है। शाखा प्रबंधक अमित कुमार शुक्ला ने बताया कि प्रत्येक वर्ष एचडीएफसी बैंक की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में कर्मियों ने आगे बढ़कर रक्तदान करते हैं। उन्होंने कहा कि शिविर में 51 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य के तहत कार्य किया जा रहा है उन्होंने कहा कि समय-समय पर एचडीएफसी बैंक कर्मियों के द्वारा सामाजिक कार्य किए जाते हैं। मौके पर यूनिट हेड छाया कुमारी, संजय, गोपाल, आशीष, अंकित सहित अन्य लोग उपस्थित है।

# उपायुक्त ने एलइडी वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** आमजनों को राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से वीआर युक्त एलईडी वाहन को समाहरणालय परिसर से उपायुक्त शेखर जमुआर ने हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। वीआर युक्त एलईडी वाहन जिले के विभिन्न पंचायतों और वार्डों में जाकर आमजनों को राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के प्रति जागरूक करेगा। विभिन्न योजनाओं की डॉक्युमेंट्री मूवी के माध्यम से काफी सरल तरीके से फूलो झानो आर्शीवाद योजना, श्रमदान योजना, केसीसी योजना, हर राशन कार्ड योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना समेत अन्य योजनाओं से लोगों को जागरूक किया जायेगा। जिससे आमजनों में सरकारी योजनाओं के प्रति जानकारी का अभाव न रहे और वह पूरी तरह से जागरूक होकर सरकारी योजनाओं का लाभ ले सके। मौके पर उपायुक्त समेत उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय, जिला जन संपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नीतीश कुमार निशांत आदि उपस्थित थे।

## पैसा लेकर केवाइसी नहीं कराने वाले बिचौलिया को खाताधारक ने धुना



पंजाब नेशनल बैंक के मुख्य द्वार पर बैठा विचलिया

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। पंजाब नेशनल बैंक शाखा सीघींताली में पैसा लेकर तीन माह में भी केवाईसी नहीं कराने वाले बिचौलिएं को खाताधारक ने पिटाई कर दी। लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। भवनाथपुर टाऊनशिप रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक शाखा सीघीताली के मुख्य गेट के पास बेलपहाडी निवासी बसंत पाल नामक बिचौलिया बैठता है। वह ग्राहकों से पैसा लेकर बैंक से निकासी, जमा, केवाईसी आदि का फॉर्म भरता है। लोगों की माने तो वह ग्राहको की परेशानी के अनुसार दस रुपये से लेकर सौ रुपये तक उगाही करता है। मकरी पंचायत के आसनबांध निवासी नेपाली साह से भी केवाईसी कराने के लिए दो सौ रुपये लिया था, लेकिन काम नहीं कराया जिसके बाद शुक्रवार को दोनों में बहस होने लगा। आक्रोशित होकर नेपाली साह ने बिचौलिएं बसंत पाल को जमकर धुनायी कर दी। मारपीट होते देख भीड़ ने मामला शांत कराया। बिचौलिएं बसंत पाल ने कहा कि एक सौ रुपये लिए थे, आज थोड़ा नोक झोक हो गया है। वहीं नेपाली साह ने कहा कि बिना पिटाई के काम नहीं होता है। पिटने के बाद मेरा काम हुआ। उल्लेखनीय है कि पंजाब नेशनल बैंक शाखा सिंघीताली के इर्दगिर्द कई बिचौलिया हावी रहते है। जो गांव के भोलेभाले ग्राहकों से फार्म भरने सहित अन्य काम के लिये पैसा उगाही का कार्य करते है, जबकी बैंक अधिकारी सबकुछ देख कर मौन साधे रहते हैं।

# कम राशन देने पर बीडीओ ने डीलर को कड़ी फटकार लगायी

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** बीडीओ विकास कुमार ने शुक्रवार को जंगीपुर उरांव टोला स्थित पीडीएस दुकान की जांच की। जांच के दौरान डीलर बबलू उरांव के द्वारा लाभुकों को कम राशन दिये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये डीलर को कड़ी फटकार लगायी तथा चार दिनों के अंदर पूरा राशन वितरण करने का निर्देश दिया।

जानकारी के मुताबिक जंगीपुर उरांव टोला के लाभुकों ने प्रखंड कार्यालय पहुंचकर बीडीओ से डीलर बबलू उरांव के द्वारा तीन माह से आधा राशन दिये जाने की शिकायत की थी। शिकायत के आलोक में बीडीओ ने तत्काल दुकान पहुंचकर मामले की जांच की। जांच के दौरान लाभुकों की शिकायत सही साबित होने पर डीलर को कड़ी फटकार लगायी।

साथ ही अपनी मौजूदगी में लाभुकों के बीच तौल कर राशन का वितरण कराया। उन्होंने डीलर को चार दिनों के भीतर शेष बचे अनाज को वितरित करने का कड़ा निर्देश दिया। साथ उन्होंने डीलर को अगली बार शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रंका।** रंका प्रखंड अंतर्गत सोनदाग पंचायत में शुक्रवार को भलुआनी विद्यालय के आम बागिचा के प्रांगण में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानन्द राम, पंचायत की मुखिया रीमा देवी, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष अहमद अली अंसारी, झामुमो प्रखंड युवा अध्यक्ष दीपक सोनी, डॉ गोरखनाथ पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में शिक्षा विभाग में गुरु जी स्टुडेंट्स क्रेडिट कार्ड योजना के लिए 4 आवेदन, अबुआ आवास के लिए 964, सर्वजन पेंशन योजना के लिए 8, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड के लिए 58 , लेबर कार्ड के लिए 19, सहित अन्य आवेदन ग्रामीण जनता के द्वारा किया गया। इस अवसर पर मनरेगा बीपीओ सोनू कुमार, अंचल निरीक्षक राजकुमार प्रजापति, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी पंचायत सचिव पंकज तिवारी,शिक्षा विभाग के सीआरपी देवेंद्र उपाध्याय, एफटीसी सुदामा कुमार रवि, जितेंद्र कुमार रवि, झामुमो जिला अल्पसंख्यक उपाध्यक्ष आफताब आलम, नौशाद राय सहित काफी संख्या में जनता उपस्थित थे।

## बिजली करंट की चपेट में आने से एक घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

गढवा। डंडा थाना क्षेत्र के तोड़ी गांव निवासी उपेंद्र विश्वकर्मा बिजली करेंट की चपेट में आने से जख्मी हो गया है। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के संबंध बताया जा रहा है कि उपेंद्र विश्वकर्मा सेमी तोड़ रहा था। इसी बीच बिजली करंट की चपेट में आ गया। जिससे वह जख्मी हो गया। घरवालों की मदद से उसे उठाकर सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

## गणेश उरांव और सुमित्रा उरांव को मिला बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना का लाभ



गणेश उरांव



सुमित्रा उरांव

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम सेन्हा प्रखंड के उगरा पंचायत स्थित मैदान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उगरा निवासी गणेश उराँव को बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना का लाभ मिला। उन्होंने बताया कि अपने खेत में सिंचाई के लिए बहुत दिक्कत होती थी। बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के अंतर्गत अब सिंचाई कूप मिल गया है तो कुआं निर्माण के बाद सिंचाई की समस्या दूर हो जायेगी। सिंचाई के अभाव में उत्पादन पर बहुत पड़ता था जो अब दूर हो जायेगा। बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना का लाभ दिए जाने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को धन्यवाद दिया। वहीं उगरा की निवासी सुमित्रा उराँव ने बताया कि अपनी जमीन में सब्जी की खेती कर रही हैं जिसके लिए खेत में सिंचाई के लिए पानी की बहुत समस्या होती है। बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के अंतर्गत अब सिंचाई कूप मिल गया है तो इसके निर्माण के बाद सिंचाई की समस्या खत्म हो जायेगी।

# जिला स्तरीय जरासंध सम्मेलन 10 को

सुपर 30 के संस्थापक प्रणव कुमार सहित बिहार के कई दिग्गज नेता होंगे शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** चंद्रवंशी समाज की ओर से आगामी 10 दिसंबर को गोविंद उच्च विद्यालय के मैदान में जिला स्तरीय जरासंध जयंती सह सम्मेलन समारोह का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी जरासंध जयंती समारोह के जिला अध्यक्ष सनी चंद्रवंशी ने प्रेस वार्ता कर दिया। उन्होंने कहा कि 10 दिसंबर को गोविंद हाई उच्च विद्यालय के मैदान में अपने कुल देवता जरासंध की जयंती धूमधाम बनाने का निर्णय लिया गया है। साथ ही साथ मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया है। जिसे लेकर समाज के लोगों के द्वारा जिला के विभिन्न प्रखंडों में जाकर प्रचार प्रसार तथा लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रण दिया गया। उन्होंने कहा कि जरासंध जयंती के दिन शोभा यात्रा का भी आयोजन किया गया है। शोभा यात्रा का शुरूआत गोविंद हाई उच्च विद्यालय के मैदान से निकलकर मुख्य पथ होते हुए रंका मोड मझिआव मोड़ से पुनः वापस कार्यक्रम स्थल पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार से ग्रामीण कार्य मंत्री बिहार सरकार सह प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा बिहार के भीम सिंह चंद्रवंशी, सुपर 30 के संस्थापक प्रणव कुमार, बिहार विधानसभा परिषद सदस्य रामबली सिंह चंद्रवंशी, पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश राजपाल कश्यप, प्रमोद चंद्रवंशी सहित विभिन्न प्रदेशों के अथिति उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विनोद चंद्रवंशी, नंद देव, जितेंद्र, संजय, सोनू, अतुल, गौतम चंद्रवंशी आदि लोग जुटे हुए हैं।

## कम पैसे पर अंग्रेजी शराब नहीं देने पर ग्राहक ने की पिस्टल से फायरिंग



**मझिआंव।** मझिआंव मुख्य पथ पर पुराने अस्पताल के समीप स्थित सरकारी अंग्रेजी दुकान पर गुरुवार की रात शराब लेने के दौरान बाजार निवासी पिंकू सोनी पर हंगामा करने और फायरिंग करने का आरोप है। इस संबंध में शराब दुकान के सेल्स मैन पंकज कुमार सिंह और राणा रंजन सिंह द्वारा थाना को आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गयी है। थाना को आवेदन पत्र देने के बाद पंकज कुमार सिंह ने बताया कि कल रात्री साढ़े आठ बजे पिंकू सोनी शराब दुकान पर आया और मूल्य से 50रु कम पर शराब मांग रहा था तो मैंने कहा कि हम कम पर नही देंगे। अगर कम पर लेना चाहते हैं तो राणा सिंह के आने पर ले लीजियेगा। इसके बाद पिंकू सोनी उखड़ गया और सबको चिल्ला चिल्लाकर गंदी गंदी गाली देने लगा तथा पिस्टल निकाल लिया और एक हवाई फायर कर दिया और गाली देते हुए वहां से चला गया।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 09 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in


## छिपादोहर पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर शुक्रवार को केड पुलिस पिकेट के सामने छिपादोहर डाल्टोनगंज मार्ग से गुजरने वाले सभी छोटे बड़े सभी वाहनों सघन जांचकिया गया। इस दौरान मार्ग से गुजरने वाले सभी छोटे-बड़े वाहनों की ड्राइविंग लाइसेंस समेत अन्य कागजात की जांच किया गया। इस दौरान दोपहिया वाहन चालकों की हेलमेट आदि की जांच करते हुई। आधा दर्जन से अधिक दुपहिया वाहन चालक को बिना हेलमेटके बिना पकड़ा गया। वही मार्ग से गुजरने वाले सभी दुपहिया वाहन चालकों को आवश्यक रूप से हेलमेट पहनकर ही अपने घरों से निकलने की हिदायत दी गई। मौके पर छिपादोहर पुलिस के कई जवान शामिल थे।

# अवैध शराब से लदी एंबुलेंस जब्त, तीन लोग गिरफ्तार

डिम्पल राजा

**मनिका/ लातेहार (आजाद सिपाही)।** फिल्मों में देखी जाने वाली स्मगलिंग स्टाइल अब रियल लाइफ में देखी जा रही है। शराब तस्कर की तस्करी अब एंबुलेंस के द्वारा फिल्मों स्टाइल में कर रहे हैं। अब सच देखने को मिल रहा है। सबसे अहम बात है कि शराब माफिया शराब की तस्करी करने के लिए एंबुलेंस का सहारा ले रहे हैं जहां एंबुलेंस की भीड़ भाड़ को तुरंत प्रशासन निकलती है। ताकि पेशेंट जल्दी से जल्दी अस्पताल पहुंच सके लेकिन अब शराब माफिया शराब की तस्करी एंबुलेंस के माध्यम से






कर रहे हैं जिसमें पुलिस की परेशानी बढ़ती हुई देखी जा रही है। मामला मनिका थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने दिन गुरुवार की संध्या में वाहन जांच के दौरान अवैध शराब ले जा रहे एंबुलेंस को धर दबोचा मनिका पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप बताया कि लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजलि अंजान के मिली गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार की संध्या में मटलोंग मोड़ के पास राष्ट्रीय मार्ग 39 पर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान बीआर 21 7349 नंबर की एंबुलेंस वहां लातेहार के तरफ से आ रहे थे वाहन जांच होते देख चालक एंबुलेंस को घूमकर वापस लातेहार की ओर भागने लगा तभी वाहन चेकिंग कर रहे पुलिस बल ने उक्त एंबुलेंस को पीछा कर दोमुहान पुल के पास धर दबोचा धर दबोचा और घटनास्थल पर ही एंबुलेंस को चेक किया गया तो एंबुलेंस के फर्श एवं छत पर अलग से बनाए गए बॉक्स में भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई। जिसमें 20 पेटी एवं ओल्ड मोंक 500 बोतल बिना पेटी का खुला बोतल कुल 750 मिली का बोतल ओल्ड मोंक रम कुल 740 बोतल अवैध शराब बरामद की गई। एमसीडब्ल्यू न0 1 लकज्री 375 मिली 450 आधा अंग्रेजी शराब जिसका अनुमानित बाजार मूल्य करीब 9 लाख बताया गया जिसे विधिवत जप्त कर एंबुलेंस में सवार तीन लोगों मो0 अफसर उम्र 30 वर्ष, पे0 अली अकबर, मो0 आजाद अंसारी उर्फ फेकुआ उम्र 40 वर्ष पे0 महरूम झुंनु अंसारी, मो0 हाशिम अंसारी उर्फ, खलासी उम्र 50 वर्ष पे0 महरूम यासीन अंसारी आरोपी कांके रोड भीठा बस्ती, गांधीनगर थाना गेंदा जिला रांची रहने वाले हैं । जिन्हें पुलिस गिरफ्तार कर भेजा गया

छापामारी दल में थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह एएसआई राजकुमार टीगा मिश्रा मांझी मनोज कुमार दुबे धर्मेंद्र नाथ राय एवं थाना सशस्त्र बल शामिल थे।

## गन्ना चोरी करने गये युवक को किसान ने टांगी से मारा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा/ लोहरदगा।** खेत में गन्ना चोरी करने गए युवक को महंगा पड़ गया। चोरी की वारदात देख खेत का मालिक किसान आग बबूला हो उठा और गन्ना चोर पर टांगी से मारकर घायल कर दिया। भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार को सूचना मिलने पर घटना स्थल पर पहुंचकर घायल को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया। घायल युवक घाघरा थाना क्षेत्र के सिलीकॉट गांव निवासी शिव सिंह पिता तपेश्वर सिंह उम्र 28 वर्ष भंडरा नवडीहा चौक में रहकर अपना काम किया करता था। शिव सिंह पूसो थाना क्षेत्र के बुची टोली गांव के पास खेत में लगे गन्ना को तोड़ रहा था। इसी बीच का गन्ना खेत का किसान गौरीशंकर उरांव ग्राम बुचीटोली थाना पुसो ने गन्ना तोड़ते हुए देख लिया और टांगी से



मार कर घायल कर दिया. इसकी सूचना भंडरा थाना प्रभारी को मिली सूचना प्राप्ति के बाद शिव सिंह को घायल अवस्था में इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया । इस संबंध में भंडरा थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर घायल व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा दिया गया है। घटना क्षेत्र पूसो थाना क्षेत्र में पड़ता है। इसलिए इसकी प्राथमिकी पुसो थाना में होगी। घायल को डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया।

## जन आरोग्य योजना के लाभुकों को दिया गया आयुष्मान कार्ड

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में शुक्रवार को सेन्हा प्रखण्ड के उगरा पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में तेंगरिया गांव की जसमंती देवी और इचरी गांव की रीना उराँव को जन आरोग्य योजना अंतर्गत आयुष्मान कार्ड का लाभ दिया गया। दोनों लाभुकों ऑन स्टॉप ही रजिस्ट्रेशन उपरांत आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया। जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो ने कहा कि सरकार द्वारा अनेकों कल्याणकारी योजनाएँ चलाई जा रही है। जिसमें विधवा, वृद्धा, सर्वजन पेंशन योजना,अबुवा आवास योजना, पशुधन योजना, छात्र छात्राएँ के लिये छात्रवृत्ति का और सावित्री बाई फुले योजना, महिलाएं फूलों झानो योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ सभी जरूरतमंद व्यक्ति लें और



आत्मनिर्भर बनने का प्रयास करें। वही जीप सदस्य राधा तिर्की ने ग्रामीणो को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठायें और स्वरोजगार से जुड़ कर आत्मनिर्भर बने राज्य की जनता का विकास के लिये सरकार द्वारा विभिन्न तरह की कल्याणकारी योजनाएँ चलाई जा रही है। मनरेगा योजना के लाभुकों के बीच लगभग 30 लाख रुपये तक का परिसम्पत्ति का वितरण किया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि विरेन्द्र उराँव,पंचायत समिति सदस्य अफसाना खातुन, पंचायत सचिव सुजीत उराँव, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी निलेन्द्र कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी सत्यकाम श्रीवास्तव, सगीर अंसारी के अलावे सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

## उत्तम अभाविप के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बने

आजाद सिपाही संवाददाता

**मनिका।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, पांडवों की नगरी इंद्रप्रस्थ में हो रहे अभाविप के 69वें राष्ट्रीय अधिवेशन में झारखंड प्रांत का 24 वां प्रांत अधिवेशन 07 दिसंबर 2023 को संपन्न हुआ जिसमें सत्र 2023-24 के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई, इसी कड़ी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मनिका के उजार्वान छात्र नेता उत्तम कुमार को प्रांतीय अधिवेशन में पुनः प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य का दायित्व सौंपा गया ।

ज्ञात हो कि उत्तम कुमार मूलतः मनिका के निवासी है उनकी शिक्षा डिग्री महाविद्यालय मनिका से राजनीति विज्ञान विषय से स्नातक तक पूरी हुई है। उत्तम 2019 से ही विद्यार्थी परिषद के संपर्क में है। वह 2019 से ही छात्रों के हित के लिए हमेशा तत्पर रहे हैं। उन्होंने डिग्री महाविद्यालय में शिक्षा की



क्रांति के लिए हर संभव प्रयास किया है। प्रखंड में छात्रों को कही भी दिक्कत हो तो उत्तम कुमार हर संभव उनकी मदद करने को तत्पर रहते हैं ।

उन्हें बधाई देने वालों में नगर अध्यक्ष रंजित रंजन, नगर उपाध्यक्ष गोविंद पासवान व दीपक कुमार, नगर मंत्री सौरभ भारती, सह मंत्री अभिषेक कुमार यादव, कॉलेज अध्यक्ष नीलम कुमारी उपाध्यक्ष चंदन, मंत्री विशाल समेत नगर इकाई एवं कॉलेज इकाई के कई कार्यकर्ता शामिल हैं ।

## महिलाओं के स्वास्थ्य एवं स्वछता के लिए हिंडाल्को ने की पहल

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा महिलाओं को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करने कि दिशा में हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा शुक्रवार को सेनेटरी नैपकिन उत्पादन यूनिट की शुरूआत चंदवा प्रखंड के चकला गांव में की गई। इस उत्पादन यूनिट का उद्घाटन चंदवा के अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक, चकला ग्राम पंचायत की मुखिया रंजीता एक्का और हिंडाल्को के माइंस एंड मिनरल के प्रमुख आर.के.गुप्ता ने फीता काट कर किया। यह लातेहार जिले का पहला सेनेटरी नैपकिन उत्पादन यूनिट है। इस मौके पर अपने संबोधन नें सीओ जे.पाठक ने हिंडाल्को के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस यूनिट से सेनेटरी नैपकिन के उत्पादन से क्षेत्र की महिलाओं का काफी मदद मिलेगी।

वहीं हिंडाल्को के माइंस एंड



मिनरल बिजनेस के प्रमुख आर.के. गुप्ता ने कहा कि हिंडाल्को स्थानीय महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य और स्वछ्ता के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सैनेटरी नैपकिन की यूनिट स्थानीय महिलाओं के लिए काफी उपयोगी साबित होगी।

मौके पर स्थानीय महिलाओं को सैंपल के तौर पर मुफ्त में नैपकिन पैड भी दिए गए। कंपनी का प्रयास है कि निर्माण में तेजी आने के बाद से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सेनेट्री नैपकिन पैड की बिक्री के लिए बाजार उपलब्ध कराया जा सके।

इस मौके पर झारखंड स्टेट लाइवलिहुड प्रमोशन सोसायटी के बीपीएम मुजीबुल अरफीन, चंदवा कोल माइंस के यूनिट हेड दीपक लेंका, एचआर हेड विनोदानंद ठाकुर, प्रकाश कुमार, अनोमा बासु, एथेल रीडा किस्पोटा, बसंत कुमार, अभयानंद चतुर्वेदी, जिनटयो की जीवलन कौर, एआईएसडी की सीइओ अनीता टोपनो आदि मौजूद थे।

## वन में रह रहे लोग दावा पेश करें: सीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित अचल कार्यालय में अंचलाधिकारी की अध्यक्षता में जंगल से जुड़े गांव के वन अधिकार समिति के अध्यक्ष, सचिव के साथ बैठक आयोजित किया गया। वही आयोजित बैठक में सीओ राकेश कुमार तिवारी ने अंचल क्षेत्र के सभी गांव के वन अधिकार समिति के अध्यक्ष, सचिव को निर्देश देते हुए कहा की आप सभी अपने गांव में जो भी व्यक्ति 2005 से पूर्व जंगल में कब्जा कर किसी प्रकार का खेती बारी कर रहै हैं । घर या झोपड़ी बना कर उस पार आश्रित हैं तो वैसे व्यक्ति को चिन्हित कर उसे व्यक्तिगत दावा करने के लिए प्रेरित करे तथा उसे दावा पत्र भरने में सहयोग करें साथ ही कहा की प्रखण्ड सह अंचल क्षेत्र में प्रदान संस्था पहले से ही इसको लेकर काम करा रही है जिसे आप सभी लोग उनसे भी सहयोग ले सकते हैं। साथ ही अध्यक्ष व सचिव को वन अधिकार दावा प्रपत्र जल्द प्रस्तुत करने का अंचलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रदान संस्था के जिला कॉर्डिनेटर सोनू खान, प्रखण्ड वनसाथी गोपाल उरांव के अलावे रामप्रकाश तिग्गा, नेजावत अंसारी, दिपेश्वर भगत, देवठान उरांव, जयमंगल उरांव, करमी देवी, जलेश्वर उरांव, इग्नासुश टोपो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### मुरपा मे सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

## लाखों की परिसंपत्ति का किया गया वितरण

प्रफुल्ल पांडेय

**मुरपा।** झारखंड सरकार के निर्देश पर मुरपा पंचायत समेत विभिन्न गांवों के लोगो को विभिन्न समस्याओं का हल को लेकर शुक्रवार को मुरपा पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव एवं संचालन मुखिया अजय टाना भगत किया। इस शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, बीडीओ, सीओ व मुखिया , उपमुखिया ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर व फिताकाटकर किया । शिविर मे स्वास्थ्य, पेंशन, आबूआ आवास, मनरेगा, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, कृषि, जेएसएलपीएस समेत सभी विभाग का स्टॉल लगाया गया।



जिसमे उपस्थित लोगो ने अपनी समस्याओ को लेकर विभिन्न विभागों में दर्जनो आवेदन दिये। मौके पर डीएसओ, बीडीओ व मुखिया ने लोगो की समस्याओ का अवलोकन कर कई समस्याओ का हल करते हुए जॉब कार्ड, पेंशन स्वीकृति प्रमाण-पत्र,आवास पूर्ण प्रमाण-पत्र, दवाई, बीज, पौधे समेत लोगो को कई तरह के लाभ दिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव ने बताया कि सरकार आपके द्वार शिविर के माध्यम से योजना का लाभ आम जनों तक पहुंचाया जा रहा है। जिसका लाभ सीधे तरह से लाभुको को मिल रहा है। शिविर में वृद्ध जरूरमंदो को कबंल वितरण किया गया। बता दे कि मुरपा पंचायत मे सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को सफल बनाने मे मुरपा मुखिया अजय टाना भगत, उपमुखिया मंजू देवी, सतेन्द्र यादव, ग्राम प्रधान युगल किशोर यादव ,विशनाथ यादव, त्रिवेणी सिंह यादव,रोहण यादव, मोहम्मद जमाल,मोहम्मद अख्तर, नवल किशोर यादव का सराहनीय भूमिका रही।

## मृतक के आश्रित को मुआवजा देने का निर्देश

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। इसमें विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई जिसमें लोहरदगा जिला में पानी मे डूबने से मृत 10 व्यक्तियों के आश्रितों को मुआवजा भुगतान की अनुशंसा को सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गयी। इसी प्रकार सड़क दुर्घटना से मृत 04 व्यक्तियों के आश्रितों को मुआवजा भुगतान की स्वीकृति दी गयी। अतिवृष्टि से आंशिक/ पूर्ण मकान क्षति के 25 लाभुकों को मुआवजा हेतु स्वीकृति प्रदान की गई। वज्रपात से मृत 02 व्यक्तियों और 10 पशुओं के आश्रितों को मुआवजा हेतु स्वीकृति प्रदान की गई। अग्निकाण्ड के आश्रितों को भुगतान के मामलों में सत्यापन का निर्देश दिया गया।

## व्यक्ति का शव बरामद पड़ताल में जुटी पुलिस



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह ।** बरवाडीह थाना क्षेत्र के बाजार पीपल गाछ के समीप शुक्रवार को अचेत अवस्था में लगभग 60 वर्षीय एक अज्ञात व्यक्ति की पुलिस ने शव बरामद की है। स्थानीय लोगो की माने तो भिक्षाटन कर अपनी जीविका चलाता था उक्त व्यक्ति।सूचना के बाद मोके पर एसडीपीओ दिलु लोहरा,थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह सब इंस्पेक्टर रवि गुप्ता शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया।उधर थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने लोगो से शव की पहचान करने की अपील भी की है।इस सम्बंध में थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह ने बताया कि उक्त व्यक्ति का मृत्यु ब्रेन हेमरेज से हो सकता।आगे पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

## रेलवे क्रॉसिंग पर आरओबी नहीं बनने से लोग परेशान

### इमरजेंसी रास्ता बंद कर ग्रामीणों को उसकाने वाली काम कर रही है रेलवे

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा एनएच 99 न्यु 22 पर टोरी रेलवे क्रॉसिंग के समीप कील ठोंक कर बंद किए गए इमरजेंसी मोटरसाइकिल के रास्ते का माकपा के वरिष्ठ नेता अयुब खान, अब्दुल मिस्त्री, जसमुद्दीन खान ने जायजा लिया, उन्होंने कहा कि कील ठोंक कर रेलवे विभाग ने गुरुवार से बंद कर दिया है इमरजेंसी रास्ता।

रेलवे क्रॉसिंग बंद रहने पर आमजन इमरजेंसी में इसी पतले रास्ते से मोटरसाइकिल पर



बिठाकर मरीज और बच्चों को लेकर रेलवे क्रॉसिंग पास करते थे। किल ठोंक कर रेलवे विभाग द्वारा इमरजेंसी रास्ते बंद कर दिए जाने से अब लोगों को परेशानी और बढ़ गई है।

मोटरसाइकिल से अस्पताल जाने वाले पेशेंट अब ईलाज के लिए मोटरसाइकिल से अस्पताल नहीं जा पाएंगे, उन्हें घंटों जाम का सामना करना पड़ेगा।

अभिभावकों को भी अपने बच्चों को मोटरसाइकिल पर शिक्षा ग्रहण के लिए उसे स्कूल ले जाने में काफी परेशानी होगी, घंटों रेलवे क्रॉसिंग खुलने का इंतजार करना पड़ेगा।

मरीज लिए एम्बुलेंस क्रॉसिंग जाम पर घंटों फंसते थे इससे मरीज अपनी जान गंवा ही रहे थे अब कील ठोंक कर इमरजेंसी रास्ता बंद कर दिए जाने से मोटरसाइकिल पर सवार होकर अस्पताल जाने वाले मरीजों के जीवन पर रेलवे विभाग ने गंभीर संकट खड़ा कर दिया है।

फ्लाई ओवर ब्रिज और फुट ब्रिज निर्माण कराने की बजाय इमरजेंसी रास्ते पर रेलवे विभाग कील ठोंक रही है, आमजन को परेशान करने के उद्देश्य से रेलवे विभाग रास्ते में लोहे की कीलें गाड़ रही है। इमरजेंसी रास्ता बंद कर रेलवे विभाग मोटरसाइकिल से और पैदल चलनेवालों को रोक रही है। अब लोगों को आना जाना और भी कठिन हो गया है।

रेलवे प्रशासन को कभी भी प्रखंड वासियों की सुविधाओं से कोई चिंता नहीं रही है, उन्होने शिर्फ अपनी राजस्व की चिंता की है, ये मानवता और इंसानियत को भी भुल गए हैं।

रेलवे क्रॉसिंग पर आधे घंटे से अधिक समय तक जाम रहने से रेलवे विभाग और आरपीएफ के पदाधिकारियों ने आमजन को राहत देने के लिए इस रास्ते को इमरजेंसी के लिए छोड़ दिया था अब उन अधिकारियों को क्या हो गया कि इस रास्ते पर उन्हें कील ठोंकना पड़ रहा है।

विभाग जानबूझ कर सारे रास्ते बंद कर रही है। वह चाहती है कि लोग काफी परेशान रहें।

## चार दिवसीय बुनियादी संख्यात्मकता एवं साक्षरता प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ

आजाद सिपाही संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित आदर्श मध्य विधालय परिसर में शुक्रवार को विभाग द्वारा शिक्षकों को चार दिवसीय बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ। प्रशिक्षण का शुभारंभ बीपीओ नरेश लाल रवी, प्रशिक्षक उत्तम कुमार पांडेय, प्रकाश यादव, राजेश कुजुर, मिथलेश मेहता व अजय बैठा ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। शुभारंभ के पश्चात प्रशिक्षक सह सीआरपी प्रकाश यादव ने उपस्थित शिक्षको संबोधित करते



हुए कहा कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य है कि वर्ग एक से तीन तक पढ़ने वाले बच्चों को बुनयादी स्तर पर पढ़ने एवं पढाने का विस्तार पूर्वक जानकारी दी जा रही है। सभी शिक्षक, शिक्षिका इस प्रशिक्षण को प्राप्त कर अपने-अपने विद्यालय में जाकर गहन चिंतन के साथ बच्चों को पठन पाठन का कार्य करें।

मौके पर उपेन्द्र कुमार, प्रसिद्ध राम, संजय पासवान, बबन राम, रंजित उरांव, रूपेश कुमार, सुरेश प्रसाद, जय काली नाथ शाहदेव सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

# वन अधिकार कानून को लेकर कार्यशाला आयोजित




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाघरा।** प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में वन अधिकार कानून 2006 को लेकर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को दिन के 2:00 बजे किया गया। कार्यशाला में मुख्य रूप से उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार ने अबुआ वीर दीशुम अभियान के बारे में लोगों को बताया। साथ ही घाघरा प्रखंड में सभी जगह वन अधिकार समिति का गठन करने की बात कही। सभी मुखिया को वन अधिकार कानून का सारी प्रक्रिया पूरी कर जल्द से जल्द दस्तावेज जमा करने की भी बात कही। कार्यशाला में प्रदान संस्थान के टीम कोऑर्डिनेटर जितेंद्र कुमार यादव और जोयदीप देव के द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रशिक्षण दी गई। प्रशिक्षण में वन अधिकार कानून के बारे में जानकारी दिया गया। कानून कब बना कैसे बना व कानून का इतिहास वन अधिकार कानून 2006 को लेकर जिस तरह अधिकार मांग सकते हैं व क्या अधिकार होंगे इसे लेकर जानकारी दी गई। साथ ही वन में संरक्षण एवं आजीविका संवर्धन के ऊपर विस्तार पूर्वक चर्चा कर जानकारी दी गई।बैठक में मुखिया विनीता कुमारी, अग्नि उरांव, पूनम कुमारी सहित के पंचायत सचिव, राजस्व कर्मचारी, ग्राम प्रधान वन अधिकार समिति के अध्यक्ष प्रदान संस्थान के सरवर एवं अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# पुस्तक मेला का आगाज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिला प्रशासन की पहल से झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वाधान में जिला स्तरीय 2 दिवसीय पुस्तक मेले का अयोजन किया गया।सभी अधिकारियों एवं गेस्ट्स के द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के द्वारा झारखंड मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के द्वारा भेजे गए संदेश को पढ़ कर किया गया।



**पुस्तक मेले से छोटानागपुर की समृद्ध भाषा, संस्कृति को मिलेगी राष्ट्रीय पहचानः** मुख्यमंत्री के संदेश को उपायुक्त ने पढ़ा। मुख्यमंत्री ने लिखा कि "सभी गुमला वासियों को मेरी शुभकामनाएँ। मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है कि सांस्कृतिक नगरी 'गुमला' में पुस्तक मेले का आयोजन किया जा रहा है। अनेक सुप्रसिद्ध साहित्यकारों को जन्म देने वाली इस पावन नगरी में साहित्य प्रेम की एक गहरी परम्परा रही है, जिसकी एक वानगी यह है कि यहाँ हमारी बहनों को अनन्य रूप से समर्पित जिले का पहला 'सावित्री बाई फुले' महिला पुस्तकालय का संचालन किया जा रहा है। इतना ही नहीं जिले के सभी 12 प्रखण्डों में से 10 प्रखण्डों में प्रखण्ड स्तरीय पुस्तकालय तथा 100 से भी अधिक पंचायतों में पंचायत पुस्तकालयों के सफलतापूर्वक संचालन ने यहाँ की चिंतन परम्परा को और भी आगे वढाने का कार्य किया है।

पुस्तक गेले में ख्यातिप्राप्त लेखकों/ साहित्यकारों की मौजूदगी तथा उनके विचार से निश्चित ही प्रतिभागियों के चिंतन को एक नया आयाम मिलेगा। साथ ही छोटानागपुर की समृद्ध भाषा, संस्कृति तथा कर्मठ समाज को राष्ट्रीय पटल पर पहचान मिलेगी। मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि सभी प्रतिभागी इसकी गंभीरता तथा प्रशासन के इस संवेदनशील प्रयास में भागीदार बनेंगे और स्थानीय आपाओं तथा साहित्य की एक समृद्ध परम्परा को एक नया आयाम देंगे।"

कार्यक्रम के पहले सत्र में स्पीकर गेस्ट झारखंड के लाइब्रेरी मैन संजय कच्छप द्वारा लाइब्रेरी निर्माण से संबंधित उनके योगदान के बारे में परिचर्चा की ।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र पर श्री महादेव टोप्पो एवं पार्वती तिर्की द्वारा संवाद कार्यक्रम में 'कविता में स्वदेशी परंपराएं' से संबंधित विषय पर चर्चा हुई। श्री टोप्पो ने बताया कि उन्हें उनके कविता लेखन में झारखंड की परंपरा एवं सांस्कृतिक धरोहर उन्हें कविता लिखने में प्रेरित करती है।

**कार्यक्रम में हजारों बच्चों की देखने को मिली भीड़ :** पुस्तक मेले में जिले के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों, आम नागरिकों एवं पाठकों ने भाग लिया, वहां विभिन्न प्रकाशकों के द्वारा 16 बुक्स स्टॉल लगाए गाएं थे।जिसमें विभिन्न संकृति के भाषाओं , पाठ्यक्रमों एवं बेहतरीन लेखकों की पुस्तकों सहित साहित्यिक पुस्तके शामिल थी। पुस्तक मेले में बच्चों में किताबों को पढ़ने की एक रुचि देखने को मिली।

इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह, डीडीसी हेमंत सती, अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी सह सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

# सिसई में खेत से 40 हजार रुपये का सामान चोरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सिसई।** थाना क्षेत्र के शिवनाथपुर डहुटोली गांव निवासी ट्रेक्टर गर्ल मंजू उरांव के खेत से गुरुवार की रात्रि को अज्ञात चोरों ने करीब चालीस हजार रुपया के सामान की चोरी कर लिया।




इस बावत मंजू उरांव ने शुक्रवार को सिसई थाना में आवेदन देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। आवेदन में कहा गया है कि मंजू छारदा गांव में 12 एकड़ जमीन लीज में लेकर खेती करती है। खेत मे बने झोपड़ी में बीज, खाद, सिंचाई मशीन सहित खेती के कई सामान रखा रहता है। पानी आने के कारण गुरुवार की रात्रि को खेत जगह कोई नहीं था। शुक्रवार की सुबह जब वह खेत में बने झोपड़ी के पास गई तो देखी उसमें रखे 55 से 60 केजी मटर बीज,35 लीटर डीजल और बिजली से चलने वाला डेढ़ एचपी का सिंचाई मशीन गायब था। काफी खोजबीन करने के बाद भी सामान का पता नही चला। मंजू ने अज्ञात चोरों के द्वारा सभी सामान चोरी करने की आशंका जाहिर करते हुए केस दर्ज कराते हुए सामान खोजने की गुहार लगाई है।

मंजू ने कहा कि पूंजी का घोर अभाव में बहुत मुश्किल से खेती बाड़ी का काम कर रही हूं। चोरों ने करीब 40 हजार से अधिक रुपया का सामान चोरी कर लिया है जिससे मेरी परेशानी बढ़ गई है।उन्होंने बताया कि एक साल से छारदा में खेती कर रही हूं।खेत मे ही सभी सामान रखा रहता था, कभी समान की चोरी नहीं हुई है। चोरों का पकड़ा जाना जरूरी है। नही तो चोरों की हिम्मत बढ़ जाएगा।

# बिजली नहीं होने के कारण ग्रामीण परेशान

**बसिया (आजाद सिपाही) । प्रखंड के लुंगटु पंडराटोली में विगत 26 नवम्बर से ट्रांसफार्मर खराब होने से बिजली नही है। इस संबंध में स्थानीय ग्रामीणों ने विधुत अवर प्रमंडल कामडारा के सहायक अभियंता को आवेदन देकर कहा कि विगत 26 नवम्बर से ट्रांसफार्मर खराब होने से ग्रामीण अंधेरे में रहने को विवश है। इस गांव में लगभग 50 परिवार है साथ ही स्कूली बच्चों का वार्षिक परीक्षा चल रही है ओर बिजली नही होने से परीक्षा तैयारी ठीक से नही हो पा रही है। ग्रामीणों ने सहायक अभियंता से जल्द बिजली बहाल करने की मांग की है। आवेदन देने वालो में जॉन कोंगाड़ी, एडविन कोंगाड़ी, जयमसीह होरो, विजय गुड़िया, फूलचंद होरो शामिल है।**

# स्कूल जाने के लिए निकला नाबालिग छात्र लापता

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला ।** सदर थाना क्षेत्र के तर्री गांव से एस एस प्लस टू विद्यालय गुमला पढ़ने के लिए तर्री से निकला छात्र लापता हो गया। परिजनों द्वारा छात्र को काफी खोज में किया गया लेकिन एक सप्ताह बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला जिसके बाद परिजन गुमला थाना पहुंचकर गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया। थाना को दिए आवेदन में लापता छात्र के पिता जागेश्वर साहू ने बताया हम लोग स्थाई रूप से पालकोट थाना अंतर्गत डहु डांड अंतर्गत के रहने वाले हैं मेरा बड़ा बेटा पुरुषोत्तम साहू उम्र 17 वर्ष 1 दिसंबर को स्कूल ड्रेस पहन कर स्कूल जाने के लिए आपने ताऊ तर्री निवासी पंचम साहु के घर से निकला। फिर




लौट कर वापस घर नहीं आया। अपने स्तर से हम लोग सारे रिश्तेदार और अन्य स्थानों पर काफी खोजबीन किए लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। बताया कि वह अपने ताऊ के घर में ही रहकर पढ़ाई करता है। वहीं एस एस प्लस टू विद्यालय गुमला में वह 12वीं कक्षा का छात्र है। बताया उसके पास एक मोबाइल भी है लेकिन मोबाइल उसी दिन से बंद है।

# रंगा जतरा मेला का हुआ आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सिसई।** प्रखंड के भुरसो गांव में शुक्रवार को रंगा जतरा का आयोजन किया गया। जतरा में मुख्य गोतिया के रूप में विधायक जिग्गा सुसारन होरो शामिल हुए। विधायक का आदिवासी परंपरा के अनुसार महिलाओं ने स्वागत किया। विधायक ने कहा बच्चे,युवा व बुढ़े मां बाप सभी के लिए जतरा रीझ-रंग का साधन है। लोग एक जगह एकत्रित होकर परंपरा के अनुसार गीत नृत्य का आनंद उठाते हैं वहीं जतरा के बहाने अपनों को गोतिया के रूप में बुलाकर उनका आदर सत्कार करते हैं। इससे रिश्तेदारों से मिलना जुलना भी होता है और आपसी रिश्तों में नजदीकियां बनी रहती है। शहरों व गांवों की जिंदगी में काफी अंतर है। ग्रामीण क्षेत्र के लोग रिश्तेदारों को जो सत्कार और समय देते हैं वह शहरी जीवन





जीने वालों में देखने को नहीं मिलता है। जतरा पूर्वजों की दी गई एक सौगात है, इसे संभाले रखने की आवश्यकता है। मौके पर बीससूत्री अध्यक्ष रवि उरांव, जिप सदस्य विजय लक्ष्मी कुमारी, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश उरांव, मुखिया रेखा देवी, शशिकांत साहु, राजबली उरांव, गंदुर उरांव, गौरी नाथ भगत,बासुदेव उरांव, मंजू कुजूर, सहित हजारों लोग उपस्थित थे।

# गुमशुदा व्यक्ति के परिजनों से मिले अहीर सेना के युवा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** बैद्यनाथ गोप की गुमशुदगी की खबर सुन कर अहीर सेना के युवाओं ने उनके परिजनों से मुलाकात की। अहीर सेना के युवा बैद्यनाथ गोप के बारे में परिजनों से जानकारियां प्राप्त कीं। अहीर सेना के चन्दन गोप, और जनक गोप के नेतृत्व में पूरी टीम रायडीह प्रखण्ड के सीलम गांव स्थित बैजनाथ गोप के घर पहुंची। बैधनाथ गोप के परिजनो ने बताया कि मंगलवार शाम से लड़ाई के बाद बैधनाथ गोप गायब है। उनके पूरे परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। जनक गोप ने बताया कि परिजन की स्थिति अत्यंत खराब है और किसी तरह जीविकोपार्जन को लेकर चिंतित है। आज अहीर सेना के रामबिलास गोप और पारस नाथ उपस्थित थे।

# युवती की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** फोरी गांव के कुआं से बरामद सिर कटी युवती की लाश वाले मामले की गुत्थी शायद पुलिस ने सुलझा ली है। चूंकि वह लाश रनिया थाना क्षेत्र के जयपुर गांव निवासी अर्चना कंडुलना के रूप में शिनाख्त की गई थी, इसी को आधार बनाते हुए इस हत्याकांड का उद्?भेद्धन कर लिया गया है। पुलिस ने दर्ज प्राथमिकी के नामजद अभियुक्त एहसान मिर्धा उर्फ बादल राज को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि पुलिस उसकी गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं कर रही है। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार पुलिस उसे गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। एहसान मिर्धा का पूर्व से अपराधिक इतिहास रहा है। वह कभी हिंदू नाम तो कभी इसाई नाम से फेसबुक, इंस्टाग्राम चलाता था। और भोली लड़की को अपने प्रेम जाल में फंसाकर उसे रूपया ऐठने का काम करता था। तीन वर्ष पूर्व रायडीह प्रखंड की एक हिंदू लड़की जो इंडिया मॉल कपड़ा दुकान में कार्य करती थी उसे भी प्रेमजाल में फंसाकर अपने घर लाया था। लेकिन उस लड़की को दो दिन रखने के बाद पुनः गुमला भेज दिया था। उसी क्रम में एक दिन लड़की को नयी स्कूटी में बैठाकर गुमला से पालकोट की ओर ले जा रहा था। उसी समय बजरंग दल के कार्यकर्ता द्वारा इसकी जमकर पिटाई की गई थी। उसके बाद से वह फोरी में रहकर अपना कार्य करता था। हर जगह वह अपना नाम बादल राज बताता था। पुलिस उससे पूछताछ कर गहनता से मामले की जांच में जुटी है।

# अनुसूचित जनजाति मोर्चा करेगा सीएम के पुतला दहन

**गुमला (आजाद सिपाही)।** भाजपा के अनुसूचित जनजाति मोर्चा ने शनिवार की शाम 5 बजे सीएम हेमन्त सोरेन का पुतला दहन करने की घोषणा की है। विगत तीन चार दिन पहले रनियां प्रखंड के ग्राम - जयपुर की रहने वाली अर्चना कंडुलना को ग्राम फोरी में विशेष समुदाय के लड़के के द्वारा अपना नाम बदलकर बादल बताये जाने और शादी का झांसा देकर आदिवासी बालिका अर्चना कंडुलना को फोरी लाकर निर्मम हत्या कर देने का आरोप है। अनुसूचित जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष छोटेलाल उरांव भगत ने बताया कि घटना के विरोध में हेमन्त सोरेन सरकार का पुतला शनिवार की शाम 5 बजे टावर चौक, गुमला में पुतला दहन किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी गुमला के नगर में निवास करने वाले सभी मंच मोर्चा के पदाधिकारी से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है।

# पंखराज साहेब को दी गयी श्रद्धांजलि



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रायडीह(गुमला)।** पंखराज साहेब कार्तिक उराँव आदिवासी शक्ति स्वायतशासी विश्वविद्यालय निर्माण समिति मांझाटोली गुमला के द्वारा कार्तिक उराँव के 42 वां पुण्य तिथि पर उन्हें स्मरण किया गया।शंख मोड़ मांझाटोली में स्थापित उनके आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। तत्पश्चात उराँव जनजातीय का भाषा कुड़ुख में सामूहिक प्रार्थना किया गया। समिति के संयोजक पूर्व विधायक शिव शंकर उराँव ने कहा कि प्रस्तावित आदिवासी विश्वविद्यालय निर्माण का संघर्ष जारी रहेगा। विश्व विद्यालय का निर्माण ही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।इस मौके पर मांगू उराँव, दीप्ति कच्छप, चुंया कुजूर, सोमरा टाना भगत, राजबेल उराँव, बानेश्वर भगत, देवतु उराँव, जगनारायण सिंह, योगेंद्र सिंह, संजय कुमार सिंह समेत अन्य महिला पुरुष आदि उपस्थित थे।

# रक्तदान के लिए आगे आने की अपील कई लोगों ने शिविर में किया रक्तदान

**एचडीएफसी बैंक एवं मारवाड़ी युवा मंच ने संयुक्त रूप से किया था अयोजन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** एचडीएफसी बैंक एवं मारवाड़ी युवा मंच गुमला के तत्वाधान में चेंबर ऑफ कॉमर्स बीआरओ प्रणय कुमार, रक्त कोष प्रभारी राकेश सिंह, सुमित सिंह, सुजीत गुप्ता, बंधन लोहरा, सुखलाल लोहरा, मनजीत तिर्की, अर्जुन नायक, संगीता कुजूर लैब टेक्नीशियन एवं महोली रमेश साबू प्रवीण उरांव सदर अस्पताल परिसर स्थित ब्लड बैंक में शुक्रवार को रक्तदान किया। वही इन लोगों के द्वारा रक्त दान किए जाने से सदर अस्पताल में इलाजरत कई गंभीर




मरीजों को जीवनदान मिला। वहीं रोहित खंडेलवाल ने कहा कि जो अन्न दे वह अन्नदाता जो धन दे वह धन दाता जो विद्या दे वह विद्या दाता और जो रक्त दे वह रक्तदाता कहलाता है। सभी व्यक्तियों को रक्तदान अवश्य करना चाहिए जिससे कई लाभ भी हैं।मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ जे के सिंह, एचडीएफसी बैंक मैनेजर संतोष कुमार, मंजू किंडो, लैब टेक्नीशियन यशराज सिंह सहित कई लोगों उपस्थित थे।

# हाई स्कूल रोड के निर्माण की लोगों ने की मुख्यमंत्री से मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** जब एक सड़क के पुनर्निर्माण के लिए आम लोगों को मुख्यमंत्री के पास गुहार लगाने की जरूरत पड़ जाए तो यह आसानी से समझा जा सकता है कि स्थानीय जनप्रतिनिधि और जिला स्तरीय जिला प्रशासन के कार्यालय क्षेत्र में क्या काम कर रहे हैं। हम यहां बात कर रहे हैं शहर के एक प्रमुख मार्ग एसएस हाईस्कूल रोड की। फिलहाल यह सड़क इतनी जर्जर है कि इसमें पैदल चलना भी काफी कठिन है। ऐसा नहीं कि इसके पुनर्निर्माण के लिए स्थानीय लोगों ने प्रयास नहीं किया हो। नगर परिषद क्षेत्र होने के



कारण वहां के लोगों ने इसकी सूचना और पुनर्निर्माण के लिए आवेदन नगर परिषद के कार्यालय में कई बार जमा की है। इसके पुनर्निर्माण का प्रयास चेंबर ऑफ कॉमर्स भी कर चुका है। उसने भी नगर परिषद को आवेदन देकर वहां के पदाधिकारी को स्थल निरीक्षण तक कराया है लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि शायद फिलहाल गुमला नगर निगम के बूते में है ही नहीं कि वह कुछ काम ढंग से कर सके। जब शहर की साफ सफाई नगर परिषद ढंग से नहीं कर पा रहा है तो पुनर्निर्माण और बड़े-बड़े कार्य का सपना देखना दूर है। शहर वासियों ने जब देखा कि यह कार्य नगर परिषद द्वारा करना उनके बस का रोग नहीं है,तब उन्होंने मुख्यमंत्री का दरवाजा खटखटाया। मुख्यमंत्री को लिखे गए पत्र में शहर वासियों ने लिखा है कि गुमला शहरी क्षेत्र अन्तर्गत नगर के मध्य अवस्थित एस एस हाईस्कूल रोड एक अति व्यस्ततम सड़क है । जिसकी जर्जरावस्था से आम नागरिक वर्षों से त्रस्त हैं । यह सड़क शहर के मेन रोड एवं डीएसपी रोड को जोड़ती है एवं इस सड़क में एसएस हाई स्कूल , प्राचीनतम शीतला माता का मंदिर सहित सैकड़ों व्यवसायिक प्रतिष्ठान और आवासीय भवन हैं । फलतः प्रत्येक दिन हजारों लोगों का आवागमन इस सड़क पर होता है । मुख्यमंत्री को पत्र में यह भी बताया गया है कि नगर परिषद के वार्ड संख्या -20 एवं 21 के मध्य अवस्थित इस सड़क के पुनर्निर्माण के लिये वर्ष -2022 में नगर परिषद द्वारा निविदा आमंत्रित की गयी थी। लेकिन पर्याप्त कोष का अभाव बतलाते हुए तत्काल यह निविदा रद्द कर दी गयी थी । इस बीच चैम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों एवं आम लोगों द्वारा नगर परिषद तथा जिले के वरीय पदाधिकारियों को कई बार इस सड़क के दुरावस्था की जानकारी देते हुए पुनर्निर्माण की मांग की गयी । परन्तु इस दिशा में अबतक कोई सकारात्मक पहल नहीं किया जाना दुःखद है । इस सड़क पर उभर आए बड़े - बड़े गढ़ों से आये दिन दुर्घटनाएँ होती रहती हैं । साथ ही दिनभर सड़क से उड़ने वाले धूलकणों से आमजन बेहाल रहते है । गौरतलब है कि अगस्त माह में तत्कालिन अनुमंडल पदाधिकारी - सह- प्रशासक नगर परिषद द्वारा इस सड़क का निरीक्षण कर शीघ्र पुनर्निमार्ण कराये जाने का आश्वासन दिया गया था , लेकिन इसपर भी क्रियान्वयन नहीं हो पाया । शारदीय नवरात्र एवं दुर्गा पूजा के पूर्व भी नगर परिषद के प्रशासक द्वारा चैम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों के साथ पुनः इस सड़क का निरीक्षण कर छठ महापर्व के पूर्व पुनर्निर्माण हो जाने की तथा तत्काल सड़क पर उभर आये गढों को भरवा देने की बात कही गयी थी ।

# सदाम की गुमशुदगी से परेशान हैं परिजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** अपने घर से 28 नवंबर की सुबह लगभग 9 बजे निकला सहामत खान का बेटा मो सदाम खान अचानक गायब हो गया। सदाम की उम्र लगभग 28साल बताई जा रही है। इस मामले की जानकारी बीते 5 दिसंबर को घाघरा थाना में लिखित आवेदन के रुप में दी गई है। बड़ा भाई समशेर खान ने पुरे घटनाक्रम को ले कर काफी परेशान हैं। मदद के लिए शमशेर ने मजदूर संघ सीएफ टी यु आई प्रदेश सचिव जुम्मन खान से गुमला अजाद बस्ती आ



कर मुलाकात की। लिखित आवेदन देते हुए खोजबीन करने की गुहार लगाया है। खोया भाई मानसिंक बिमारी का भी शिकार हैं। बड़ा भाई समशेर खान ने बताया कि जितने भी रिस्तेदार है सभी जगहों पर खोजबीन किया गया पर भाई का कोई जानकारी नहीं मिल रही है।

**कार्यक्रम :** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में प्रशासन को ढकचा वी के छात्रों ने किया सम्मानित

# शिक्षा सभी मनुष्यों का पहला व सबसे आवश्यक अधिकार है: यामुन रविदास

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती पंचायत सचिवालय ढकचा में शिविर आयोजित किया गया। जहां अंचल अधिकारी यामुन रविदास, अकांक्षी प्रखंड कोऑर्डिनेटर प्रणव कुमार, एमओ ब्रजेश कुमार, मुखिया उषा देवी, समाजसेवी बलराम भुइंया और पंसस मंजू देवी को राजकीय मध्य विद्यालय के एचएम आनंद मोहन सिंह के नेतृत्व में छात्रा सुष्मा, खुशी, सोनम, जागृति और अश्विनी कुमारी द्वारा स्वागतगान के साथ गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। सीओ यामुन रविदास ने कहा कि आजादी के बाद इस तरह का कार्यक्रम किया जा रहा है, जो सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आपके द्वार पर प्रशासन पहुंच रहा है। आपनी समस्या को सुन रहे और उसका समाधान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि निःशुल्क शिक्षा के लिए तरह-तरह की योजनाएं चलाई जा रही है। सभी अभिभावक अपने बच्चों को अवश्य पढ़ाएं। शिक्षा सभी मनुष्यों का सबसे पहला और आवश्यक अधिकार है। शिक्षा हमें अपने जीवन में एक लक्ष्य निर्धारित करने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। यह हमारे ज्ञान, कुशलता, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व में सुधार कर सामाजिक विकास, आर्थिक वृद्धि और तकनीकी उन्नति का रास्ता प्रशस्त करती है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य, शिक्षा, खाद्य आपूर्ति, मनरेगा, जेएसएलपीएस सहित कई विभागों द्वारा प्रदत्त परिसंपत्तियों का पदाधिकारी एवं जन प्रतिनिधि ने वितरण किया। इस दौरान महिला व बाल विकास परियोजना की ओर से सेविका इंदु देवी, कुंती देवी, मुन्नी देवी नामक तीन महिलाओं की गोद भराई की रस्म और दो बच्चों को अन्नप्राशन कराया गया। कार्यक्रम में पत्थरा पीकेट प्रभारी नितीश कुमार दल बल, पंस शशि पासवान, निरंजन सिंह, इंद्रदेव यादव, रोजगार सेवक दिलीप चंद्रवंशी, विनोद सिंह, पंकज चौधरी, अशोक कुमार, प्रधान सहायक सरजू बैगा, बसपा जिला उपाध्यक्ष अमित यादव, अभिषेक कुमार, गुड्डू कुमार, महावीर पाल, उमा रजक, गोविन्द पासवान, अभिनंदन सिंह आदि थे।



गुलदस्ता देकर सीओ को सम्मानित करते विद्यार्थी व परिसंपत्तियों का वितरण।

## पलामू जिले के विभिन्न स्थानों पर लगे शिविर में आये 11556 आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को जिले के मोहम्मदगंज प्रखंड के भजनिया, हैदरनगर प्रखंड के बरडंडा, हुसैनाबाद प्रखंड के दरुआबेनी, पीपरा के सरैया में, हरिहरगंज के ढकचा में, नौडीहा प्रखंड के खैरादोहर पंचायत, छतरपुर के नौडीहा में, विश्रामपुर प्रखंड के गुरहकला, नावाबाजार इटक, पड़वा प्रखंड के कजरी में चैनपुर प्रखण्ड के कोशियारा में, रामगढ़ प्रखंड के बांसडीह खुर्द मुख्यालय, सदर मेदिनीनगर प्रखंड के सुआ पंचायत, पाटन प्रखण्ड के मेराल पंचायत, मनातू प्रखण्ड के डुमरी मुख्यालय, तरहसी प्रखंड के मंझौली-2 पंचायत, नीलांबर पिताम्बरपुर प्रखंड के कुराइन पतरा पंचायत और पांकी प्रखण्ड के माडन पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। जिसके माध्यम से प्रखंड विकास पदाधिकारी व अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में शिविर में पहुंचे लोगों को जानकारी दी गयी। साथ ही उन्हें योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर के माध्यम से आमजनों ने अबुआ आवास योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, सामुदायिक वन पट्टा, केसीसी, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन दिया। शिविर में कई आवेदनों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। स्कूली बच्चों को साइकिल वितरण योजना और सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दिया गया। आमजनों के बीच धोती, साड़ी और कंबल वितरित किया गया। इस तरह शुक्रवार को विभिन्न जगहों पर आयोजित शिविर में कुल 11,556 आवेदन प्राप्त किए गए और परिसंपत्तियों का वितरण किया गया।

## परीक्षा के फोबिया से बचाती है कला: अभिषेक



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जपला जवाहर नवोदय विद्यालय में शुक्रवार को चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के कला अध्यापक सुनील कुमार वर्मा के निर्देशन में सभी बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन विभिन्न माध्यमों से किया। बच्चों द्वारा बनाई गई विभिन्न कलाकृतियों में प्रमुख रूप से चित्रकला, मूर्तिकला एवम रंगीन कागजो द्वारा क्राफ्ट और अनुपयोगी वस्तुओ द्वारा विभिन्न प्रकार की कला कृतियों का निर्माण किया गया। कार्यशाला प्रदर्शनी का उद्देश्य परीक्षा के समय विद्यार्थियों को होने वाले तनाव को कम करना था। इस प्रदर्शनी का मुख्य विषय परीक्षा के दौरान होने वाले मानसिक तनाव को कैसे कम करें, इस पर छात्र-छात्राओं ने विभिन्न स्वरूपों में चित्रण किया। इस प्रदर्शनी की मुख्य आकर्षण कला अध्यापक सुनील कुमार वर्मा द्वारा निर्मित अपने आसपास पाए जाने वाली अनपुयोगी वस्तुओं द्वारा फूलो का गुलदस्ता व विभिन्न प्रकार की मानव आकृति रहा। इसके अलावा कुमारी स्वेता मनीषा, जिया गोविंद ,सना आदि की कलाकृतियां आकर्षण का केंद रहे। कला अध्यापक सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि घर में अनपुयोगी वस्तुओं का सदुपयोग करके अपनी कल्पना को ऊंची उड़ान दी जा सकती है। साथ ही इस क्षेत्र में अपना कैरियर बनाकर आत्मनिर्भर बना जा सकता है। इस प्रदर्शनी के अवलोकन करते हुए तत्कालीन प्राचार्य अभिषेक कुमार सिंह ने बच्चों की प्रशंसा की। बताया कि परीक्षा के दौरान होने वाले तनाव को कला का सहारा लेकर दूर किया जा सकता है।

## दिव्यांग नंदिनी की उम्मीदों में लगे पंख, शिक्षा ग्रहण में सहायक बनी सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना

**नंदिनी ने सरकार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरन का जताया आभार**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** सरकार की ओर से संचालित सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से हैदरनगर प्रखंड अंतर्गत बरडंडा पंचायत के बरवाडीह गांव निवासी नंदिनी कुमारी की उम्मीदों में पंख लग गया है। नंदिनी को आज तीसरे किस्त की राशि 5000 रुपया मिला। नंदिनी दृष्टि दिव्यांग है। करीब 60 फीसदी से अधिक दिव्यांग होने के बावजूद नंदिनी में पढ़ाई का जज्बा देखने लायक है। उसके चेहरे की आभा से ही पढ़ाई की रूचि का आकलन किया जा सकता है। आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बरडंडा पंचायत में लगे शिविर में नंदिनी को योजना का लाभ मिला। शिविर में नंदिनी उत्साह से लबरेज थी। उसने बताया कि उसके पिता का नाम नंदलाल राम है, जो दैनिक मजदूरी करते हैं। वहीं मां सुशीला देवी गृहिणी है। मध्यवर्गीय परिवार है। नगदी आमदनी नहीं होने के कारण पढ़ाई जारी रखने में उसे बहुत कठिनाई होती थी, लेकिन सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के लाभ से वह पढ़ाई को अबतक जारी रखे हुए है। योजना से मिली राशि का उपयोग पढ़ाई एवं पाठ्य सामग्री की खरीद में करती है। वर्तमान में मिले राशि का भी उपयोग वह पढ़ाई में करेगी। नंदिनी ने झारखंड सरकार एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सीधे शब्दों में धन्यवाद किया है। उसने कहा कि सरकार के प्रयास से प्रशासनिक पदाधिकारी उनके पंचायत तक पहुंचकर इस योजना का लाभ दिये है। यह बड़ी बात है। नंदिनी ने अन्य योग्य बालिकाओं से भी सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस योजना का लाभ मिलने से बालिका स्वतंत्र निर्णय लेने में सक्षम हो रही हैं। वह अपने अभिभावकों पर आश्रित न होकर खुद से अपनी पढ़ाई को जारी रख सकेंगी।

वहीं, पलामू डीसी शशि रंजन ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में ऑन स्पॉट सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजनों को दिया जा रहा है। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ पलामू की बालिकाओं को दिया जा रहा है। इस योजना के लाभ से बालिका अपनी शिक्षा को बढ़ावा दे रही हैं। बालिकाओं को अलग-अलग कक्षाओं में निर्धारित राशि के अनुरूप दी जाती है। शिविर के दौरान आवेदन करने से लेकर लाभ लेने में भी लाभुकों को सहुलियत हो रही है। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत बालिकाओं को अच्छी शिक्षा के लिए 40 हजार रुपए तक की सहायता राशि दी जाती है।

## स्वांग दक्षिणी-उत्तरी व हजारी में सरकार आपके द्वार का आयोजन

**गोमिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के स्वांग दक्षिणी, उतरी एवं हजारी पंचायत के ग्रामीणों के लिए शुक्रवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो, 20 सूत्री अध्यक्ष लुदु मांझी, 20 सूत्री सदस्य रामकिशुन रविदास, बीडीओ महादेव महतो, सीओ प्रदीप कुमार महतो मुखिया स्वांग दक्षिणी रीना सिंह, मुखिया स्वांग उतरी विनोद कुमार, मुखिया तारामणि देवी आदि ने किया। विधायक ने उपस्थित लाभुकों के बीच राशन कार्ड, पेंशन पत्रक एवं स्वयं सहायता समूह के सदस्यों के बीच चेक वितरण किया।

## कुराईनपतरा में सरकार आपके द्वार का आयोजन

**नीलाम्बर पितांबरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कुराईनपतरा पंचायत भवन परिसर में आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत बीडीओ सुकेशनी केरकेट्टा, सीओ आशीष कुमार साहू, जिला परिषद सदस्य पश्चिमी आशा देवी, बीससूत्री अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह एवं मुखिया पूनम देवी, मुखिया वीरेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से शहीद नीलांबर पीतांबर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। मुखिया ने कहा कि इस शिविर के माध्यम से ग्रामीणों की समस्या का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। इस मौके का ग्रामीण लाभ उठाए। इस पंचायत के नवनिर्माण संकल्प उत्सव में आप सभी को नमन, वंदन व जोहर। शिविर में अबुवा आवास, सावित्री बाई फुले सहित अन्य कई कल्याणकारी योजना के तहत स्टॉल लगाए गए थे। प्रखण्ड आपूर्ति विभाग ने सोना सोबरन योजना अंतर्गत धोती, साड़ी का वितरण किया गया। कल्याण विभाग द्वारा पंचायत के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत चेक दिया गया।

## स्पोर्ट्स



कोलकाता रेल एफसी की टीम 18वीं चैंपियंस ट्राफई फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गई। गेतलसूद स्कूल मैदान में खेले गए रोमांचक मुकाबले में गाड़ीहोटवार को 5-4 गोल के अंतर से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

**चैंपियंस ट्राफी :** 10 को कोलकाता व शहीद बिरसा क्लब जोरार के बीच खिताबी भिडंत

## गाड़ीहोटवार को 5-4 से हराकर फाइनल में पहुंची कोलकाता रेल एफसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** कोलकाता रेल एफसी की टीम 18वीं चैंपियंस ट्राफी फुटबाल टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गई। गेतलसूद स्कूल मैदान में शुक्रवार को खेले गये बेहद रोमांचक मुकाबले में कोलकाता ने गाड़ीहोटवार को सडनडेथ में 5-4 गोल के अंतर से हराया। अब 10 दिसंबर को कोलकाता व शहीद बिरसा क्लब जोरार के बीच खिताबी भिडंत होगी। फाइनल समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में केंद्र सरकार के श्रमशक्ति विभाग के संयुक्त सचिव केके सोन शामिल होंगें। गौरतलब हो कि इस दिन खेल गए मैच में निर्धारित समय तक मुकाबला 0-0 की बराबरी पर रहा। हालांकि कोलकाता की टीम ने पूरे मैच में दबदबा बनाए रखा। इनका गेंद पर नियंत्रण, सटीक पास व बेहतर डिफेंस दिखा। हालांकि गाड़ीहोटवार को गोल करने का दो सुनहरा अवसर मिला। लेकिन फारवर्ड खिलाड़ी ने गेंद बाहर मार दी। कोलकाता की टीम ने चार शानदार आक्रमण किया जिसमें दो गेंद गोल पोस्ट से टकराकर वापस आ गई। कोलकाता के दो शानदार आक्रमण को गाड़ीहोटवार के गोलची ने विफल कर दिया। कोलकाता की ओर से मनीष मजूमदार, प्रशांत दास व कमलेश पैक ने शानदार खेल दिखाया। डिफेंडर मनीष मजूमदार को मैन आफ दी मैच का पुरस्कार मुख्य अतिथि कांके प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुण्डा व विशिष्ट अतिथि शिवटहल नायक ने दिया। सोमनाथ मुण्डा ने कहा कि इस रह के आयोजन से प्रतिभा को सामने आने का मंच मिलता है। पिछले 23 सालों से हो रहे इस आयोजन के लिए आयोजन समिति बधाई की पात्र है। इस अवसर पर अध्यक्ष राजेंद्र शाही मुण्डा, सीइओ जैलेन्द्र कुमार, संतोष सिन्हा, शिवदास गोस्वामी, संजय नायक, उपमुखिया शंकर बैठा, बिगेश्वर महतो, राजन महतो, राजेश लोहरा, सौरव कुमार आदि उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### हरैया डैम के निर्माण को लेकर ग्रामीणों से रूबरू होंगे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन



**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** नौडीहा बाजार प्रखंड के हरैया डैम निर्माण को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हरैया के आसपास के लोगों से बात करेंगे। यह जानकारी झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य चंदन प्रकाश सिन्हा ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया कि हरैया डैम से लगभग 50 से अधिक गांव का जमीन सिंचित हो सकेगा। यह बहुत ही जनोपयोगी योजना है जो इस क्षेत्र के किसानों को लाभ मिलेगा। पहले 1965 में और उसके बाद अर्जुन मुंडा के मुख्यमंत्री रहते हुए इसका ऑनलाइन शिलान्यास किया गया था, लेकिन उसमें काम नहीं लग पाया और शिलान्यास तक की सीमित रह गया। झारखंड के वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर सारी परिस्थितियों को बताते हुए इसके निर्माण की मांग की गई जिस पर मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों से मिल कर वहां के परिस्थिति का जायजा लेने की बात कही है। यदि विस्थापन आदि संबंधी बड़ी समस्या नहीं हुई तो डैम का निर्माण कराने की बात कही गई। बहुत जल्द लाभावित क्षेत्र के प्रत्येक गांव से एक-एक प्रतिनिधि से मुख्यमंत्री मिलेंगे और परिस्थिति का जायजा लिया जाएगा। उसके बाद डैम निर्माण से सम्बंधित आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### 10 दिवसीय एनसीसी प्रशिक्षण में पलामू, गढ़वा और लातेहार के 430 छात्र-छात्राओं ने लिया भाग



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** रक्षा मंत्रालय डायरेक्टरेट जनरल राष्ट्रीय कैडेट कोर के अंतर्गत डाल्टनगंज में स्थित44वीं झारखंड बटालियन एनसीसी के कार्यालय से पूरे पलामू प्रमंडल में एनसीसी की सभी तरह की गतिविधियां संभाली जाती है और उनको कार्यन्वित करती है। इस कार्यालय के पदाधिकारी एवं समादेशी अधिकारी कर्नल अमिताभ मुखर्जी पलामू प्रमंडल क्षेत्र में एनसीसी के प्रभारी हैं। इनके दिशानिर्देशों एवं पर्यवेक्षण में 29 नवंबर से 08 दिसम्बर तक डाल्टनगंज, लिलवाकरम स्थित, मानव देवी डेडीकेटेड इन्टर कॉलेज के प्रागंण में एक और सफल वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। 10 दिवस के इस प्रशिक्षण शिविर में पलामू प्रमंडल क्षेत्र के तीनों जिले, गढ़वा, मेदिनीनगर और लातेहार के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के तकरीबन 430 एनसीसी कैडेट्स ने हिस्सा लिया। इन कैडेट्स को शिविर के दौरान मिल-जुल कर कार्य करना और अनुशासित दिनचर्या एवं जीवन से अनुभव करवाया गया। शिविर भाईचारे से रहने की शिक्षा भी दी गई जो आज के उथल-पुथल भरे जीवन में बहुत ही जरूरी है और सामाजिक एकता को बनाए रखने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। कैडेट्स को सैन्य जीवन का भी अनुभव करवाया गया। कर्नल अमिताभ मुखर्जी ने कैडेट्स को सामाजिक एवं व्यक्तिगत मनोविज्ञान के मिश्रण के लेक्चर से कैडेट्स को अपने आने वाले जीवन में आगे बढ़ने और सफल होने के तरीकों से अवगत करवाया। इनका एक ही मंत्र है जो कि वह कैडेट्स को सिखाते हैं,भीड़ से कुछ अलग हम कर पाएं तभी हम समाज का उत्थान करने में सक्षम हैं। इस शिविर में एनसीसी अधिकारी सतीश दुबे और उदय कुमार के साथ भारतीय सेना के सूबेदार मेजर माना उरांव, सूबेदार बिमलेश, शिभू सोरेन, हवलदार स्वर्णजीत, अशोक, मनदीप सिंह और हवालदार बृजेश का विशेष योगदान रहा।

### बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी, छह के खिलाफ मामला दर्ज, 58 हजार का जुर्माना

**हैदरनगर (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अभियंताओं ने छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान छह लोगों को बिजली चोरी करते पाया गया। सभी के खिलाफ हैदरनगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। सभी 6 लोगों पर 58 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जिन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है, उनमें हैदरनगर थाना क्षेत्र के साजन कुमार, संजय कुमार, बहादेव साव, विजय चौहान, कैलाश चौहान व ब्रजेंद्र सिंह शामिल हैं। इसकी जानकारी जपला के अवर विद्युत प्रमंडल के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने दी। इस अभियान में सहायक अभियंता राम प्रसाद महतो, मानव दिवसकर्मी जितेंद्र ठाकुर, मनोज कुमार व रंजित कुमार भी शामिल थे। कनीय अभियंता प्रदीप सिंह ने बताया कि आगे भी छापामारी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पांच हजार रुपए से अधिक बकाएदारों के खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बकाएदारों को बिल का भुगतान करने की हिदायत दी है। वैध कनेक्शन के बिना बिजली का उपयोग करने वालों को चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी कार्य दिवस में जपला विद्युत कार्यालय में कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन की भी सुविधा है। प्रज्ञा केंद्र या किसी ऑनलाइन सेंटर से आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी कनेक्शन धारियों को घर या दुकान के बाहर मीटर लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। मीटर नहीं लगवाने व पांच हजार से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं पर भी कार्रवाई की जायेगी।

### राजीव रंजन ने की हरिहरगंज में स्थाई विद्युत जेइ के पदस्थापना की मांग

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज क्षेत्र में निर्वाध रूप से बिजली मिले, इसके लिए स्थाई रूप से विद्युत कनीय अभियंता की पदस्थापना हो। अन्यथा उपभोक्ता आंदोलन करने पर बाध्य होंगे। उक्त बातें भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह समाजसेवी राजीव रंजन ने कही। वे शुक्रवार को शहर के न्यू सब्जी मंडी स्थित अपने आवास पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बिजली समस्या को लेकर वे पहले भी आंदोलन कर चुंके हैं। जिसमें बिजली नियमित रूप से देने का आश्वासन विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा दिया गया था। बावजूद इसके पिछले तीन-चार दिनों से बिजली की आपूर्ति बदतर हो गयी। इससे उपभोक्ताओं में काफी रोष है। मामले को लेकर उन्होंने विद्युत महाप्रबंधक से नियमित बिजली आपूर्ति तत्काल बहाल करने और हरिहरगंज में स्थाई रूप से जेई की पदस्थापना करने की मांग की है। मौके पर शिक्षक मृत्युंजय कुमार सिंह, भाजपा नेता विजय प्रजापति, शंभू यादव, बलराम ठाकुर, छोटू कुमार, अजीत कुमार, अभय कुमार, संजय कुमार, मोहम्मद हुसैन नंदकिशोर मेहता आदि मौजूद थे।

## तैयारी : आइआइटी आइएसएम के 43वें दीक्षांत समारोह में होंगे शामिल

# उपराष्ट्रपति 10 को धनबाद में

### वायुसेना के तीन हेलिकॉप्टर ने किया लैंडिंग का रिहर्सल





उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के धनबाद आगमन की तैयारियों को लेकर बैठक करते वरिष्ठ अधिकारी। हेलिकॉप्लटर लैंडिंग का हो रहा अभ्यास।

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** बरवाअड्डा स्थित हवाई अड्डे पर शुक्रवार को भारतीय वायु सेवा के तीन हेलीकॉप्टर का एयरपोर्ट सेफ्टी लाइजन (एएसएल) के मानकों के तहत लैंडिंग का रिहर्सल हुआ। इसकी जानकारी डीसीएलआर सतीश चंद्रा ने दी। उन्हों बताया कि उपराष्ट्रपति जगदीश धनखड़ रविवार को आइआइटी आईएसएम के 43वें दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगे। उपराष्ट्रपति के आगमन को लेकर डीसी वरुण रंजन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन ने इस दिन धनबाद हवाई अड्डे पर विंग कमांडर कैप्टन नंबर 1 एम पालीवाल के नेतृत्व में एयरपोर्ट सेफ्टी लाइजन (एएसएल) (हवाईअड्डा सुरक्षा संपर्क) के मानकों के तहत भारतीय वायुसेना के तीन हेलीकॉप्टर का हवाई अड्डे पर लैंडिंग का रिहर्सल किया। इसके बाद जिला प्रशासन ने वायु सेना के अधिकारियों के साथ हवाई अड्डे के सभाकक्ष में बैठक की। जिसमें हवाई अड्डे की सुरक्षा, हेलीकॉप्टर की सुरक्षित लैंडिंग, पार्किंग, चिकित्सकों की टीम, एंबुलेंस एवं टेक ऑफ इत्यादि को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। वहीं भारतीय वायुसेना के अक्षत शर्मा के साथ चार सदस्यीय टीम शुक्रवार से उपराष्ट्रपति के आगमन से लेकर उनके प्रस्थान तक धनबाद में ही मौजूद रहेंगी। टीम प्रतिदिन हवाई अड्डे में सिक्योरिटी चेक, स्कैनिंग और अन्य सुरक्षा मानकों के तहत अपना कार्य करेगी। मौके पर डीसीएलआर सतीश चंद्रा, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) कमलाकांत गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर, एयरपोर्ट डेस्क ऑफिसर मिक्की सिन्हा आदि मौजूद थे।

## जमा पड़े 750 आवेदन, झरिया विधायक ने दो छात्राओं को दिया साइकिल योजना का चेक

**बस्ताकोला में सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन 180 का मौके पर ही निष्पादन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनसार।** झरिया के वार्ड नंबर 35 स्थित बस्ताकोला पुराना पंचायत भवन में शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने किया। शिविर में अबुआ आवास योजना, जाति, आय, जन्म, दिव्यांग प्रमाण पत्र संबंधित आवेदन, आयुष्मान कार्ड, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, राजस्व कार्य, 15वें वित्त से योजना चयन के लिए आवेदन, गुरुजी क्रेडिट कार्ड, सर्वजन पेंशन सहित स्वास्थ्य जांच शिविर से संबंधित कुल करीब 750 आवेदक शामिल हुए। शिविर में करीब 180 लाभुकों को तत्काल योजनाओं का लाभ दिया गया। वहीं, विधायक ने शिविर में ही दो छात्राओं को निःशुल्क साइकिल योजना के तहत 4500 रुपये का चेक प्रदान किया। अन्य विभागों से संबंधित कई शिकायतों का भी निपटारा किया गया और लंबित शिकायतों के लिए आवेदन जमा लिया गया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि केडी पांडेय, सूरज सिंह, सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक, अंचल अधिकारी राम सुमन प्रसाद, सिटी मैनेजर प्रेम प्रकाश, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारीद्वय लक्ष्मी वर्मा एवं लीला कुमारी उपाध्याय, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सुनील सिंह, राजन, संकुल साधनसेवी प्रवीण कुमार झा, रंजीत कुमार, पारस यादव, बबलू सिंह, सोराब अंसारी, नगर निगम/अंचल/ स्वास्थ्य कार्यालय के पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## मुस्कान हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में हुआ ऑडियो मैट्रि एवं स्पीच थेरेपी का शुभारंभ



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** शहर में पहली बार मरीजों के कान संबंधित समस्याओं की जांच के लिए मुस्कान हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर ने पहल करते हुए एक छत के नीचे ही सभी सुविधाओं को समाहित करते हुए अपने नए विभाग ऑडियो मैट्रि एवं स्पीच थेरेपी की शुरूआत की है। यहां जन्मजात बच्चे के कान की आंतरिक संरचना की जांच, बच्चों एवं वयस्कों के कान से सुनने की क्षमता की जांच बोलने और समझने में हो रहे परेशानियों का इलाज करने की भी व्यवस्था है। इतना ही नहीं यह प्रतिदिन सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे खुला रहता है। इस तरह की सुविधा के बोकारो में आने से यहां के मरीजों को शहर से बाहर जाकर जांच करने की परेशानी से निजात मिलेगी। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर मनोज श्रीवास्तव ने इसकी जानकारी दी।

## मुर्गा लदा वाहन पलटा, मालिक ने बेच दी 30 रुपये प्रति पीस मरी हुई मुर्गियां



**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** लोयाबाद-हटिया गोलाई में शुक्रवार को मुर्गा लदा वाहन पलट गया। वाहन पलटने से उसमें लदी 200 मुर्गियां मर गयी। वहीं, चालक और खलासी घायल हो गये। दोनों चालक और खलासी को इलाज के लिये नर्सिंग हो में भर्ती कराया गया। मुर्गियों के मालिक राजकुमार मंडल ने मरी मुर्गियों को 30 रुपये प्रति पीस बेचना शुरू कर दिया। इसना सस्ता मुर्गा बिक्री होने की जानकारी मिलते ही खरीदारों की भीड़ जमा हो गई। थोड़ी ही देर में मरे हुए सारे मुर्गे बिक गए। उसके बाद भी मुर्गे खरीदने के लिए लोग आते रहे। वहीं, राजकुमार मंडल ने बताया कि वाहन पलटने की घटना में उसका दो लाख 30 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। जिंदा बचे मुर्गों को वापस ले गया।

## सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए ग्रामीण जमा करें अपना आवेदन: बीडीओ

### भूमि संबंधी कार्यों का निष्पादन इमानदारी से करें कर्मचारी : सीओ

**गायछंदा पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर आयोजित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जैनामोड़/बेरमो।** गायछंदा पंचायत भवन सह मध्य विद्यालय में शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जरीडीह बीडीओ जयपाल महतो, सीओ प्रणव रितुराज, जरीडीह प्रखंड प्रमुख देवनारायण भगत, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अशोक कुमार मंडल, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष महादेव रवानी, सदस्य अकबर अंसारी, मुखिया सोनी कुमारी, पंसस वाहिद अंसारी (वकील अंसारी), जिला परिषद सदस्य सुनीता टुडू, जीपीएस मोहन लाल ठाकुर, जरीडीह प्रखंड बीइओ कामेश्वर प्रसाद महतो, जैनामोड़ विद्युत वितरण निगम के सहायक अभियंता जगदेव प्रसाद महतो, जैनामोड़ अस्पताल प्रभारी जीतेंद्र सिंह, विधायक के निजी सचिव विनोद महतो, राजेश कुमार सिंह, अयूब अंसारी और आयूष माथुर ने संयुक्त रूप से किया। सीओ ने कहा कि सरकार की महत्त्वपूर्ण योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर पर दिलाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। अपनी-अपनी जरूरत के अनुसार आवेदन जमा करें। वहीं, बीडीओ जयपाल महतो ने कहा कि जो आम जनता अपनी-अपनी समस्या को लेकर प्रखंड एवं अंचल मुख्यालय पर नहीं जा सकते हैं। उनकी समस्याओं की शीघ्र ही समाधान करने के लिए सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया है। अंचल अधिकारी श्रतुराज ने कहा कि विधालय के बच्चों को जाती प्रमाण पत्र बनवाने के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। इसका सरलीकरण के तहत बच्चों को जाती प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया गया। बीडीओ ने विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए समय पर काम करने का निर्देश दिया। कार्यक्रम में अबुआ आवास के 510, मनरेगा नया योजना के 13, मनरेगा जॉब कार्ड के 135, केसीसी के 7, फाइनेंस के 15 न 46, लगान के 40, दाखिल के 10, जाती प्रमाण पत्र के 93, आय के 10, आनलाईन पंजीयन सुधार के 5, पशुपालन के 35, जेएसएलपीएस कार्ड के 602, गुरु जी कार्ड के 80, श्रम विभाग के 27, आपूर्ति नियमित कार्ड के 102 का आनलाइन आवेदन जमा किया गया। कुछ योजनाओं को कार्यक्रम स्थल पर ही निष्पादित किया गया। बच्चों के बीच साईकिल क्रय के लिए चेक का वितरण, आनलाइन मोटेशन, पेंशन, राशनकार्ड जारी किया गया।

## स्कूली बच्चों के बीच पोशाक का वितरण

**नावाडीह/बेरमो (आजाद सिपाही)।** नावाडीह प्रखंड अंतर्गत बाराडीह पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बोदरो में मुखिया प्रदीप वर्मा एवं पंसस गायत्री देवी ने कक्षा एक व दो के कुल 37 बच्चों के बीच पैंट-शर्ट, स्वेटर व जूता वितरित किया। मुखिया ने कहा कि बाल विकास परियोजना सरकार की महात्वाकांक्षी योजना है, जिसका बच्चो को लाभ मिल रहा है। सरकार पोषाहार, छात्रवृति पोशाक आदि के साथ बेहतर शिक्षा देने का काम कर रही हैं।

## मुख्यमंत्री 11 को बोकारो के सोनाबाद में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में होंगे शामिल

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** झामुमो बोकारो जिला समिति की बैठक चास प्रखंड अंतर्गत सोनाबाद पंचायत सचिवालय में हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हीरालाल मांझी व संचालन बोकारो महानगर अध्यक्ष मंटू यादव ने किया। आगामी 11 दिसंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आगमन सोनाबाद हाई स्कूल मैदान में होगा। इसकी तैयारियों को लेकर बैठक की गई। झामुमो मुख्यमंत्री के भव्य स्वागत की तैयारी में है। जिला अध्यक्ष ने कहा जिले के हर गांव के कोने-कोने से लाभुक पहुंचेंगे। चूंकि यह सरकारी कार्यक्रम ( सरकार आपके द्वार) है इस लिए जिला प्रशासन अपने स्तर से तैयारी में लगा है। बावजूद इसके झामुमो अलग से तैयारी कर रही है। अपने स्तर से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। झामुमो से भी आमजनों से अपील होगी की ज्यादा से ज्यादा 11 तारीख को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में भाग लें और सरकार के विभिन्न योजनाओं का लाभ लें। बैठक में केंद्रीय सदस्य संतोष रजवार, जिला सचिव जयनारायण, वरिष्ठ नेता अखिलेश महतो उर्फ राजू, केंद्रीय सदस्य हसन महतो, जिला उपाध्यक्ष विजय रजवार, मोहन मुर्मू, अशोक मुर्मू आदि उपस्थित थे।


### जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा (जिला निर्वाचन शाखा)

**-: बोलेरो वाहन मासिक किराए पर रखने संबंधी अति अल्पकालीन निविदा :-**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 4070/ राँची दिनांक 03.10.2023 के द्वारा जिला निर्वाचन शाखा, कोडरमा में आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 एवं विधानसभा आम चुनाव 2024 से संबंधित कार्यों के प्रभावी ढंग से संपादन एवं निरीक्षण कार्य के उपयोग के लिए बोलेरो वाहन ड्राईवर सहित बाह्य स्त्रोत के आधार पर माह दिसम्बर 2024 तक रखने का आदेश निर्गत है।

उक्त के आलोक में जिला निर्वाचन शाखा, कोडरमा (स्थित समाहरणालय भवन, कोडरमा) में बाह्य स्त्रोत के माध्यम से एक बोलेरो वाहन डाईवर सहित अगले आदेश तक रखने हेतु द्विलिफाफा पद्धति के तहत निविदा आमंत्रित की जा रही है। इच्छुक एजेंसी जा संलग्न निविदा शर्त के अनुरूप बोलेरो वाहन, चालक सहित उपलब्ध कराने हेतु इच्छुक हो वे अपना निविदा जिला निर्वाचन शाखा, कोडरमा में दिनांक 21/12/2023 के पूर्वाहन 11.30 बजे तक जमा कर सकते हैं। निविदा उक्त तिथि को ही अपराह्न 01:00 बजे समाहरणालय सभाकक्ष, कोडरमा ( समाहरणालय भवन, कोडरमा) में खुलेगी जिसमें निविदादाता / उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति अनिवार्य होगी। निविदा से संबंधित विस्तृत शर्त जिला के अधिकारिक वेबसाईट www.koderma.nic.in पर उपलब्ध है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
-सह-उपायुक्त, कोडरमा।

PR.NO.313013 Election(23-24):D



### कार्यालय अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग

**-:आम सूचना:-**

एतत् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि खास महाल लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु झारखण्ड सरकार के विभागीय परिपत्रांक 5727/रा0, दिनांक 30.11.2017 के आलोक में वंशावली प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। उक्त परिपत्रांक के आलोक में निम्न लीजधारियों का वंशावली प्रमाण पत्र अंचल अधिकारी, सदर के कार्यालय से प्राप्त है।

अंचल अधिकारी, सदर द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि उक्त वंशावली प्रमाण पत्र विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्गत किया गया है, लेकिन खासमहाल की लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु उक्त वंशावली प्रमाण पत्र का सत्यापन अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग के स्तर से कराना आवश्यक प्रतीत होता है।

अतः उक्त के आलोक में खास महाल भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु प्रेस-विज्ञप्ति के माध्यम से वंशावली की आम सूचना प्रकाशित की जा रही है। यदि उक्त वंशावली के संबंध में किसी भी आम एवं खास को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सूचना प्रकाशन के पन्द्रह दिनों के अन्दर साक्ष्यों के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें। सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिनों बाद कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा।

बाबू सतीश चन्द्र घोष

- एस0पी0 घोष (मृत)
- शन्ति कुमार घोष (मृत)
- सुनील कुमार घोष (मृत) → सोमनाथ घोष
- सुशील कुमार घोष (मृत) → प्रोबीर घोष
- कमला बाला घोष (मृत) → दिलीप घोष

अनुमण्डल पदाधिकारी,
सदर, हजारीबाग

PR 313076 (District)23-24*D


## सीएसआइआर-सिंफर में आयोजित कौशल विकास कार्यक्रम का समापन

# रोजगार क्षमता में वृद्धि के साथ ही नवाचार और उद्यमशीलता को भी मिलेगी प्रेरणा : प्रो अरविंद

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** सीएसआईआर-सिंफर की ओर से सीएसआईआर एकीकृत कौशल पहल के तहत पांच दिवसिय कौशल विकाश सह उद्यमिता विकाश कार्यक्रम एनआइओटी बेस्ड ऑटोमेशन फॉर एनर्जी इफिशियंट माइनिंग सिस्टम का समापन शुक्रवार को हुआ। जिसका उद्देश्य प्रासंगिक क्षेत्रों में रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए छात्रों में कौशल विकास के साथ उद्यमिता की सोच विकसित करना था। कार्यक्रम का समापन समारोह सिंफर सीएसआईआर के निदेशक प्रो अरविंद कुमार मिश्रा द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से प्राप्त उपकरणों और तकनीकों के संपर्क से न केवल रोजगार क्षमता बढ़ेगी, बल्कि नवाचार और उद्यमशीलता को भी प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कार्यक्रम के बारे में छात्रों की प्रतिक्रिया जानी। कार्यक्रम मुख्य वैज्ञानिक एवं प्रमुख मानव संसाधन विकास के दिलीप कुंभकार के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बहुमूल्य इनपुट एवं सुझाव प्रदान किए। उन्होंने कहा कि हमें समग्र कौशल वातावरण के महत्वपूर्ण घटकों के रूप में अपस्किलिंग और रीस्किलिंग को अपनाना जारी रखना चाहिए, जिससे हमारे युवाओं को आने वाले व्यापक सामाजिक-आर्थिक बदलाव के लिए तैयार किया जा सके। वरिष्ठ तकनीशियन एवं कार्यक्रम समन्वयक डॉ शंखजीत मित्रा ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं, इंडियन साइबर सिक्योरिटी सोलूशन्स कोलकाता के सीईओ अभिषेक मित्रा ने कहा कि हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाने से बेहतर रोजगार के लिए उनकी शिक्षा में मूल्य वृद्धि होगी और उन्हें नवाचार और उद्यमिता की ओर भी प्रेरित किया जा सकेगा। कार्यक्रम में एनआईटी रायपुर, बीआईटी सिंदरी, यूसीईटी, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग, गुरु गोबिन्द सिंह एजुकेशनल सोसाइटीज टेक्निकल कैम्पस, बोकारो स्टील सिटि, टेकनो इंडिया यूनिवरसिटि, कोलकाता एवं वीआई टी, वेल्लोर के 21 छात्रों एवं सिंफर के 07 अधिकारियों एवं परियोजना सहयोगियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में सीएसआईआर-सिंफर के विभिन्न विभागों के कर्मियों ने सफल आयोजन में सक्रिय रूप से योगदान दिया। अंत में सभी प्रतिभागियों को एक सर्टिफिकेट व समृति चिन्ह प्रदान किया गया।

## लोयाबाद में घर के बाहर से वाहन चोरी, दूसरे वाहन की चोरी का प्रयास भी

**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र में एक ही रात में दो अलग-अलग जगहों पर अपराधियों ने दस्तक देकर दो बड़ी घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती दे डाली। एकड़ा से किराना व्यवसायी संतोष साव का पिकअप वैन चोरी कर लिया। वहीं, सेंद्रा से खुर्शीद अलाम का टाटा सूमो चोरी करने का प्रयास किया। दोनों घटना गाड़ी मालिक के घर के बाहर से हुई। दोनों घटना में पुलिस से लिखित शिकायत की गई है। पहली घटना एकड़ा में घटित हुई। किराना व्यवसायी संतोष साव का पिकअप चोरी कर लिया। संतोष ने बताया कि देर रात 2.30 बजे नींद खुली तो देखा कि गाड़ी खड़ी थी। पर शुक्रवार की सुबह जब उठा तो वैन घर के बाहर से चोरी हो गई थी। दूसरी घटना सेंद्रा की है। यहां खुर्शीद अलाम का टाटा सूमो को चोरी करने का प्रयास किया। गाड़ी स्टार्ट नहीं हुई इसलिए चोरी होने से बच गयी। खुर्शीद ने बताया कि सुबह चार बजे नींद खूली तो वाहन के पीछे का शीशा टूटा पाया था।


### कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग

**जलाशय स्तरीय स्थानीय मत्स्यजीवी सहयोग समिति अथवा विस्थापितों के SHG ग्रुप से दिनांक 23.12.2023 तक प्रस्ताव की मांग**

हजारीबाग जिला अन्तर्गत जलाशयों के स्थानीय/विस्थापितों को मछली पालन से जोड़ने तथा आर्थिक उन्नयन के लिए विभागीय संकल्प सं0 1575 दिनांक 09.11.2017 के आलोक में जल संसाधन विभाग के नियंत्रणाधीन एवं जल संसाधन विभाग द्वारा जिला मत्स्य कार्यालय, हजारीबाग को उपलब्ध कराये गये जलाशयों की सूची यथा (1) टाटीझरिया प्रखण्ड अंतर्गत बौधा जलाशय, (2)केरेडारी प्रखण्ड अंतर्गत घाघरा जलाशय एवं (3) कटकमदाग प्रखण्ड अंतर्गत गोंदा जलाशय की बंदोबस्ती स्थानीय मत्स्यजीवी सहयोग समितियों अथवा विस्थापितों के SHG के साथ वर्ष 2023-24 से दस वर्षो के लिए किया जाना है। उक्त जलाशयों की बंदोबस्ती हेतु पूर्व में प्रकाशित सभी विज्ञापन में आंशिक संशोधन के साथ पुनः प्रस्ताव की मांग की जा रही है। संशोधित प्रस्ताव में विभागीय संकल्प 1575 दिनांक 09.11.2017 के आलोक में ही मान्य होगा। इसके अतिरिक्त पूर्व से जलाशय बंदोबस्ती हेतु प्राप्त प्रस्ताव एक से अधिक रहने के कारण मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड, रॉची के पत्रांक 1546 दिनांक 08.09.2023 के आलोक में आपसी मतैक्य से केन्द्रीय समिति का गठन कराते हुए बंदोबस्ती किये जाने का मन्तव्य प्राप्त है। अतः विभागीय संकल्प एवं केन्द्रीय समिति हेतु यदि संभव हो तो इस विज्ञापन के माध्यम से उपरोक्त जलाशयों पर गठित समितियों/SHG ग्रुप सम्मलित कर एक प्रस्ताव कार्यालय में बंदोबस्ती हेतु जमा कर सकते है। तदोपरांत विभागीय संकल्प सं0 1575 दिनांक 09.11.2017 एवं विभाग से प्राप्त दिशा निर्देश के आलोक में नियत टोकन मनी पर बंदोबस्ती की प्रक्रिया अपनाई जा सकें। यह प्रस्ताव एक जलाशय पर एक से अधिक प्रस्ताव रहने पर ही मान्य होगा।

ह0/-
जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग।

PR.NO.313074 Fish(23-24):D

